हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित


Page 11



खेल

## स्मृति मंधाना ने 1434 रन जड़कर मचाई खलबली, वर्ल्ड क्रिकेट में ठोका बड़ा दावा

Page 10



देश

## नेशनल गेम्स : वॉलंटियर बनने का क्रेज, तैयारी तेज, दस हजार पहुंचने वाला है...



कृष्ण पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 19 दिसम्बर 2024 • वर्ष 27 • अंक 12 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 77,840 | ₹92,500 |



### आज का इतिहास

- **1860** : भारत के 1848 से 1856 तक गर्वनर जनरल रहे लार्ड डलहौजी का ब्रिटेन में निधन हुआ।
- **1934** : भारत की 12वीं राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का जन्म महाराष्ट्र के जलगांव में हुआ।

### न्यूज बाइट्स

#### राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे देश से शामिल हुए 75 शोध पत्र

**पटना (नि.सं.)।** राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय सिवान में होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में पूरे देश से 75 शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इन शोध पत्रों में कुछ शोध पत्र एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय से प्राप्त हुए हैं,जबकि बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेज से भी शोध पत्र प्राप्त हुए हैं। इन सभी शोध पत्रों का प्रजेंटेशन 22-23 दिसंबर, 2024 को राष्ट्रीय गणित दिवस एवं राष्ट्रीय सम्मेलन के उपलक्ष्य पर कराया जाएगा। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य और इस राष्ट्रीय सम्मेलन के संयोजक ने बताया कि हमारे छात्र-छात्राएं इस तरीके के राष्ट्रीय कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत कुछ सीखेंगे जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। इन सभी शोध पत्रों का प्रजेंटेशन ऑफलाइन और ऑनलाइनों दोनों हीं मोड में किया जाएगा। जीईसी सिवान के सभी छात्र-छात्राओं के लिए यह प्रेजेंटेशन ऑफलाइन मोड में किया जाएगा, जबकि कॉलेज के बाहर के छात्र-छात्राओं के लिए यह प्रेजेंटेशन ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। इनमें से कुछ शोध पत्रों को इंटरनेशनल पीयर रिव्यूएड जरनल में प्रकाशित भी किया जाएगा।

#### बिहार में पशुओं के बांझपन को दूर करेंगे चिकित्सक

**बिहारशरीफ (नालंदा) (नि.सं.)।** बिहारशरीफ के पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। बिहारशरीफ जिले के सभी प्रखंड में शिविर लगाकर चिकित्सक पशुओं में होने वाले बांझपन के कारण और इसके निवारण के उपाय बताएंगे, इसके साथ ही डॉक्टरों की टीम पशुओं के बांझपन की बीमारी को ठीक करने के लिए इलाज भी करेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर पशुपालक धैर्य के साथ इस बीमारी का इलाज कराएंगे तो बांझपन ठीक हो जाता है।

#### पटना शहर में बड़े वाहनों की एंट्री का समय बदला

**पटना (नि.सं.)।** पटना के बाहरी इलाकों के लिए ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। दरअसल, हाजीपुर(वैशाली) से बड़ी संख्या में ट्रक गांधी सेतु होकर पटना पहुंचता है। इस वजह से न्यू बाईपास, जीरो माईल, जगनपुरा, सिपारा पुल, बेउर मोड़ समेत कई इलाकों में जाम लग जाता है। इस वजह से ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने ट्रैफिक में किया है। बड़े वाहनों (ट्रक) को जीरो माईल से पश्चिम पटना शहरी क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए समय निश्चित किया गया है। बड़े वाहन (ट्रक) रात 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक प्रवेश कर सकेंगे।

#### विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन जरूरी : बिरला

**नई दिल्ली (ए.)।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाने का आह्वान किया है। श्री बिरला ने बुधवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित मिशन 'लाइ" - पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली के साथ इस चुनौती से निपटने में भारत सबसे आगे है।

# बिहार के महत्वपूर्ण शहरों में स्थापित होंगे मौसम विज्ञान केंद्र : सम्राट चौधरी

निज संवाददाता | पटना



**आपदा प्रबंधन की समग्र व्यवस्था विकसित**

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार में हमारे पास मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है, इसलिए अब हम नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाली बाढ का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं। कहा कि 100 साल पहले हमारे किसान बादल और हवा का रुख देख कर मौसम का अनुमान लगाते थे लेकिन उपग्रह तकनीक और अन्य प्रणालियों को विकसित कर आज हम दुनिया में एक्यूरेट सिस्टम पर आ गए हैं। अब चक्रवात, वर्षा, सर्दी, बर्फवारी, लू-गर्मी आदि की सटीक जानकारी पहले से देकर लोगों की रक्षा की जा रही है।

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बिहार में हमारे पास मौसम पूर्वानुमान और आपदा प्रबंधन की एक समग्र व्यवस्था विकसित हो चुकी है, इसलिए अब हम नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र से आने वाली बाढ का बेहतर प्रबंधन कर पाते हैं। जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर नए एरोड्रोम मौसम विज्ञान कार्यालय और नई स्थापित स्वचालित मौसम अवलोकन प्रणाली (एडब्ल्यूओएस) का शुभारंभ हो गया है। इससे विमान सेवा को काफी फायदा मिलेगा। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने पटना एयरपोर्ट पर इसका उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य के महत्वपूर्ण शहरों में मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित होंगे, जिससे जनता को मिलेगी सटीक जानकारी। अभी बिहार में केवल पांच नियमित सतहीय वेधशालाएं (पटना, गया, भागलपुर, पूर्णिया, और वाल्मीकिनगर) कार्यरत हैं, लेकिन राज्य सरकार इनकी संख्या बढ़ाने और अन्य शहरों में नई सतहीय वेधशाला- सह- मौसम विज्ञान केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्रों की संख्या बढने से न केवल राज्य में मौसम की भविष्यवाणी को और अधिक सटीक बनाया जा सकेगा, बल्कि नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। राज्य में इन प्रयासों से मौसम विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति होगी और जनता को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। 2008 में जब नेपाल के रास्ते दो लाख क्यूसेक पानी बिहार की कोसी तथा सहायक नदियों में आया था,तब हम बाढ की तबाही से ध्वस्त हो गए थे। पूरा मिथिला डूब गया था, लेकिन 2024 में 6.5 लाख क्यूसिक पानी आने पर भी हम ध्वस्त नहीं हुए। यह मौसम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के साझा प्रयास से सम्भव हुआ।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि बिहार में विभिन्न तरह के आपदाएं देखने को मिलते हैं। हमलोग पिछले पांच साल में 40 फीसदी सरकता के साथ इसकी भविष्यवाणी कर रहे हैं। हमलोग का लक्ष्य इसे और आगे बढ़ाना है। बिहार में दो तरह की बाढ़ आती है। एक बारिश से और दूसरा नेपाल से। हमलोग सैटेलाइट में जरिए इसके पूर्वानुमान की कोशिश करते हैं। जल्द ही एक डॉप्लर रडार पूर्णिया और एक दरभंगा में लगने वाला हा। इसके अलावा मालदा और वाराणसी में भी डॉप्लर रडार लगाने जा रहा है। इससे बिहार मौसम विभाग को काफी फायदा मिलेगा। मौसम विभाग की मानें तो इस आयोजन का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख भागीदारों को एकत्रित करना था। जिसमें सरकारी एजेंसियां, कृषि, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और अन्य संबंधित क्षेत्र शामिल थे।

### जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

# बाढ़ नियंत्रण के लिए मांगे 6650 करोड़

- मंत्री ने बताया कि 27 से 30 सितंबर 2024 के बीच नेपाल में अत्यधिक वर्षा हुई, जिसके कारण वहां की प्रमुख नदियों (गंडक, बागमती, कोशी, महानंदा) का जलस्तर अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया।

निज संवाददाता | पटना



बिहार ने केन्द्र सरकार से बाढ़ नियंत्रण से संबंधित 6650.33 करोड़ की योजनाओं को मंजूरी देने का अनुरोध किया है। इस संबंध में बुधवार को जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात कर उन्हें मांगपत्र सौंपा। इस दौरान जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद एवं जल संसाधन संबंधी स्थाई संसदीय समिति के सदस्य संजय कुमार झा भी मौजूद रहे। चौधरी ने वित्त मंत्री को सौंपे पत्र में कहा है कि 2024-25 के बजट भाषण में कहा गया था कि बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई हेतु त्वरित लाभ सिंचाई योजना (एआईबीपी) एवं अन्य संसाधनों से बाढ़ प्रबंधन, बराज निर्माण एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं के लिए केन्द्र सरकार बिहार को 11 हजार 500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देगी। इसी आधार पर उन्होंने प्रथम चरण में बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कुल 6650.33 करोड़ की प्रस्तावित योजनाओं की अविलम्ब स्वीकृति के लिए संबंधित प्राधिकार को आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया, ताकि ससमय इन योजनाओं का कार्यान्वयन किया जा सके।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि 27 से 30 सितंबर 2024 के बीच पूरे नेपाल में अभूतपूर्व वर्षापात के कारण वहां से आने वाली सभी नदियों यथा गंडक, बागमती, कोशी, महानंदा आदि के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि हुई। इस दौरान उच्चतम जलस्तर के सारे रिकॉर्ड टूट गए। कोसी एवं गंडक में तो अनेक स्थानों पर लंबी दूरी में तटबंधों के ऊपर से बाढ़ का पानी बह गया।

मंत्री ने कहा कि पहली बार यह अनुभव हुआ कि इन नदियों पर पूर्व से निर्मित तटबंध प्रणाली अब पूरी तरह सुरक्षित नहीं रह गई है। इसके दो प्रमुख कारणों में पहला जलवायु परिवर्तन के कारण नेपाल में अधिक वर्षा एवं वहां से आने वाली नदियों से अत्यधिक जलस्राव एवं दूसरा इन नदियों में लगातार जमा हो रही गाद के कारण नदी तल ऊंचा होने से इनकी जल संग्रहण क्षमता में कमी होना है। बाढ़ अवधि में जल का फैलाव अधिक होता है। आने वाले समय में इस स्थिति के और भी बदतर होने की आशंका है। उन्होंने पत्र में कहा है कि राज्य की आबादी तथा जानमाल को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए पूर्व से निर्मित प्रमुख तटबंधों को प्राथमिकता के आधार पर उच्चीकरण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण अति आवश्यक है। इस क्रम में रीवर मैनेजमेंट इन बॉर्डर एरिया के तहत कुल 2147.58 करोड़ की तथा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के तहत कुल 4502.75 करोड़ रुपये की योजनाओं की डीपीआर जल शक्ति मंत्रालय में समर्पित की जा चुकी हैं।

## अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं की समीक्षा बैठक, तेजी लाने का निर्देश

निज संवाददाता | पटना

**छात्रावासों की क्षमता बढ़ाने पर दिया गया जोर**

सभी जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों को अपने जिलों में संचालित छात्रावासों में छात्रों का नामांकन बढ़ाकर उन्हें उनकी पूर्ण आवासन क्षमता पर संचालित करने का निर्देश दिया गया। यह कदम छात्रों के लिए आवासीय सुविधाओं में सुधार लाने के उद्देश्य से किया गया।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार के सचिव की अध्यक्षता में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जिलों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान बांका, भोजपुर, गोपालगंज, औरंगाबाद, अररिया और समस्तीपुर जिलों को अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए शीघ्र उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। यह कदम शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उठाया गया है। पटना, पश्चिम चंपारण, नालंदा, बक्सर और सिवान जिलों में श्रमशक्ति योजना के तहत अधिकतम प्रशिक्षुओं के आवेदन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इसका उद्देश्य इन जिलों में स्थापित प्रशिक्षण केंद्रों में समयबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना है। अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता और तलाकशुदा महिला सहायता योजना का प्रचार-प्रसार बढ़ाने और आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर महिलाओं को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत निर्मित और निर्माणाधीन संरचनाओं के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही लंबित योग्यता प्रमाण पत्र और विस्तृत परियोजना प्रस्ताव जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा गया।

## भोजपुरी के शेक्सपियर भिखारी ठाकुर की जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

निज संवाददाता | खगौल (पटना)



खगौल में बुधवार को भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर की जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंथन कला परिषद के कार्यालय में हुए इस आयोजन में भिखारी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आरंभ उनके लिखे प्रसिद्ध गीतों की प्रस्तुति से हुआ, जिससे पूरे वातावरण में सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार हुआ। मंथन कला परिषद के महासचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने भिखारी ठाकुर को याद करते हुए कहा कि वे केवल एक लेखक या नाटककार नहीं, बल्कि समाज सुधारक भी थे। उन्होंने अपनी लोकशैली और रचनात्मकता के माध्यम से गांव-देहात की समस्याओं, कुरीतियों और असमानताओं को उजागर किया। भिखारी ठाकुर ने 'बिदेसिया', 'गबर घिचोर', 'नाई-बहार', जैसे नाटकों से समाज को आईना दिखाने का काम किया। उनकी रचनाओं में ग्रामीण जीवन की सादगी और उसमें छिपी जटिलताएं बेहद प्रभावी तरीके से सामने आती हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी नीरज कुमार ने बताया कि भिखारी ठाकुर की प्रसिद्ध रचना 'गबर घिचोर' पर आधारित नाटक का मंचन 20 दिसंबर को पटना के प्रेमचंद रंगशाला में किया जाएगा। नाटक का निर्देशन मंथन कला परिषद के महासचिव प्रमोद कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। नाटक में स्थानीय और बाहरी कलाकारों की भागीदारी रहेगी। नीरज कुमार ने कहा कि इस नाटक का उद्देश्य भिखारी ठाकुर की कला और उनके समाज सुधारक दृष्टिकोण को व्यापक स्तर पर पहुंचाना है। इस अवसर पर कलाकार अमन कुमार, रोहन राज, प्रीतम कुमार, कामेश्वर आजाद, दिनानाथ गोस्वामी, हेमा राज और अमरजीत शर्मा सहित कई कलाकार और साहित्य प्रेमी उपस्थित थे। घर आंगन संस्था की महिलाओं ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर इसे विशेष स्वरूप दिया। भिखारी ठाकुर की रचनाओं के महत्व को रेखांकित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके नाटक आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उनके नाटकों में न केवल मनोरंजन है, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर करने वाली गहरी समझ और जागरूकता भी है।

## पांच करोड़ की ठगी करने वाले पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता | पटना

पटना साइबर पुलिस ने 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी पटना के रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र से हुई है। लोगों को लोन देने के नाम पर ठगी का शिकार बनाते थे। अब तक दो हजार लोगों से करीब 5 करोड़ की ठगी की है। पकड़े गए अपराधियों में एक बिहार और 4 तेलंगाना के रहने वाले हैं। सभी से पूछताछ कर जेल भेजा जा रहा है। पटना साइबर थाने के थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि साइबर पुलिस को कुछ नंबर मिले थे। उन नंबरों से लोगों को लोन देने का झांसा देकर पैसा ठगी करने की शिकायत मिल रही थी। साइबर पुलिस ने नंबरों को ट्रैक करना शुरू किया। कुछ नंबर बाद में बंद हो गए। लेकिन, एक नंबर लगातार चालू रहा। इसको ट्रैक कर पुलिस ने रामकृष्णा नगर थाना क्षेत्र के डीवाई पाटिल स्कूल के पीछे एक घर के पांचवे फ्लोर से सभी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सरगना गोपाल कुमार उर्फ राहुल ने बताया कि रिलायंस कंपनी और बजाज फाइनेंस के नाम पर लोन दिलाने के लिए फेंक ऐड बनाकर फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भेजते थे। इसमें हमारा मोबाइल नंबर होता है। लोन लेने के लिए जो आदमी हमें फोन करता है, उसको अपने झांसे में लेते थे। फिर उससे लोन प्रॉसेसिंग और जीएसटी के नाम पर 15 से 20 हजार तक लेते थे। पटना साइबर थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि इनके पास से बरामद लैपटॉप और मोबाइल में 2000 से ज्यादा लोगों के डॉक्यूमेंट मिले हैं। इन लोगों ने अभी तक लगभग 5 करोड़ की ठगी की है। गिरफ्तार आरोपियों में गोपाल कुमार उर्फ राहुल नालंदा, गुट्टा शिवाकुमार तेलंगाना, मारूती तेलंगाना, वारला सुपाकर तेलंगाना और पी० विकम तेलंगाना शामिल हैं। इनके पास से 13 मोबाइल, 1 लैपटॉप और 3 स्टाम्प के साथ 5 एटीएम बरामद हुआ है।

## 2025 में जनगणना, बिहार में तैयारी शुरू

### बिहार की 15 सालों में जितनी आबादी बढ़ी, उससे कम दुनिया के 160 देशों की जनसंख्या

निज संवाददाता | पटना

**ईबी के गठन का आधार**

वर्ष 2011 में जनगणना हुई थी। इसको ही अधार मानकर गणना ब्लॉक गठन का काम चल है। शहरी इलाके में ईबी की संख्या बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्र के मुकाबले कम बढ़ोतरी हुई है। एक गणना ब्लॉक में 100 से 150 घरों को शामिल किया जाएगा। एक गणना प्रगणक को चार से 5 ईबी में जनगणना की जिम्मेवारी होगी। इसको डिजिटल फॉर्म में अपडेट किया जाएगा।

बिहार में 2025 में होने वाली जनगणना की तैयारी शुरू हो गई है। अभी डिजिटल प्रगणक ब्लॉक (ईबी) बनाने का काम चल रहा है। जनगणना कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक राज्य के जिला मुख्यालयों में शहरी क्षेत्र का तेजी से विस्तार हुआ है। 14 साल पहले हुई जनगणना की तुलना में शहरी क्षेत्रों में ईबी की संख्या बढ़ेगी। अब तक शहरी क्षेत्र में डिजिटल मैपिंग के जरिए ईबी बनाने का काम करीब 85% पूरा हो गया है। ग्रामीण इलाकों में तेजी से पंचायत स्तरीय वार्ड में ईबी गठन का काम हो रहा है। एक बार डिजिटल मैपिंग के जरिए ब्लॉक का गठन होने के बाद जगह का निरीक्षण शुरू होगा ताकि, किसी तरह की गड़बड़ी की संभावना नहीं रहे। राज्य में होने वाली जनगणना में 5 लाख कर्मी लगेंगे। आंकड़े के मुताबिक, बिहार में बीते 15 साल में जितनी आबादी बढ़ी है। उससे कम दुनिया के 160 देशों की आबादी है। जनगणना की तैयारी तेजी से चल रही है ताकि केंद्र सरकार की ओर से तारीख घोषित होते ही बिहार में समय पर काम पूरा हो सके। -एम रामचंद्रुडु, जनगणना निदेशक हालांकि, जनगणना की तारीख तय नहीं है। जनगणना कागज और डिजिटल दोनों से होगी। वहीं 2035 में होने वाली जनगणना पूरी तरह डिजिटल फॉर्मेट में होगी।

देश में पहली बार 1881 में जनगणना हुई थी। 1881 से 2011 तक प्रत्येक 10 साल पर जनगणना होती रही। 2021 में जनगणना होनी थी। लेकिन, कोविड के कारण नहीं हुई।जाति आधारित गणना के अनुसार बिहार की जनसंख्या 13.07 करोड़ है। इसमें करीब 5 लाख कर्मियों को लगाया गया था। जनगणना में महिला-पुरुष, युवा-बच्चे की जानकारी मिलने के साथ आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलेगी। बिहार में बीते 15 वर्षों में जितनी आबादी बढ़ी है। उससे कम दुनिया के 160 देशों की आबादी है। अगर बिहार एक देश होता तो दुनिया में आबादी की दृष्टि से 10वें नंबर पर होता।

## असिस्टेंट इंजीनियर के 118 पदों के लिए रिटेन एग्जाम

पटना। बीपीएससी की ओर से आयोजित असिस्टेंट इंजीनियर के 118 पदों के लिए लिखित परीक्षा हुए। जिसमें 23562 परीक्षार्थी शामिल हुए। पटना में 24 सेंटर बनाए गए थे। इसमें बापू सेंटर पर शामिल था। सिविल में 113 और मैकेनिकल में 5 पदों पर भर्ती होनी है। ।बापू परीक्षा परिसर में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) और मेडिकल टीम को तैनात किया गया था। एग्जाम तीन शिफ्ट में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक चली। जिसमें सबसे पहले सामान्य अंग्रेजी की परीक्षा 10 से 11 बजे, सामान्य हिंदी 11.30 से 12.30 बजे और सामान्य अध्ययन 1 से 2 बजे तक हुई। जबकि 19 दिसंबर को असैनिक और यांत्रिक से जुड़े विषयों की परीक्षा होगी। कैंडिडेट्स को एग्जाम शुरू होने से एक घंटा पहले तक एंट्री दी गई।

## बिहार में ग्रामीण सड़कों की देखभाल के लिए आज सीएम करेंगे 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप लॉन्च



निज संवाददाता | पटना

**63,000 किलोमीटर सड़कों की निगरानी**

ऐप बिहार के सभी प्रखंडों की 63,000 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की सूची प्रदान करेगा, जिससे उपयोगकर्ता अपनी शिकायतें आसानी से दर्ज कर सकेंगे। यह प्रक्रिया न केवल पारदर्शी होगी बल्कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे के रखरखाव में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना स्थित संकल्प सभागार में 'हमारा बिहार हमारी सड़क' मोबाइल ऐप का लोकार्पण करेंगे। ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत विकसित इस एंड्रॉयड आधारित ऐप का उद्देश्य राज्य की ग्रामीण सड़कों की स्थिति में सुधार लाना और उनकी देखभाल में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है। यह ऐप आम नागरिकों को ग्रामीण सड़कों की समस्याओं जैसे गड्ढे, क्षतिग्रस्त किनारे, और अन्य मरम्मत संबंधी मुद्दों को सीधे संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का मंच प्रदान करेगा। इसके माध्यम से उपयोगकर्ता अपने प्रखंड की सड़कों का चयन कर, गड्ढों या अन्य समस्याओं की रिपोर्ट फोटो के साथ दे सकते हैं। शिकायत दर्ज होने के बाद अधिकारी समय सीमा के भीतर समस्या का समाधान करेंगे और समाधान की स्थिति ऐप पर अपडेट की जाएगी। समस्या हल होने के बाद मरम्मत स्थल की तस्वीर भी ऐप पर अपलोड की जाएगी। 'हमारा बिहार हमारी सड़क' ऐप से ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। इसके जरिए सरकार और जनता के बीच संवाद भी मजबूत होगा। यह ऐप राज्य के सड़क बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने और विकास में तेजी लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध

यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड कर उपयोगकर्ता अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसके माध्यम से नागरिक न केवल अपनी समस्याओं को साझा कर सकेंगे, बल्कि बिहार की सड़कों को बेहतर बनाने में योगदान भी दे सकेंगे।


### संविधान संशोधन विधेयक पर सियासी जंग, अमल में लग सकता है एक दशक

# एक देश-एक चुनाव पूरी तरह लागू होने में 2034 तक का लग सकता है समय

एजेंसी | नई दिल्ली

**क्या करेगी जेपीसी?**

एक देश-एक चुनाव से संबंधित आठ पेज के इस बिल में जेपीसी को अच्छा खासा होमवर्क करना होगा। संविधान के तीन अनुच्छेदों में परिवर्तन करने और एक नया प्रावधान जोड़ने की पेशकश की गई है। दरअसल, अनुच्छेद 82 में नया प्रावधान जोड़कर राष्ट्रपति द्वारा अपॉइंटेड तारीख पर फैसले की बात कही गई है। बता दें कि अनुच्छेद 82 जनगणना के बाद परिसीमन के बारे में है।



केंद्र सरकार ने 'एक देश-एक चुनाव' के तहत एक बड़ा कदम उठाते हुए मंगलवार को संविधान का 129वां संशोधन विधेयक और एक अन्य विधेयक लोकसभा में पेश किया। हालांकि, विपक्ष ने इस कदम को तानाशाही बताते हुए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की मांग की। सरकार ने संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की चुनौती और विपक्षी दबाव को ध्यान में रखते हुए विधेयकों को जेपीसी को भेजने पर सहमति जता दी। गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कहा कि जब यह विधेयक कैबिनेट के सामने लाया गया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे जेपीसी के पास भेजने का सुझाव दिया था। अब संविधान संशोधन विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक जेपीसी को भेजे जाएंगे। जेपीसी में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे, जिनकी संख्या संसद में दलों की ताकत के आधार पर तय होगी। संभावना है कि भाजपा, बतौर सबसे बड़ी पार्टी, अध्यक्ष पद पर कब्जा कर सकती है।

संविधान संशोधन जैसे अहम विधेयकों को अंतिम रूप देने में लंबा समय लग सकता है। विश्लेषकों के अनुसार, 2025 तक जेपीसी इन विधेयकों को तैयार कर सकती है, जिसके बाद यह फिर 2026 में संसद में पेश होंगे। विधेयक पारित होने के बाद इसे लागू करने के लिए व्यापक तैयारी की आवश्यकता होगी। चुनाव आयोग को 'एक देश-एक चुनाव' के लिए 46 लाख ईवीएम की जरूरत होगी, जबकि फिलहाल उसके पास केवल 25 लाख मशीनें हैं। इनमें से 15 लाख मशीनें अगले 10 वर्षों में अपनी कार्य अवधि पूरी कर लेंगी। ऐसे में 2034 से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी करना मुश्किल हो सकता है। सरकार ने विधेयक में इस बात का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया है कि यह कब से लागू होगा।

राष्ट्रपति की अधिसूचना के जरिए इसे प्रभावी किया जाएगा, लेकिन समयसीमा पर सस्पेंस बरकरार है। अगर यह विधेयक 2029 तक लागू होता है, तो पहले लोकसभा चुनाव के बाद सभी विधानसभाओं का कार्यकाल समायोजित करने की चुनौती होगी। इस प्रक्रिया के तहत, सभी विधानसभाओं का कार्यकाल लोकसभा के साथ मिलाकर 2034 तक पूरा किया जाएगा।

## यात्रियों से भरी नाव समुद्र में पलटी, 3 नौसैनिक समेत 13 लोगों की मौत



एजेंसी | नयी दिल्ली

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां पर एक यात्रियों के भरी नाव की टक्कर बीच समुद्र में नेवी के स्पीड बोट से हो गई। टक्कर के बाद यात्रियों से भरी नाव समुद्र में ही पलट गई। इस हादसे में 13 लोगों की जान गई है। वहीं, रेस्क्यू का काम जारी है। बता दें कि घटना के तुरंत बाद नाव में सवार लोगों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। नौसेना, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए), तटरक्षक बल, येलो गेट पुलिस स्टेशन और स्थानीय मछुआरों की मदद से लोगों को बचाने का प्रयास किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगी के शिकार हुए पीड़ितों को शीघ्र रकम वापस कराने का निर्देश

**गया**। एसएसपी आशीष भारती ने मंगलवार को साइबर थाना में लंबित कांडों की समीक्षा की। एसएसपी ने सभी अनुसंधानकर्त्ताओं को कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट और कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित करने एवं लंबित सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्त्ताओं के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त साइबर धोखाधड़ी के मामलों में होल्ड कराई गई राशियों का सत्यापन कर पीड़ित पक्ष को शीघ्र रकम वापस कराने के निर्देश भी दिए गए।

### लोक शिकायत के 32 मामलों की सुनवाई

**गया**। लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 द्वितीय अपील के तहत डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कुल 32 मामलों की सुनवाई की। जिसमें कुछ मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। बेलागंज थाना स्थित खनेटा गांव के रहने वाले बाल्मीकि यादव ने एनएच 83 पर बने नाला पर ईट रखकर रास्ता अवरुद्ध करने के संबंध में वाद दायर किया गया था। इसपर सुनवाई के क्रम में डीएम ने जिला परिषद भूमि होने के कारण सक्षम न्यायालय में जाने का निर्देश वादी को दिया। अरविंद कुमार, गांव-मीठापुर, प्रखंड-गुरारू ने भूमिहीन महादलित परिवार को 5 डिसमिल भूमि वितरण करने के संबंध में परिवाद दायर किया था। इसमें अंचल अधिकारी, गुरारू को 15 दिनों के अंदर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। टिकारी थाना के तीताईगंज के रहने वाले विमल किशोर द्विवेदी ने मनमाने ढंग से विद्युत विपत्र जारी कर आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के संबंध में वाद दायर किया गया था। इसपर डीएम ने वादी को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ता फोरम, बिजली विभाग में वाद दायर करें।



### एआई में पाठ्यक्रम से छात्रों को भविष्य की नौकरियों के लिए करेंगे तैयार : वीसी

**बोधगया**। मगध विवि युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकी शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन एआई के माध्यम से हम न केवल छात्रों को भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार करेंगे, बल्कि बिहार के विकास में भी योगदान देंगे। इसी प्रगति को ध्यान में रखते हुए मगध विश्वविद्यालय ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का प्रस्ताव मंगलवार को संबंधन समिति में रखा गया। प्रस्ताव के दौरान कुलपति प्रो एसपी शाही ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे विषयों में शोध और शिक्षण के अवसर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान करने में सहायक सिद्ध होंगे। यह पहल विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और तकनीकी बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी तथा बिहार को तकनीकी नवाचार का केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह सेंटर न केवल बिहार के छात्रों के लिए एक नई दिशा खोलेगा बल्कि राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव लाने की क्षमता रखता है। आईआईटी पटना तैयार करेगा डीपीआर 21वीं सदी में वैश्विक अर्थव्यवस्था को ज्ञान-आधारित बनाने के संदर्भ में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति माना जा रहा है। यह प्रस्ताव आईआईटी पटना के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा तैयार डीपीआर के अनुमोदन के बाद लागू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विश्वविद्यालय में अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शोध और अंतर-विषयी सहयोग को बढ़ावा देना है, साथ ही युवाओं को आधुनिक कौशल के साथ तैयार करना है, ताकि वे भविष्य की नौकरियों के लिए सक्षम बन सकें। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस हब से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और शासन जैसे क्षेत्रों में बिहार की प्रगति को बढ़ावा मिलेगा।

### नालंदा के 4 प्रखंडों में बिजली आपूर्ति में बदलाव

**नालंदा**। नालंदा के ग्रामीण विद्युत आपूर्ति में हरनौत ग्रिड और चंडी पावर सब-स्टेशन को डबल सर्किट लाइन से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। जिससे चार प्रखंडों में बिजली आपूर्ति में क्रांतिकारी बदलाव आने की संभावना है। फिलहाल विद्युत आपूर्ति की एक सर्किट लाइन 24 मेगावाट की क्षमता रखती है। गर्मी और खरीफ ऋतु में बिजली की मांग 38 मेगावॉट तक पहुंच जाती है, जिससे ओवरलोडिंग और ट्रिपिंग जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। नई परियोजना इस चुनौती का समाधान करेगी। इस परियोजना से चार प्रमुख प्रखंड चंडी, नगरनौसा, नूरसराय थरथरी लाभान्वित होंगे। अधिकारियों के अनुसार पहले से मौजूद 33 केवी की एक सर्किट लाइन के अलावा, अब एक नई सर्किट लाइन बिछाई जा रही है। नूरसराय पावर सब-स्टेशन की बिजली आपूर्ति क्षमता भी 18 से बढ़ाकर 24 मेगावाट की गई है। कार्यकारी अभियंता रूपक कुमार बताया कि एजेंसी को मार्च से पहले नई सर्किट लाइन को पूरी तरह चालू करने का निर्देश दिया गया है। इस परियोजना की सबसे बड़ी विशेषता है कि अब नूरसराय और थरथरी प्रखंड को दो स्रोतों से बिजली मिल सकेगी। वर्तमान में 380 बिजली के खंभे पहले से स्थापित किए जा चुके हैं। नरसंडा बाजार में कुछ खंभे शेष हैं। इसके बाद 33 केवी लाइन बिछाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। यह परियोजना से बिजली आपूर्ति में सुधार के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### दो औद्योगिक परिसर में बिजली विभाग का छापा, साढ़े सात लाख का जुर्माना

**बिहारशरीफ**। आपूर्ति प्रमंडल ग्रामीण इलाके में टीम का गठन कर बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इन दिनों खासकर इंडस्ट्रियल तथा कमर्शियल उपभोक्ता बिजली विभाग के रडार पर हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के मीटर की गहन जांच की जा रही है। बिजली चोरी पकड़े जाने पर भारी भरकम जुर्माना लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। इसी क्रम बिहारशरीफ ग्रामीण 1 के सहायक विद्युत अभियंता श्यामल किशोर के नेतृत्व में टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। रहुई थाना क्षेत्र के मई फरीदा के सैदी में आंटा चक्की मिल में छापेमारी टीम पहुंची। मिल संचालक एलटी लाइन में अवैध रूप से टोंका लगाकर आटा चक्की मिल का संचालन कर रहे थे। आरोपी कमलेश बिंद पर करीब 4 लाख 78 हजार जुर्माना लगाते हुए थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसी तरह हरनौत के पोआरी में काम्या सर्फ इंडस्ट्री में छापेमारी टीम पहुंची। संचालक के यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा हुआ था। 39899 रुपया बकाया होने पर लाइन काट दिया गया था। लाइन काटने जाने के बाद संचालक द्वारा टोंका लगाकर बिजली चोरी की जा रही थी। ग्रामीण विद्युत कार्यपालक अभियंता रूपक कुमार ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार पर 2 लाख 62 हजार का जुर्माना लगाते हुए हरनौत थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### विभाग ने वन कर्मियों को बांटा विंटर जैकेट

**राजगीर**। वन विभाग द्वारा वन कर्मियों को विंटर जैकेट वितरण करने का निर्णय लिया गया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक डा. गोपाल सिंह द्वारा 70 वन कर्मियों को विंटर जैकेट वितरण कर किया गया। इस मौके पर निदेशक, राजगीर जू सफारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, सहायक वन संरक्षक, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के साथ वनपाल एवं वनरक्षी उपस्थित थे। कार्यक्रम के बाद राजगीर जू सफारी के ऑडिटोरियम में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना द्वारा ईको-पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पदाधिकारियों एवं कर्मियों की सराहना की । शेष वन कर्मियों को वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम और जू सफारी पार्क के निदेशक राम सुन्दर एम द्वारा विंटर जैकेट वितरण किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम ने बताया कि राजगीर के चुनौतीपूर्ण जंगली क्षेत्र में काम कर रहे फील्ड स्टाफ के योगदान के लिए जैकेट वितरित किया गया है।

# खून से लथपथ मिली शख्स की लाश

निज संवाददाता। गया



◆ गया में ईंट-पत्थर से कुचलकर हत्या की आशंका, घर से 700 मीटर दूर पड़ा था

गया के परैया प्रखंड के दखनेर गांव में बुधवार की सुबह एक युवक का लहूलुहान शव मिला है। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवक का शव गांव की गली में पड़ा था। खास बात यह थी कि मृतक शख्स के घर से महज 700 मीटर की दूरी पर शव पड़ा था। गांव के लोगों ने सुबह-सुबह बॉडी देखी तो अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच में भी जुट गई है। परैया थानाध्यक्ष सर्वनारायण और उनकी टीम ने घटना स्थल को प्रतिबंधित कर जांच शुरू की। मृतक की पहचान 35 वर्षीय बिगन पासवान के रूप में हुई है, जो गांव के चंदरिक पासवान का लड़का था। पुलिस के मुताबिक, उसकी हत्या ईंट और पत्थरों से सिर कुचलकर की गई। ग्रामीणों के मुताबिक, बिगन का स्वभाव मिलनसार था और उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। वह कल शाम से लापता था। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी, चार बेटियां और एक बेटा है। बताया जा रहा कि बिगन पेशे से ड्राइवर था। थानाध्यक्ष का कहना है कि फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस हर संभावित एंगल से जांच कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हत्या व्यक्तिगत दुश्मनी का नतीजा है या इसके पीछे कोई और साजिश है। स्थानीय लोगों के अनुसार, बिगन को आखिरी बार मंगलवार रात गांव के पास देखा गया था। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। ग्रामीणों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## घर से 500 मीटर दूर मिली युवक की लाश

निज संवाददाता। गया



◆ जमीन विवाद में हत्या, प्रेम प्रसंग में आत्महत्या के एंगल पर पड़ताल जारी, हिरासत में ली गई महिला की बेटी से था अफेयर

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मानपुर सूर्यपोखरा पिहानी दलित टोला में 18 साल के युवक का शव पोखरा से बरामद हुआ। मृतक की पहचान चंदन कुमार के रूप में हुई, जो 15 दिसंबर से लापता था। बुधवार सुबह उसका शव घर से महज 500 मीटर दूर मिला। गर्दन पर मफलर लिपटा था और शरीर पूरी तरह अकड़ा हुआ था। पुलिस ने मामले में एक विधवा महिला और उसकी बेटी को हिरासत में लिया है। जांच प्रेम प्रसंग और जमीन विवाद, दोनों एंगल से की जा रही है। बुनियादगंज थानाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि जल्दी ही मामले का खुलासा होगा।

**जिस पोखरा में मिली लाश, उसके मालिक के घर था आना-जाना:** स्थानीय लोगों के मुताबिक, जिस पोखरा से शव मिला, उसके पास के घरों में चंदन का आना-जाना था। हिरासत में ली गई महिला की जमीन को लेकर मृतक के परिजनों से विवाद चल रहा था। साथ ही, चंदन का उस महिला की बेटी से भी करीबी रिश्ता बताया जा रहा है। चंदन दलित टोला में अपने दादा-दादी के साथ रहता था। परिवार दूसरे प्रदेश में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी करता है। 15 दिसंबर की शाम से लापता चंदन के परिजनों ने मंगलवार को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**15 से 16 घंटे पहले हत्या की आशंका:** पुलिस का कहना है कि शव मिलने के हालात से संकेत मिलता है कि हत्या करीब 15-16 घंटे पहले की गई। शव मिलने वाली जगह के पास मृतक अक्सर जाता था, जिससे शक की सुई हिरासत में ली गई महिला और उसकी बेटी की ओर घूम रही है। ग्रामीणों और पुलिस के बयान इस मामले में अलग-अलग कहानियां पेश कर रहे हैं। जांच जारी है।

## नालंदा में दो समुदाय के बीच मारपीट, 1 धराया



निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पक्की तालाब तमन्ना क्षेत्र में बुधवार को दो समुदाय के बीच मारपीट हो गई। आनन-फानन में कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत कराया। दरअसल, लहेरी थाना क्षेत्र के मेहरपर निवासी केशव उर्फ रतन अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी बीच पक्की तालाब निवासी मोहम्मद आजाद वहां पहुंचा और केशव से कुदाल की मांग करने लगा। जिस पर केशव ने कुदाल देने से मना कर दिया। मामूली सी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई जो मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते दोनों समुदाय के दर्जन भर लोग मौके पर जुट गए और रोड़ेबाजी करने लगे, हालांकि पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच मामले को शांत कर लिया। वहीं, घटनास्थल से मोहम्मद आजाद को पकड़ कर अपने साथ थाने ले गई।

**मौके पर पुलिस कैंप कर रही है:** सदर डीएसपी मोहम्मद नुरुल हक ने कहा कि मारपीट की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घटना में शामिल एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। बिहार थाना अध्यक्ष और लहेरी थाना अध्यक्ष संयुक्त रूप से घटना के संबंध में विस्तृत जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़ित पक्ष से आवेदन प्राप्त कर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल विधि व्यवस्था सामान है। मौके पर पुलिस बल कैंप कर रही है। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। जो भी लोग इस वारदात में शामिल हैं उन्हें पकड़ा जाएगा।

# गया एसएसपी ने किया औचक निरीक्षण

निज संवाददाता। गया



◆ रेलवे स्टेशन पर खुलेगा May I help you काउंटर, पेंडिंग कामों को पूरा करने का निर्देश

गया एसएसपी आशीष भारती ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए मंगलवारकीदेररात औचक निरीक्षण किया। जिसके बाद उन्होंने रात सड़कों पर उतर कर गश्ती दल और वाहन चेकिंग की कार्रवाई का जायजा लिया। साथ ही रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर पुलिस खोले जा रहे May I help you काउंटर वाले स्थान का भी निरीक्षण किया। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर May I help you सेंटर को लेकर कहा कि इससे रेल यात्रियों को काफी फायदे होंगे। गले एक सप्ताह के भीतर यह काउंटर 24 घंटे में काम करने लगेगा। जिससे रेल यात्रियों को काफी फायदे होंगे। खासकर कर टूरिस्ट को काफी मदद मिलेगी। इस काउंटर पर अलग से पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे जो दूसरे शहर और राज्य से आने वाले रेल यात्रियों की मदद करेंगे। इस तरह का काउंटर पहले केवल पितृपक्ष मेला के समय 15 दिनों के लिए ही खुला करता था। लेकिन अब पूरे साल यह काउंटर काम करेगा। औचक निरीक्षण के तहत मुफ्फसिल थाना पहुंचे एसएसपी ने थाने में तैनात पुलिसकर्मियों से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिया। उन्होंने फरार और वांछित अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी करने पर जोर दिया। साथ ही असामाजिक तत्वों की संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने और आसूचना संकलन में तेजी लाने के लिए पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया। वांछित अपराधियों को पकड़ने को दिए गए टारगेट को समय से पूरा करने की हिदायत भी दी। एसडीपीओ वजीरगंज सुनील पांडेय को एसएसपी ने कहा कि लंबित चल रही जांच और कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

**रात्रि गश्ती और चेकिंग अभियान:** औचक निरीक्षण के बाद एसएसपी ने शहरी क्षेत्रों में गश्त लगाई। उन्होंने खुद रात्रि गश्ती टीम, डायल-112 की तैनाती और विभिन्न चेक पोस्ट पर चल रहे वाहनों की जांच का जायजा लिया। पुलिस कर्मियों की कार्यकुशलता और सतर्कता का आकलन करते हुए उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। इस औचक दौरे का मुख्य उद्देश्य गया शहर में देर रात सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण को और बेहतर करना था। एसएसपी ने कहा कि रात हो या दिन पुलिस बल को एक समान सक्रिय होना चाहिए। सक्रियता से पुलिस बल में उत्साह का संचार होता है।

# बेहतर को इनाम, लापरवाही बरती तो कार्रवाई

निज संवाददाता। गया



◆ गया SSP ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, लंबित मामलों को निपटाने के दिए आदेश

गया में बुधवार को पुलिस कप्तान आशीष ने SDPO और थानाध्यक्षों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। एसएसपी ने पहले के मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ़्तारी, वारंट कुर्की और लंबित मामलों के निष्पादन का समय से निष्पादन करने का निर्देश सभी थानाध्यक्षों को दिया। एसएसपी आशीष भारती ने हत्या, लूट समेत जब्त शराब को नष्ट करने के काम में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि कांडों के निष्पादन और फरार आरोपितों की गिरफ़्तारी में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय सीमा के भीतर कुर्की वारंट का तामिला पुलिस पदाधिकारी करें।

**बैठक में ये थे मौजूद:** मद्य निषेध को लेकर सघन छापामारी चलाए जाने का निर्देश भी बैठक में दिया गया। बैठक टाउन एएसपी पारसनाथ साहू, टाउन डीएसपी-2 बोधगया डीएसपी सौरभ जयसवाल, वजीरगंज डीएसपी, टिकारी डीएसपी, शेरघाटी डीएसपी व मुख्यालय एसडीपीओ सहित शहरी समेत ज़िले भर के थानों के थानाध्यक्ष मौजूद थे।

**एसएसपी का मिशन अनुसंधान:** एसएसपी आशीष भारती के अनुसार बताया गया कि आज दिनांक 18 दिसंबर को अपने कार्यालय में एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं पुलिस पदाधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान पुलिस पुलिस पदाधिकारियों को लूट/हत्या/SC-ST शराब एवं अन्य महत्वपूर्ण लंबित कांडों की समीक्षा की गई। कांडों में सत्य पाए गए एवं फरार अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी, वारंट एवं कुर्की की कार्रवाई सुनिश्चित करने, लंबित सभी बिन्दुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। एसएसपी ने बताया इन मामलों में जल्द से जल्द कांड का निष्पादन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही लापरवाही बरतने वाले अनुसंधानकर्ता के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले अनुसंधानकर्ता को पुरस्कृत करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

## बायोगैस से किसानों की उन्नति, पर्यावरण का भी संरक्षण

निज संवाददाता। नालंदा



ग्रामीण अर्थव्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन की ओर इशारा करते हुए, बायोगैस प्लांट न केवल किसानों को आर्थिक लाभ प्रदान कर रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बिहारशरीफ प्रखण्ड के दीपनगर के निवासी किसान सुरेंद्र राम ने इस नवीन तकनीक के लाभों पर प्रकाश डाला है। उन्होंने बताया कि फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ) के माध्यम से बायोगैस प्लांट लगाने की योजना किसानों के लिए वास्तव में एक वरदान साबित हो रही है। बाजार में बायोगैस प्लांट का मूल्य लगभग 40,000 रुपए है, लेकिन एफपीओ के तहत किसानों को केवल 15,000 रुपए का निवेश करना पड़ता है। यह तकनीक इतनी सरल है कि दो-तीन पशु रखने वाले छोटे किसान भी इसका लाभ उठा सकते हैं।

**सुरेंद्र राम ने रेखांकित किए इस प्रणाली के कई फायदे:** पारंपरिक गैस सिलेंडर पर निर्भरता कम होती है। एक दिन में 40 किलो गोबर का उपयोग करके गैस उत्पादन। निकलने वाला अपशिष्ट पदार्थ जैविक खाद के रूप में उपयोगी। फसल उत्पादकता में दोगुना से त्रिगुना तक वृद्धि।

**स्थान और सुरक्षा:** नई तकनीक से लैस मात्र 8x10 फीट के क्षेत्रफल में स्थापित किया जाने वाला यह बायोगैस प्लांट, जमीन के भीतर या ऊपर दोनों जगह स्थापित हो सकता है।

## राजगीर में 22-23 को होगा विराट महिला और पुरुष दंगल

**नालंदा** । राजगीर में 22 और 23 दिसंबर को होने वाले राजगीर महोत्सव के दौरान एक भव्य दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस दंगल में देश के विभिन्न राज्यों से 500 से अधिक महिला और पुरुष पहलवान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

इस दंगल का मुख्य आकर्षण राजगीर केसरी और राजगीर शेरनी का चयन होगा। पुरुष वर्ग के लिए राजगीर केसरी और महिला वर्ग के लिए राजगीर शेरनी का चयन भी होना है । इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। दंगल के लिए सभी तैयारियां जोरों पर हैं। दंगल स्थल के रूप में मलमास मेला सैरात की भूमि पर एक अखाड़ा बनाया जा रहा है। दंगल आयोजन समिति के संयोजक भूमि सुधार उपसमाहर्ता उपेंद्र सिंह ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों के चुनिंदा पहलवानों ने इस दंगल में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। पहलवानों के लिए दिशा निर्देश: दंगल में भाग लेने के लिए पहलवानों को पहले रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के समय पहलवानों को अपना आधार कार्ड और एक फोटो साथ लाना होगा।

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं०-टीआरडी-ओ०टी०-09-डीआइजी-बोर्ड-24-25
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: (1) **कार्य का नाम और स्थान:** डीडीयू डिविजन में विभिन्न स्टेशनों केबिन, प्लेटफार्म, एलसीगेट, आएचई डिपो पर सेक्शनिंग डायग्राम, एसडब्ल्यूआर, की बॉक्स, शॉक ट्रीटमेंट बोर्ड और अन्य सुरक्षा वस्तुओं का प्रावधान (2) **अनुमानित रकम:** रू० 49,26,289.60 (3) **बयाना राशि:** रू० 98500.00 (4) **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 10/01/2025 को 15:00 बजे तक (5) **वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in
वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/01710/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24-25/24

पूर्व रेलवे
शुद्धिपत्र
**निविदा सूचना सं.: एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/519 दिनांक 06.12.2024, निविदा सं. एसडीएसटीई/टेली/टी/18/24-25/आरआरएसके** के संबंध में शुद्धिपत्र, जो पूर्व में वरिष्ठ डीएसटीई/सियालदह के द्वारा प्रकाशित किया गया था। शेड्यूल आइटम नं. 1 (6 क्वाड आर्मर्ड जेली फिल्ड केबल) के जांच प्राधिकारी-राइट्स के बदले **शेड्यूल आइटम नं. 1 (6 क्वाड आर्मर्ड जेली फिल्ड केबल) का जांच प्राधिकारी-आरडीएसओ** पढ़ा जाएगा। उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। SDAH-278/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे
**ई-निविदा सं. 293_2024-25, 294_2024-25, दिनांक 16.12.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. 293_2024-25, कार्य का विवरण** : बर्द्धमान में जीर्ण-शीर्ण परित्यक्त क्वार्टरों का प्रतिस्थापन [परित्यक्त टाइप-I क्वार्टरों के स्थान पर टाइप-II क्वार्टर (20 यूनिट)] का निर्माण और एसएसई/डब्ल्यू/डानकुनी की शाखा में आरपीएफ पोस्ट डानकुनी के लिए 50 शय्या वाले आरपीएफ बैरक सह कार्यालय भवन का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,95,49,824.37, **बयाना राशि:** रु. 2,97,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. 294_2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/2/हावड़ा के क्षेत्राधिकार में फुट ओवर ब्रिज का मरम्मत/सुदृढ़ीकरण कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 81,92,461.28, **बयाना राशि:** रु. 1,63,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 07.01.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-492/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल
खुली ई-निविदा सूचना
खुली ई-निविदा सूचना सं०-टीआरडी-ओ०टी०-10एबीडिस्क-24-25
नीचे दिये कार्य के लिए प्रमाणित अनुभवी वैद्युतिक लाईसेंस रखने वाले और वैध दस्तावेज द्वारा समर्थित सुदृढ़ वित्तीय क्षमता रखने वाले ख्यातिलब्ध ठेकेदार से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है: (1) **कार्य का नाम और स्थान:** डीडीयू डिविजन में पोर्सिलेन और कंजोजिट इंसुलेटर के लिए एंटी-बर्ड डिस्क का प्रावधान, लाईव लाईन मॉनिटरिंग गेज, कांटेक्ट एवं कैटेनरी वायर के अलग होने से बचाव के लिए आरआरए क्लैंप एवं आइसोलेटर जंपर के प्रावधान हेतु (2) **अनुमानित रकम:** रू० 80,84,645.00 (3) **बयाना राशि:** रू० 161700.00 (4) **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** दिनांक 10/01/2025 को 15:00 बजे तक (5) **वेबसाईट का विवरण जहां ई-निविदा की पूर्ण जानकारी उपलब्ध है:** www.ireps.gov.in वरीय मंडल बिजली इंजीनियर/क०वि०
पूर्व मध्य रेल, डीडीयू
पीआर/01708/डीडीयू/ईटीआरडी/टी/24-25/24

पूर्व रेलवे
**निविदा सूचना सं. : ईएल-74-24, दिनांक 16.12.2024,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा ख्यातिप्राप्त निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस है एवं निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** (क) आसनसोल मंडल -कालूबथान, जसीडीह, चित्तरंजन, सिमुलतला आदि पर सर्कुलेटिंग एरिया में अन्य सहायक कार्य एवं पाइपलाइन सहित आरसीसी ओएच टैंकों के साथ क्षतिग्रस्त टैंकों/आरसीसी टैंकों की बदली। (ख) आसनसोल मंडल - एईएन/मधुपुर के अधीन विद्यासागर स्टेशन पर अन्य सहायक कार्यों के साथ नए ओएच टैंक स्ट्रक्चर के प्रावधान के साथ पानी आपूर्ति प्रणाली का विस्तार। **निविदा मूल्य :** रु.34,35,464.90, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि :** रु. 68,700/-, **कार्य के लिए समापन अवधि :** 09 माह। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 10.01.2025 को 11.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट: www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। ASN-277/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### स्थानांतरण के पश्चात दी गयी विदाई

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि. सं.)।** विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, बिक्रमगंज अंतर्गत सारणी पुरुष के रूप में अपनी सेवा दे चुके संजीव कुमार को बुधवार को स्थानांतरण के पश्चात विदाई दी गई। संजीव कुमार के द्वारा अपने संबोधन में बताया गया की मैं प्रशाखा बिक्रमगंज से जा रहा हूं लेकिन बिक्रमगंज के सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों के साथ व्यतीत की गयी यादें हमेशा याद रहेगी तथा आगे बताया गया कि मैंने अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज में टीम की तरह कार्य किया कब समय बीत गया पता ही नहीं चला। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, बिक्रमगंज के कर्मियों एवं कनीय विद्युत अभियंताओं के द्वारा सारणी पुरुष के कार्यों की काफी सराहना की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि संजीव जी के द्वारा शीर्ष कंपनी के कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया जाता रहा। विदाई सह सम्मान समारोह में जेई बिक्रमगंज नवदीप गोयल, जेई दिनारा विकाश कुमार, जेई प्रमुदित पटेल, जेई सूर्यपुरा आनंद कुमार, विद्युत कर्मी विकाश कुमार प्रभात, आदिल खान, मकसूद खान, संवेदक अरविंद कुमार, मुन्ना सिंह एवं समस्त मानवबल उपस्थित थें।

### 858 परीक्षार्थी दे रहे बीए पार्ट वन की परीक्षा

**राजपुर (रोहतास) (नि.सं.)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा सम्बन्ध प्रखण्ड के राजपुर स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय में तीसरे दिन 858 छात्रों ने कदाचार मुक्त स्नातक पार्ट वन की परीक्षा दी। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आईडीबीपी सिंह महाविद्यालय गढ़ नोखा का परीक्षा केंद्र हमारे विद्यालय में बनाया गया है। जिसमें 858 छात्राओं की संख्या है।अबजर्वर अखलाक अहमद ने बताया कि छात्र-छात्राओं का सेंटर महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है। परीक्षा पूर्णतया कदाचार मुक्त तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रहा हैं। जहा छात्र एवं छात्राओं को कॉलेज जांच टीम द्वारा कालेज के गेट पर ही सघन जांच पड़ताल करने के उपरांत कक्षाओं में प्रवेश कराया जा रहा है। वही परीक्षा केंद्र नियंत्रक डॉ. राकेश कुमार दुबे, सह परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुरेंद्र कुमार सिंह, रमेश कुमार व अन्य शिक्षकों की टीम द्वारा परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच ली जा रही है।

### नवगठित पैक्स कार्यकारिणी के साथ बीसीएम ने की बैठक

**काराकाट (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र में नवगठित कार्यकारिणी एवं पैक्स अध्यक्ष के साथ बीसीएम राजकुमार की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मोथा पैक्स अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राजकुमार सहित 11 सदस्यीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों एवं मीडिया कर्मियों को फूल माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मोथा पैक्स में कुल 11 सदस्य हैं जिनमें पांच महिला और 6 पुरुष सदस्य चुनकर आए हैं। पैक्स अध्यक्ष ने कहा कि पिछले बार जैसे सभी सदस्यों के साथ हमने किसानों के हित में काम की वैसे पुनह हम लोग आपसी सहयोग से किसान के हित में कार्य करेंगे और एक दूसरे का सहयोग करेंगे। वही प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने कहा किजब भी आप लोग हमसे सहयोग की अपेक्षा रखेंगे मैं हाजिर रहूंगा और इस तरह की बैठक आप लोगों को समय-समय पर करते रहना चाहिए।वहीं उन्होंने आगे बतलाया कि धान अभी प्रताप का अभी समय चल रहा है आप लोग किसानों से धन खरीदें और किस के खाते में धान खरीदने के 72 घंटे के भीतर पैसा चल जाएगा।

### बाइक पलटी तीन छात्र हुए घायल

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के समीप सासाराम चौसा पथ पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई जिस पर सवार तीन छात्र घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तीनो घायल छात्र सहमल खैरा कॉलेज से परीक्षा देकर कोचस घर लौट रहे थे, जहां थाना के समीप बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। सभी घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां मौके पर उपस्थित चिकित्सक ने प्रिंस कुमार, विमलेश कुमार एवं आदित्य कुमार को उपचार दौरान बेहतर उपचार के लिए बाहर रेफर कर दिया है।

# 25 कुण्ड महायज्ञ के यज्ञशाला के परिक्रमा को ले उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

निज संवाददाता | काराकाट (रोहतास)



काराकाट प्रखंड के बाद गांव में चल रहे 25 कुण्डीए महायज्ञ में श्री त्रिदंडी जी महाराज के परम शिष्य श्री जियर स्वामी जी महाराज के तत्वाधान में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आज तीसरे दिन स्वामी जी ने अपने प्रवचन के माध्यम से पृथ्वी की उत्पत्ति एवं जीव तथा ईश्वर के बीच संबंध को बतलाया। उन्होंने ईश्वर को अंशी तथा जीव को अंश बतलाया एक उदाहरण में उन्होंने बतलाया कि हम ईश्वर के अंश है ईश्वर नहीं। एक अनुदान में उन्होंने भगवान बुद्ध के बारे में कहा कि भगवान बुद्ध कोई हमारे धर्म से अलग नहीं।उन्होंने बौद्धिकता के आधार पर ईश्वर को समझने का एक मार्ग प्रस्तुत किया। लोग इसे अन्यत्र न समझे। उन्होंने खुद ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया है कि ईश्वर भी है जिनके हम अंश हैं। उन्होंने खुद तपस्या से बौद्धिकता को प्राप्त किया और लोगों के बीच इस अवधारणा से ईश्वर की प्राप्ति का संदेश दिया। एक अन्य उदाहरण में उन्होंने यह भी बतलाया कि विभिन्न विचारधाराओं के मानने वाले कुछ लोग मजहब की स्थापना कर सकते हैं लेकिन वह अंशी नहीं बन सकते। जैसे हम लोग ईश्वर के अंश है इस तरह से किसी भी मजहब के मानने वाले ईश्वर के ही अंश है न कि ईश्वर। सनातन धर्म के बारे में उन्होंने बतलाया कि इसके अस्तित्व का कोई समय ही नहीं बता सकता जैसे अन्य मजहबों के लिए उसके संस्थापकों का काल निर्धारण है। पुनः उन्होंने यह भी कहा कि ईश्वर और मनुष्य को पहचाना उनके लक्षणों से सरल है क्योंकि भगवान श्री कृष्णा 10 दिन की उम्र में जिस जिस कार्य को किया वह मनुष्य के बस की बात ही नहींतो फिर ईश्वर के संबंध में प्रमाण मांगने वाले को या समझ लेना चाहिए। एक प्रसंग में उन्होंने यक्ष युधिष्ठिर के संवाद के प्रथम प्रश्न को बदलते हुए आश्चर्य के बारे में समझाया कि जिस चीज को हम लोग दूसरे के साथ घटते हुए देखते हैं फिर भी यह सोचते हैं कि वह घटना हमारे साथ ना हो यह कैसा आश्चर्य है? पुनह उन्होंने सांसारिक मोह माया के बारे में भी बतलाया। उन्होंने महर्षि वेदव्यास के बारे में बदलते हुए भगवान नारद सुबह संवाद की चर्चा की और का की एक बार महर्षि वेदव्यास ने नारद जी से अपनी मन की बेचैनी बतलाई। कहां की हमने वेद पुराण उपनिषदों की रचना कर डाली फिर भी हमें चैन नहीं? इस प्रसंग में नारद जी ने कहा कि अपने संसार के मोह माया को चुरा लिया है और इस चोरी की अपराध के कारण ही आपको चैन नहीं।इस प्रकार उन्होंने बतलाया कि सांसारिक मोह माया में रहने वाले व्यक्ति को मरते दम तक चैन नहीं मिलता जब तक कि वह ईश्वर से अपने संबंध को स्थापित नहीं कर लेता। जाना सबको एक दिन है इस चीज को स्वीकार करना है। आगे की कथा के बारे में उन्होंने अगले दिन की बात को महा आरती के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और प्रसाद वितरण कराया। प्रवचन में जीयर स्वामी जी के अलावे उत्तर प्रदेश उत्तराखंड बिहार के भोजपुर जिले सहित अन्य प्रांतों एवं जिले से आए हुए प्रवचन कर्ताओं ने भी श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाया।वही नित दिन बने विशाल यज्ञशाला के परिक्रमा करने के लिए बड़ी संख्या में नर नारियों की भीड़ उमड़ रही है।

# ट्रक ने बाइक से जा रहे पिता-पुत्र को मारी टक्कर, एक की मौत

**» आक्रोशित लोगों ने आगजनीकर हाजीपुर महुआ मार्ग को बेरई के पास जाम कर दिया। मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने समझा बुझा कर आक्रोशित लोगों को शांत कराया और जाम हटवाया आक्रोशित लोगों ने एक घंटे तक हाजीपुर महुआ मार्ग को जाम रखा।**

निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

हाजीपुर महुआ मुख्य मार्ग के सदर थाना क्षेत्र के बेरई के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक बाइक सवार पिता पुत्र को कुचल दिया जिसे पिता की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास स्थानीय लोग इकट्ठा हो गई स्थानीय लोगों द्वारा पीछा कर ट्रक को भी पकड़ लिया गया। घायल युवक को इलाज के लिए स्थानीय लोगों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान महुआ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर सिंघाड़ा गांव निवासी अर्जुन चौधरी के 40 वर्षीय पुत्र संतोष चौधरी और घायल संतोष चौधरी के 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार बताया गया है। जानकारी के अनुसार संतोष चौधरी अपने घर से बाइक सवार होकर अपने पुत्र अभिषेक का हाजीपुर में एडमिशन कराने को लेकर आए थे। हाजीपुर से घर लौट के दौरान सदर थाना क्षेत्र के बेरई के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने कुचल दिया जिसे संतोष चौधरी की मौत मौके पर ही हो गई जबकि उनके पुत्र अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने आगजनीकर हाजीपुर महुआ मार्ग को बेरई के पास जाम कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाने की पुलिस ने समझा बुझा कर आक्रोशित लोगों को शांत कराया और जाम हटवाया आक्रोशित लोगों ने एक घंटे तक हाजीपुर महुआ मार्ग को जाम रखा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। संतोष चौधरी की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# गर्भवती या प्रसूता की मौत की जानकारी देने पर मिलेगी एक हजार प्रोत्साहन राशि

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

गर्भवती या प्रसूता की मृत्यु का सही आंकड़ा जानने के लिए सरकार ने नई पहल शुरू की है। जिसके तहत गर्भवती या प्रसूता की मृत्यु की तुरंत जानकारी देने वाले व्यक्तियों को 1000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रसूता एवं गर्भवती महिलाओं की मृत्यु का सही आंकड़ा प्राप्त करना है। जानकारी या जागरूकता के अभाव में राज्य में कई गर्भवती एवं प्रसूता महिलाएं अपनी जान गंवा रही है और इसका सही आंकड़ा सरकार को उपलब्ध नहीं हो पाता है। जिसको देखते हुए सरकार ने इस पहल की शुरुआत की है। इसके लिए आशा कर्मी के अलावा जीविका, आंगनवाड़ी कर्मी, जनप्रतिनिधि या आम लोग भी ऐसी महिलाओं की मृत्यु की तुरंत जानकारी टॉल फ्री नंबर 104 पर दे सकते है। इसकी तत्काल सूचना देने वाले व्यक्तियों को सरकार 1000 प्रोत्साहन राशि भी प्रदान करेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए रोहतास डीपीसी संजीव मधुकर ने बताया कि पहल का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं की मौत के कारणों का पता लगाना है ताकि मातृ मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। उन्होंने बताया कि प्रसुता एवं गर्भवती महिलाओं की मृत्यु की जानकारी कोई भी व्यक्ति टॉल फ्री नबर 104 पर दे सकता है। वहीं सिविल सर्जन डॉक्टर मणिराज रंजन ने बताया कि बच्चे को जन्म देने से 42 दिन तक महिला को प्रसुता माना जाता है। बच्चे के जन्म देने के 42 दिन के भीतर किसी महिला की मृत्यु की जानकारी अगर कोई देता है तो उसे 1000 प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उल्लेखनीय है कि राज्य स्वास्थ्य समिति के रिपोर्ट के अनुसार रोहतास जिले में अप्रैल 2024 से अबतक 21 प्रसुता महिलाओं की मौत की सूचना उपलब्ध हुई है। हालांकि ये सभी सूचनाएं आशा कर्मी के माध्यम से ही मिला है।

# राजद कार्यकर्ताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का किया पुतला दहन

निज संवाददाता | बक्सर

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर अमित शाह द्वारा संसद में की गई कथित अभद्र टिप्पणी के खिलाफ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के जिला अध्यक्ष शेषनाथ सिंह ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमित शाह अपनी टिप्पणी वापस नहीं लेते और माफी नहीं मांगते, तो राजद संसद से सड़क तक संघर्ष जारी रखेगा। राजद नेताओं ने कहा कि अमित शाह ने संसद में कहा था कि 'देश की कुछ पार्टियां दिन-रात अंबेडकर-अंबेडकर की रट लगाए रहती हैं।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए राजद ने आरोप लगाया कि खुद अमित शाह ने बाबा साहब के बनाए संविधान के तहत ही लाभ उठाया और गृह मंत्री के पद तक पहुंचे। राजद नेताओं ने कहा कि अमित शाह के बयान से बाबा साहब के योगदान का अपमान हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि राम मंदिर निर्माण भी संविधान के जरिए ही संभव हो सका, जिसे डॉक्टर अंबेडकर ने बनाया था। इस प्रदर्शन में प्रदेश झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संतोष भारती, जिला प्रधान महासचिव धनपति चौधरी, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष पूजा कुमारी सहित कई अन्य नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। राजद ने इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और बाबा साहब के सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया है।

# डीजे संचालक का मिला शव, परिजनों में मचा कोहराम

निज संवाददाता | गोपालगंज

जिले के थावे थाना क्षेत्र के गोपलामठ गांव के चंवर में एक डीजे संचालक का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव बरामद होने की सूचना पाकर मौके पर सदर एसडीपीओ थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार समेत कई पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल भेज दिया है। वही इस मामले का उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल इस घटना के बाद परिजन का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की पहचान थावे थाना क्षेत्र के गोपलामठ गांव निवासी स्व सुखराम राम के बेटा सिकंदर राम के रूप में की गई। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक मंगलवार की रात साढ़े आठ बजे अपने घर पर कुछ काम कर था। इसी बीच उसके मोबाइल पर फोन आया और फोन पर बात करते हुए वह घर से बाहर निकला। लेकिन दुबारा वह अपने घर नहीं लौटा। घर नहीं लौटने के बाद परिजन उसके मोबाइल पर फोन किए। लेकिन उसका मोबाइल बंद हो गया। जिससे परिजनो को परेशानी बढ़ने लगी। पूरा परिवार चिंता में डूब गया और उसकी खोजबीन शुरू की गई। देर रात उसकी खोजबीन होती रही लेकिन उसका कही पता नहीं चल सका। सुबह कुछ लोगो ने उसके घर से करीब दो सौ मीटर के दूरी पर उसका शव देखा और इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन मौके और पहुंच कर शव की पहचान कर चीत्कार मार रोने बिलखने लगे। वही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पल भर में लोगो की भीड़ जुट गई। वही इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पाकर सदर एसडीपीओ प्रांजल थावे थानाध्यक्ष धीरज कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और इसी सूचना एफएसएल को दी। सूचना पाकर मौके पर एफएसएल की टीम पहुंची और मौके से खून लगा ईंट एक बुलेट और एक खोखा को बरामद की।

# खेत में काम कर रहे किसान को अपराधियों ने मारी गोली

निज संवाददाता | पटना

जिले के फतुहा में खेत में काम कर रहे एक किसान को विरोधी पक्ष के लोगों ने तीन गोली मार दी। गोली लगते ही किसान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से डॉक्टर ने उसे पटना रेफर कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के चकपितांबरपुर गांव में बुधवार को किसान दीनानाथ यादव अपने खेत पर काम कर रहा था। इतने में विरोधी पक्ष के लोगों से दीनानाथ का किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि विरोधी पक्ष के लोगों ने उसे बंदूक निकालकर गोली मार दी। अपराधियों ने गोली किसान के हाथ बांह और कमर के नीचे मारा है। गोली हाथ के पार कर चुकी थी। वहीं गोली लगते ही किसान वहीं पर गिर गया। इतने में आसपास के लोगों ने जख्मी किसान को आनन-फानन में फतुहा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया।

# समाजसेवी जयप्रकाश सिंह के श्राद्धकर्म में शामिल हुए जदयू नेता छोटू सिंह

निज संवाददाता | पटना

पिछले दिनों भोजपुर जिला के बड़हरा गांव में लाल बाबू सिंह के पिताजी एवं समाजसेवी जयप्रकाश सिंह का निधन हो गया। आज उनके गांव में श्राद्ध कर्म में कई गणमान्य लोग शामिल हुए। इस श्राद्ध कर्म में शामिल बिहार नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव और जदयू के प्रदेश महासचिव अरविन्द सिंह उर्फ़ छोटू सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। वहीं जदयू नेता ने कहा की जयप्रकाश सिंह सभी को मदद करने वाले और सभी के दुख सुख में साथ रहने वाले इन्सान थे। वे गरीबों और असहायों के की मदद के लिए हमेशा तन मन धन से सहयोग करते थे। जिससे इलाके में वे काफी लोकप्रिय थे। अपने व्यक्तित्व और कृतित्व के लिए जय प्रकाश सिंह हमेशा याद रखे जायेंगे। छोटू सिंह ने कहा की आज उनके निधन के बाद उनका परिवार उनके बताये क़दमों पर चल रहा है। उन्होंने कहा की जयप्रकाश सिंह का व्यक्तित्व आज के पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। छोटू सिंह के साथ दिवंगत जयप्रकाश सिंह जी के श्राद्ध कर्म में इंजीनियर अरुण सिंह, समाजसेवी भारतेंदु मिश्र, राजू सिंह, नागजी, संजय सिंह, धीरन सिंह, मनोज सिंह, दूधनाथ पासवान और सुगन राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राज्य सभा में अमित शाह के द्वारा दिए गए विवादित बयान के खिलाफ राजद ने खोला मोर्चा

निज संवाददाता | नवादा



राज्य सभा में गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा दिए गए विवादित बयान के खिलाफ राजद के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में बुधवार को सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया गया। राजद के जिला कार्यालय से कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जुलूस निकालकर नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए प्रजातंत्र चौक पहुंचा, जहां गृह मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के उच्च गृह मंत्री के पद पर रहते हुए अमित शाह के द्वारा राज्य सभा में संबिधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर पर विवादित बयान देकर देश को शर्मशार करने का काम किया है। कार्यकर्ताओं ने उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है। धरना के बाद पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को ज्ञापन सौंपा। मौके पर जिलाध्यक्ष उदय यादव, नवादा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, गौतम कपूर चन्द्रवंशी, चंदन कुमार कुणाल चन्द्रवंशी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन पिन्की भारती, मो मेराज खान तथा रेणु सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# प्रेमचंद रंगशाला में शुरू हुआ तीन दिवसीय 'त्रिवेणी नाट्य महोत्सव'

## शुभम गौतम के निर्देशन में नाटक 'एक नदी' का सफल मंचन

**» भिखारी ठाकुर की जयंती पर डॉ. नीतू नवगीत का भावपूर्ण प्रदर्शनः 'डगरिया जोहत न हो' को मिली सराहना, लोकगीतों और नाटकों के संगम में डॉ. नीतू नवगीत का अनूठा योगदान**

निज संवाददाता | पटना



राजधानी के राजेंद्र नगर स्थित प्रेमचंद रंगशाला में बुधवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, कला संस्कृति युवा विभाग बिहार सरकार एवं एनसीजेडसीसी के सहयोग से माध्यम फाउंडेशन पटना द्वारा तीन दिवसीय त्रिवेणी नाट्य महोत्सव -2024 का शुभारंभ किया गया। महोत्सव का उद्घाटन अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर मेहता, बिहार प्रदेश अध्यक्ष नरेश कुशवाहा, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अमन कुमार, लोकगायिका एवं पटना नगर निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत एवं त्रिवेणी नाट्य महोत्सव के कार्यक्रम संयोजक धर्मेश मेहता एवं वरिष्ठ रंगकर्मियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नाटक से पूर्व डॉ. नीतू कुमारी नवगीत जी ने भिखारी ठाकुर की जयंती के अवसर पर उनके द्वारा रचित है जतसारी का गीत गाकर उन्हें स्वरांजलि दिया। डगरिया जोहत न हो को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। त्रिवेणी नाट्य महोत्सव की शुरुआत नुक्कड़ नाटक राजा जी, धर्मेश मेहता एवं देवेंद्र झा के निर्देशन में बालक एवं कन्या मध्य विद्यालय, बेगमपुर, पटनासिटी द्वारा किया गया। उसके बाद पूजा, आलोक व दीप्ति द्वारा लोक नृत्य एवं हरेकृष्ण सिंह मुन्ना द्वारा लोक गीत प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत लखनऊ, यूपी की संस्था थियेट्रॉन द्वारा आशीष मौर्या द्वारा लिखित व शुभम गौतम द्वारा निर्देशित "एक नदी" का मंचन किया गया। इक नदी नाटक के गीत ही इसके मुख्य भाव है। नाटक की शुरुआत अवध राम के घर में चल रही सुंदरकांड से होती है। दीप्ति इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद आगे की पढ़ाई के लिए अपने पिता के साथ अवध राम फूफा के घर आती है वहीं पर दीप्ति की मुलाकात पंकज से होती है जो अवध नाम का पड़ोसी है। दीप्ति अपने पढ़ाई के साथ-साथ अपने मन में चल रहे उथल-पुथल को काव्य गीतों के माध्यम से व्यक्त करती रहती है। अवधराम के यहां दीप्ति के आने से पंकज के काव्य लेखनी को और भी बल मिल जाता है। युवावस्था में दोनों एक दूसरे के काव्य रस में डूबते-डूबते एक दूसरे के प्रेम में भी डूब जाते है। दीप्ति की पढ़ाई के दौरान दीप्ति की शादी एक सफल व्यक्ति से तय कर दी जाती हैं। पंकज को जब ये ज्ञात होता है तो दीप्ति और पंकज दोनों अपने परिवार के सामने अपने प्रेम को रखते है। दोनों हमउम्र होते हुए पंकज अपने घर छोटा और दीप्ति अपने घर में बड़े होने के कारण जिन्दगी के सबसे महत्वपूर्ण इस सवाल को दोनों ही परिवार अपने-अपने कारणों से हल नहीं कर पाते हैं और दीप्ति की शादी सफल व्यक्ति विनय से कर दी जाती हैं। विनय तरक्की की सीढ़ियां चढ़ता-चढ़ता अपने काम में इतना अत्यधिक व्यस्त होता चला जाता है की परिवार और पत्नी को समय देना अत्यधिक अभाव हो जाता है। जिससे उनके पारिवारिक जीवन में कड़वापन घुलना शुरू हो जाता है। फिर उसी झुंझलाहट में हर बात आदेशात्मक लहजा लिए बात करते है फिर चाहे वो अंतरंग पल ही क्यों न हो। वर्षों बाद दीप्ति सरिता की शादी में आती है और विवाह के बाद एक दिन शाम होते ही अपनी प्रिय जगह की ओर पैर अपने आप बढ़ जाते है। जाने के बाद देखती की जहां वो कभी पंकज के साथ बैठती थी। आज उस स्थान को नए कपल ने उनका स्थान ले चुके है और फिर अपने कदम को दूसरी दिशा की मोड़ देती है। दूसरे दिन दीप्ति की पंकज से मुलाकात होती है फिर दोनों ही अपने आप को रोक नहीं पाये। इन वर्षों में मन की पीड़ा को एक दूसरे के सामने काव्य गीतों के माध्यम से सुलझाने के लिए खोलते है। नाटक के कलाकार सुब्रत रॉय, आशीष पांडेय, चारु शुक्ला, प्रिया राज कपूर, हिमानी सिंह, मुकेश सोनी, सोनिका पाल, अंचित सक्सेना, देवांग राय, तनमय लहरी, मयंक पाठक एवं आस्था शुक्ला ने अपनी कलाकारी से लोगों का दिल जीत लिया।

# पैक्स समिति गठित करने के दौरान सदस्यों में झड़प, गठन रजिस्टर को फाड़ा

**» बैठक में शामिल प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी दीपक कुमार ने सदस्यों को समझाया कि प्रबंधक को अविलंब हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। बल्कि आदर्श नियमावली के तहत प्रबंधक को हटाने के लिए प्रस्ताव लिखा जा सकता है और उक्त प्रस्ताव को मार्ग निर्देश के लिए विभाग को भेजा जाएगा। प्रबंधक को बदलने का प्रस्ताव गठन पंजी में दर्ज किया गया।**

निज संवाददाता | करगहर/रोहतास

प्रखंड के अकोढ़ी पैक्स में मंगलवार को पैक्स प्रबंध कार्यकारिणी समिति गठन को लेकर हुई बैठक में सदस्यों ने जमकर बवाल मचाया तथा दोनों पक्षों में हुई झड़प के दौरान गठन रजिस्टर फाड़ डाले गए। जिसे लेकर दोनों पक्षों ने बड़हरी थाना में आवेदन पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। बताया जाता है कि पूर्व पैक्स अध्यक्ष आदित्य प्रकाश और निर्वाचित पैक्स अध्यक्ष विनय कुमार में आपसी सहमति के आधार पर प्रबंध कार्यकारिणी समिति गठन के लिए बैठक बुलाई गई। बैठक का कोरम पूरा करने के दौरान पूर्व पैक्स अध्यक्ष के सदस्यों ने प्रबंधक को हटाकर नया प्रबंधक बनाए जाने की बात रखी। बैठक में शामिल प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी दीपक कुमार ने सदस्यों को समझाया कि प्रबंधक को अविलंब हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। बल्कि आदर्श नियमावली के तहत प्रबंधक को हटाने के लिए प्रस्ताव लिखा जा सकता है और उक्त प्रस्ताव को मार्ग निर्देश के लिए विभाग को भेजा जाएगा। प्रबंधक को बदलने का प्रस्ताव गठन पंजी में दर्ज किया गया। पदाधिकारी की बातों को मानकर सभी आठ सदस्यों ने गठन पंजी पर हस्ताक्षर बना दिए। बैठक समाप्ति के बाद जब निवार्चित अध्यक्ष गठन पंजी लेकर जाने लगे तो कुछ सदस्य उनसे गठन पंजी मांगने लगे। जिसे लेकर दोनों पक्ष के सदस्य आपस में उलझ गए। दोनों ओर से जमकर झड़पें हुई। कई लोगों को हल्की चोटें आई। रजिस्टर छीना झपटी में बुरी तरह फट गया। जिसे लेकर दोनों पक्षों के लोग बड़हरी थाना पहुंच एक दूसरे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में बीसीओ दीपक कुमार ने बताया कि क्रियाशील समितियों में प्रबंध कार्यकारिणी समिति गठन कर तेजी से कार्यों का संचालन करने के लिए बैठक बुलाई गई थी। उन्होंने बताया कि समिति के पुराने प्रबंधक को हटा कर तुरंत नया प्रबंधक चुने जाने की प्रक्रिया आदर्श नियमावली में नहीं है। बल्कि गठन पंजी में सदस्यों द्वारा प्रस्ताव लाया जा सकता है। जिसके आलोक में विभाग से प्राप्त मार्गनिर्देश के आलोक में प्रबंधक को हटाया जा सकता है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट व अगवा करने की कोशिश, वीडियो वायरल

**आरा**। नगर थाना क्षेत्र के विजयनगर गौसगंज मोहल्ला में हथियार के बल पर मारपीट और अगवा करने की कोशिश करने का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले को लेकर पीड़ित बड़हरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी धर्मराज सिंह के पुत्र पवन कुमार सिंह उर्फ पिंटू सिंह ने नगर थाना में आवेदन दिया है। पीड़ित ने आवेदन में लिखा है कि 15 दिसंबर की रात करीब 10 लोग मेरे दरवाजे पर राइफल व पिस्टल के साथ आए और मुझे मारने पीटने लगे और हथियार दिखाते हुए जान मारने की नीयत से गाड़ी में खींचकर बैठा लिया। इसके बाद में गाड़ी से कूद कर भागा और अपनी जान बचाया। इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा कि 8 कुछ लोग हथियार के साथ साथ मारपीट कर रहे हैं। हालांकि दैनिक भास्कर इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

### वोटरों को रिझाने में लगा भोजपुरिया जन मोर्चा

**आरा**। भोजपुरिया जन मोर्चा का वोटर जागृति टीम केसोपुर, श्रीनगर, बड़हरा, बड़की लाहौर, छोटकी लाहौर पहुंचा। लाहौर में कमिटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में वोटर जागृति टीम का स्वागत किया गया। सभा की अध्यक्षता कौशल कुमार सिंह ने किया। संचालन प्रदेश सचिव अविनाश प्रसाद ने किया। इस दौरान दर्जनों महिला पुरुष पार्टी का सदस्य बने। अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि पूरे बिहार मे वोटर जागृति यात्रा चल रहा है। जब तक भूमिहीन को 5डिसमिल जमीन एवं सभी वोटरों को दस हजार रुपया हरेक महीना नहीं मिल जाता हमलोग चैन से बैठने वाले नहीं है। हमें जात पात से ऊपर उठकर एक होकर सरकार के खिलाफ 9 फरवरी 2025 को, पटना के गांधी मैदान में होने वाली वोटर अधिकार रैली में चलना होगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता सह संगठन प्रभारी गोरखनाथ अकेला ने कहा कि जिला में वोटर जागृति दर्जनों गांव में किया गया। देश का लोकतंत्र सिकुड़ता जा रहा है। सरकार निरंकुश हो चुकी है, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का दुरुपयोग कर सरकारें बनाई जा रही हैं। देश के मतदाताओं में बहुत आक्रोश है।

### योजनाओं को समय पर पूरा करने का दिया निर्देश

**आरा**। राज्य के मुख्य सचिव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। संबंधित पदाधिकारियों को समय पर योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। मुख्य सचिव ने भवन प्रमंडल, उद्योग विभाग, विद्युत विभाग, पीएचईडी विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, पर्यटन विभाग, योजना विभाग व नगर निगम द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस बैठक में डीएम तनय सुल्तानिया, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सत्य प्रकाश, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आदि मौजूद थे।

### नगर निकाय के पथों को राजमार्गों से जोड़ेगी सरकार : उपमुख्यमंत्री

**आरा**। जिला समाहरणालय के सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के संचालन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। इस दौरान डीएम तनय सुल्तानिया ने क्रियान्वित योजनाओं और प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र के दोनों योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। उस पर कार्यवाही होगी। इसके बाद संचालन समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय समस्याओं बारे में बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य नगर निकायों के पथों को राष्ट्रीय राजमार्ग या पथ निर्माण विभाग के प्रमुख सड़कों से लिंक सड़कों के रूप में जोड़ना है। अधिक आबादी को लाभान्वित करने वाली सड़कों को प्राथमिकता देना है। अब तक प्राप्त योजनाओं में उपयोगिता के आधार पर सड़क, पुल-पुलिया एवं सेतु निर्माण की सूची बनाकर डीएम और नगर निगम को उपलब्ध कराएं। इसके आधार पर उक्त दोनों योजना के स्थल का निरीक्षण कर प्राक्कलित राशि के अनुरूप आवंटन उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे संबंधित क्षेत्र में विकास का कार्य किया जा सके। एक सप्ताह के भीतर सभी सदस्यों को इसकी कार्यवाही पुस्तिका उपलब्ध कराया जाए। बैठक में विधान पार्षद राधाचरण साह, आरा के विधायक अमरेंद्र प्रताप सिंह, बड़हरा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, तरारी के विधायक विशाल प्रशांत आदि मौजूद थे।

### पंचमुखी महावीर मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू

**बक्सर**। शहर के पंचमुखी महावीर मंदिर के परिसर में मंगलवार को 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। हरिकीर्तन के आयोजक धनु केशरी ने बताया कि उक्त आयोजन बेटी होने का मन्नत पूरा होने के उपलक्ष्य में कराया जा रहा है। हरिकीर्तन मंडली के कलाकारों के साथ अन्य लोग सुर में सुर मिलाते हुए भक्ति में लीन रहे। धनु केशरी ने बताया कि बुधवार को भव्य भंडारे के साथ दिन के करीब 12 बजे हरिकीर्तन का समापन किया जाएगा। मौके पर अर्चना केशरी, मनु केशरी, शिवचंद केशरी, पायल केशरी, बैद्यनाथ केशरी, मुटन प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, विनायक केशरी समेत शहर के अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। हरिकीर्तन में शामिल लोगों को सम्मानित करते हुए प्रसाद का वितरण किया गया।

### कक्षा 8 तक के लिए रीडिंग स्किल व गणित की विशेष क्लास

**बक्सर**। जिले के 1149 सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 2.70 लाख विद्यार्थी धारा प्रवाह पढ़ाई कर सकेंगे। इसके लिए शिक्षा विभाग ने जरूरी कदम उठाया है। अब कक्षा एक से आठ तक के छात्र-छात्राओं की रीडिंग स्किल के साथ गणित में उन्हें तेज करने को लेकर विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा। ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही छात्र अपनी पाठ्य पुस्तकों को धारा प्रवाह पढ़ सकें। गणित के कौशल का भी विकास कराना उद्देश्य है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा के निदेशक पंकज कुमार ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पत्र के अनुसार राज्य के 1000 विद्यालयों के वर्ग 03, 05 और 08 के 25 हजार छात्रों का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान पाया गया कि पाठ्य-पुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने एवं जोड़, घटाव, गुणा एवं भाग के प्रश्न को सही-सही हल करने के लिए छात्रों को और अभ्यास की आवश्यकता है। इसके बाद यह निर्णय लिया गया है। 100 दिनों तक विशेष कक्षा का होगा संचालन शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में बचे शेष अवधि के दौरान 100 दिनों तक धारा प्रवाहर पढ़ने के साथ गणित के प्रश्नों को हल करने को लेकर विशेष तौर पर कक्षा का संचालन कराया जाएगा। सत्र 2024-25 की बची हुई अवधि में कक्षा 01 से 08 तक के छात्रों में धारा प्रवाह पढ़ने के कौशल के साथ गणित के कौशल को विकसित कराना उद्देश्य है। ताकि छात्रों का आधार मजबूत हो सके। इसके साथ हीं वे अगली कक्षा के लिए तैयार हो सकें।

### खेल शारीरिक व मानसिक रूप से बनाता है मजबूत

**बक्सर**। हेरिटेज स्कूल अर्जुनपुर परिसर में दिलीप पाठक मेमोरियल स्पोर्ट्स मीट के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रेसिडेंट प्रेम कुमार पाठक, निदेशक प्रदीप कुमार पाठक, सिल्वर बेल्स स्कूल के निदेशक प्रदीप ओझा, प्राचार्या सुषमा कुमारी, वरीय शिक्षक डॉ श्रीनिवास चतुर्वेदी एवं जितेंद्र मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रेसिडेंट ने अतिथियों सहित राष्ट्रीय स्तर की वुशु खिलाड़ी निधि कुमारी को सम्मानित करते हुए दूसरे दिन के खेल प्रतियोगिता को प्रारंभ कराया। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में प्रथम दिन के सभी प्रतिभागियों को सम्मानित अतिथियों के द्वार पुरस्कृत करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर विभिन्न हाउसों के छात्र-छात्राओं ने भिन्नात्मक खेलों में हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने 100मीटर रेस, 200मीटर रेस, 400 मीटर रेस, स्पून मार्बल रेस, क्रिकेट, टग ऑफ वार, बैडमिंटन, मैथ रेस, लॉन्ग जंप, हाई जंप, कबड्डी आदि खेलों में हिस्सा लिया। विद्यालय के निदेशक प्रेम कुमार पाठक ने जीवन में भौतिक शिक्षा को दिनचर्या में अपनाने की सलाह दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल में हार जीत की भावनाओं को उनके लक्ष्य के आलोक में समझाते हुए उत्साह पूर्ण माहौल में खेलने की सलाह दी।

# जमीनी विवाद में अधेड़ को चलती ट्रेन से धकेला

निज संवाददाता। आरा



♦ जमीन की रसीद कटवाने के नाम ले गए थे, मौसेरा भाइयों से चल रहा था विवाद

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया स्टेशन के आगे चलती ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रेन से गिरने के कारण उनका दाहिना हाथ धड़ से अलग हो गया। इसके बाद जीआरपी पुलिस की ओर से उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। सूचना पाकर परिजन आर आरा सदर अस्पताल पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए पटना ले गए। वहीं, इस मामले में परिजनों ने पूर्व के विवाद को लेकर अपने हो पाट्टीदार पर ट्रेन से धकेलने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, घायल थाना कोईलवर थाना के क्षेत्र के सकड्डी गांव निवासी स्व. दीनानाथ भगत के 46 वर्षीय पुत्र गजेंद्र माली हैं। घायल अधेड़ के परिजन ने बताया कि उनके मौसी के परिवार वालों से कुछ दिनों से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है, जिसको लेकर उनके मौसी का लड़का संतोष भगत, लोकनाथ एवं गाना भगत उनके गांव आया था और जमीन का रसीद कटवाने की बात बोलकर उन्हें अपने घर से अपने साथ ले गया। इसके बाद वह उन्हें कुल्हड़िया स्टेशन से ट्रेन पर अपने साथ ले गया। जैसे ही ट्रेन कुल्हड़िया स्टेशन के कुछ आगे बढ़ी तो उसने उन्हें ट्रेन से धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों की ओर से इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर रेल पुलिस वहां पहुंची और उन्हें इलाज के लिए आरा अस्पताल ले आई। सूचना पर परिजन भी आरा सदर अस्पताल पहुंचे। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया।

**पीड़ित परिवार बोला- जेसीबी से हमारा घर तोड़ दिया था**: वहीं, परिजन ने बताया इन लोगों की ओर से जेसीबी से हम लोगों का घर तोड़ दिया था, जब दोबारा घर बनवाने जा रहे थे उसने कहा कि तुम लोग पहले मापी कर लो। उसके बाद भी नहीं माने फिर इसके बाद इस घटना को अंजाम दिया गया।

## भोजपुर में साढ़े छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

निज संवाददाता। आरा



♦ जर्जर तार बदलने और सड़क निर्माण में आ रहे अंतिम छोर तक पोल गाड़ने का होगा काम

आरा शहर के टाउन फीडर से साढ़े छह घंटे विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद। आज 18 दिसंबर दिन बुधवार की सुबह 10:30 बजे से शाम 5 तक बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी । इस संदर्भ में कनीय विद्युत अभियंता द्वारा बताया गया कि नागरी प्रचारिणी के पास एल टी जर्जर तार को केबुल से बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण जिस कारण बाबू बाजार, रीगल होटल, पार्क भय्यू, शाहिद भवन मोड़, डॉ कन्हैया सिंह एवं महावीर टोला के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। आनंद नगर फीडर से तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 11 kv आनंद नगर फीडर में सड़क निर्माण एजेंसी के द्वारा चौड़ीकरण हेतु बीच में आ रहे पोल को सड़क के अंतिम छोर पर गाड़ने के लिए दोपहर 12 से 03 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। मोहल्ले वासियों से अपील है कि पहले से अपने अपने घरों के जरूरी काम को निपटा ले एवं पानी की व्यवस्था कर ले। उपभोगताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। आनंदनगर फीडर से पूरा आनंदनगर, बस स्टैंड, श्री टोला, जवाहर टोला, सपना सिनेमा, सपना सिनेमा मोड़, नेहरू नगर, मवेशी हॉस्पिटल, शिवपुर, रीगल होटल एवं अन्य के आस पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस क्षेत्र के सभी पोल व जर्जर तार की भी मरम्मती की जाएगी ताकि बिजली उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो,के लिए सभी बिजली उपभोक्ताओं से सूचना देकर अपील की गई है बिजली से जुड़ा कार्य को समय से पहले निपटा ले। सहायक अभियंता ने कहा की काम खत्म होने के साथ जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की कोशिश की जाएगी ।

## वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय में छात्र कर रहे आंदोलन

निज संवाददाता। बक्सर





बक्सर जिले के वीर कुंवर सिंह कृषि महाविद्यालय, डुमरांव में डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा को दोबारा प्राचार्य बनाए जाने पर छात्र लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे है। बीते पांच दिनों से महाविद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगाकर छात्र उग्र आंदोलन कर रहे है।

**SDM और SDPO पहुंचे कॉलेज**: इस विवाद को सुलझाने के लिए कृषि विभाग के संयुक्त सचिव, अनुमंडल पदाधिकारी (SDM) राकेश कुमार और SDPO आफाक अख्तर अंसारी कॉलेज पहुंचे। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी छात्रों से बातचीत की और उनकी मांगों को सुना। संयुक्त सचिव ने छात्रों को बताया कि पुराने प्राचार्य के नियुक्ति आदेश को वापस ले लिया गया है। साथ ही छात्रों से धरना समाप्त करने की अपील की। हालांकि, प्रदर्शनकारी छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे और विश्वविद्यालय के कुलपति (VC) को बुलाने की मांग की।

**SDM ने प्रभारी प्राचार्य को दी चेतावनी**: डुमरांव SDM राकेश कुमार ने प्रभारी प्राचार्य डॉ. रियाज अहमद को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कॉलेज के अंदर चल रही आंतरिक राजनीति को नहीं रोका गया और प्रदर्शन समाप्त नहीं कराया गया, तो प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़ेंगे। मौके पर पहुंचे संयुक्त सचिव ने कहा कि विद्यार्थियों से पॉजिटिव बात हुई है। छात्रों की डिमांड पर गौर करते हुए पुराने प्राचार्य के नियुक्ति आदेश को वापस ले लिया गया है। साथ ही सभी छात्रों को समझाकर धरना खत्म करने की अपील की गई है।

## सभी दुकानों में CCTV कैमरा लगाना जरूरी



♦ बक्सर SP ने दिया निर्देश, व्यवसायियों की सुरक्षा को लेकर हुई चर्चा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के व्यवसायियों को अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। एसपी शुभम आर्य ने जिले के औद्योगिक संगठन व व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों और प्रमुख व्यवसायियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसको लेकर बक्सर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में एसपी शुभम आर्य व सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी ने बैठक किया। बैठक में जिले के औद्योगिक संगठन, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों व प्रमुख व्यवसायी शामिल हुए। बैठक के दौरान औद्योगिक संगठन, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधी और प्रमुख व्यवसायियों से उनके समस्याओं के बारे में जाना गया, जिसमें मुख्य रूप से यातायात प्रबंधन, बाजारों व व्यवसायियों की सुरक्षा पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित औद्योगिक संगठन, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों और प्रमुख व्यवसायियों से एसपी ने अपील किया कि सभी अपने-अपने दुकान या प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरा लगाए।

**सीसीटीवी कैमरा का रुख दुकान के बाहर की तरफ रखें**: एक कैमरा का रुख दुकान के बाहर की तरफ रखने की अपील की गई है। जिसमें दुकान के इंट्री गेट से लेकर रास्ता तक कवर हो सके। औद्योगिक संगठन व्यापारिक संगठन के पदाधिकारियों और व्यवसायियों की ओर से सकारात्मक तरीके से समस्याओं को रखा गया व जिला पुलिस को आवश्यक सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया गया। एसपी ने अपील किया कि बक्सर जिला के सभी औद्योगिक संगठन, व्यापारिक संगठन के प्रतिनिधियों और प्रमुख व्यवसायियों से अपील किया कि अपनी समस्याओं को बक्सर पुलिस के साथ साझा करें। विभिन्न मौकों पर आवश्यक सहयोग का आदान - प्रदान करने की अपील की गई। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), के साथ ही नगर थानाध्यक्ष, औद्योगिक थानाध्यक्ष, मुफ्फसिल थानाध्यक्ष, यातायात थानाध्यक्ष के उपस्थित रहने की बात कही गई।

## आरोपी की घबराहट देख पीड़िता की मां को हुआ शक

निज संवाददाता। आरा



टाउन थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में सोमवार की रात मोहल्ले के ही मुंह बोले चाचा की ओर से अपने घर बुलाकर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। मृत बच्ची की मां के बयान पर उसी मोहल्ले के निवासी नारायण साह उर्फ वकील साह के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिक में मृत बच्ची मां की ओर से कहा गया कि सोमवार की शाम उनकी बेटी मोहल्ले में ही स्थित आटे की दुकान पर आटा लाने गई थी।

**आरोपी बोला- आपकी बेटी नहीं आई थी**: पीड़िता की मां के मुताबिक, आटा लेकर जब वह घर वापस आई और उनसे बोली कि मैं नारायण साह उर्फ वकील साह के घर जा रही हूं। काफी समय तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो वे लोग नारायण साह उर्फ वकील साह के घर गए और पूछा कि उनकी बेटी वहां आई है तो नारायण साह उर्फ वकील साह ने घबराहट से बोला कि नहीं आपकी बेटी मेरे घर नहीं आई है। इसके बाद उन लोगों की ओर से मोहल्ले के कई घरों में उसकी खोजबीन की गई लेकिन वह नहीं मिली। नारायण साह उर्फ वकील साह के घबराए हुए चेहरे से उन लोगों को शक होने के कारण जब उसके घर दोबारा जाकर जबरदस्ती उसके घर में खोजने लगे।

**लाश देख इक्ट्ठा लोगों ने आरोपी को पकड़ा, पीट-पीटकर किया अधमरा**: जब वे लोग उसके घर के आंगन के अंतिम वाले अन्दर ग्राउंड कमरे में जाकर देखा कि उनकी बेटी चौकी के नीचे पड़ी हुई है। इसके बाद उन लोगों द्वारा अपनी बेटी को नीचे से निकाला और उसके घर के गेट के सीढ़ी पर रखा दिया। रोने की आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। जिसके गुसाए लोगों ने नारायण साह उर्फ वकील साह की जमकर पिटाई कर दी। वहीं, मृत बच्ची की मां के की ओर से अपनी बेटी के साथ दुष्कर्म करने, मुंह व गला दबाकर हत्या करने तथा साक्ष्य छिपाने का भी आरोप लगाया है।

**चार घंटे तक आरा-पटना सड़क रखा जाम**: उधर, मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना करने व उसके बाद उसकी हत्या करने के मामले में स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क उठा। लोगों ने धरहरा चौकी के समीप मुआवजे व मृत बच्ची के घर में सरकारी नौकरी की मांग को लेकर उंसके शव को सड़क के बीच सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम के दौरान उनके ओर से टायर जलाकर आगजनी भी की गई। गुस्साए लोगों ने करीब चार घंटे तक सड़क को जाम रखा।

## बिल्डर से रंगदारी मांगने के मामले में 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा



आरा शहर के टाउन थाना पुलिस ने एक बिल्डर से करीब 5 लाख रुपए रंगदारी मांगे जाने एवं रंगदारी नहीं देने पर गोली मारने की धमकी दिए जाने के चर्चित मामले में तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सदस्यों में अबरपुल के रहने वाले बड़े उर्फ रामाशंकर, बेगमपुर निवासी रौशन कुमार उर्फ गोलू और बड़की सिंगही गांव निवासी सुजीत कुमार शामिल है। इसमें बड़े उर्फ रामाशंकर को पटना, रौशन कुमार उर्फ गोलू को बक्सर एवं सुजीत कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

**सभी आरोपी बेलाल मियां गैंग से जुड़े हैं**: इंस्पेक्टर देवराज राय के अनुसार सभी आरोपित बेलाल मियां गैंग से जुड़े हैं। रंगदारी का पैसा पहुंचाने समेत अन्य कार्यों में उसकी मदद करते थे। जबकि, अन्य की तलाश जारी है। 6 दिसंबर 2024 को ढोल बजवाकर अबरपुल निवासी वांटेड बेलाल मियां, उसके भाई मो.शहनवाज, मो.अफताब के अलावा अबरपुल- रमगढ़िया निवासी बड़े सोनार एवं बेगमपुर निवासी रौशन उर्फ गोलू के घर पर विधिवत इश्तेहार चस्पाए जाने की कार्रवाई की गई थी। मोहम्मद बेलाल का लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। इसे लेकर अबरपुल निवासी पीड़ित बिल्डर पप्पू खां उर्फ मोहम्मद जाबीर ने छह अक्टूबर 2024 को संबंधित थाना में छह नामजद समेत अज्ञात के विरुद्ध FIR कराई थी। प्राथमिकी में रंगदारी नहीं देने पर परिवार समेत गोली मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया गया था। इधर, तीन दिसंबर को रंगदारी से संबंधित केस नहीं उठाने पर टाउन थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला के समीप हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े बिल्डर के धागा -बटनकारोबारी भाई मो.जाहीद के साथ मारपीट की थी।

## CS कार्यालय के पास ममता दीदियों का प्रदर्शन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर सदर अस्पताल स्थित बिहार राज्य ममता कार्यकर्ता संघ ने सीएस कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। जमकर नारे बाजी करते हुए बिहार सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाए। बुधवार की दोपहर सैकड़ों की संख्या में पहुंची ममता बिहार राज्य ममता कार्यकर्त्ता संघ के बैनर तले सीएस कार्यलाय के सामने बैठ गई। ममता दीदियों ने कहा कि जब-तक हमारी 10 सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया जाता, हमारा आंदोलन आगे और भी तेज होगा। कहा गया कि वित्तीय वर्ष 2023 का भी 4 से 6 माह तक का प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही साल 2024 का भी 10 (दस) माह से ममता कार्यकर्ताओं का प्रोत्साहन राशि आवंटन के आभाव में भुगतान नहीं होने के कारण वे भूखमरी के कगार पर हैं।

**3 शिफ्टों में होता है काम**: ममता दीदी आरती देवी ने बताया कि कार्यकर्ताओं का काम 3 (तीन) शिफ्टों में सामूहिक रूप से सम्पादित होता है और प्रत्येक प्रसव 300/- (तीन सौ) रूपया उस समूह को मिलता है, जिस समूह के कार्य के दौरान प्रसव होता है। प्रसव नहीं होने की स्थिति में आने-जाने का किराया भी हमें अपनी जेब से भरना पड़ता है। सरकारी संस्थानों में न तो हमें उठने बैठने के लिए कोई कमरा आवंटित किया गया है। वर्दी के रूप में आपूर्ति की गयी है, जिसके कारण बच्चा चोर गिरोह ने बच्चों की चोरी होने पर हमारे ऊपर आरोप मढ़ने की साजिश भी कई जगहों पर की गयी है। आवंटित कार्य के अलावा समाज में व्याप्त अर्द्ध-सागंति परिवेश के कारण बेगार कार्य भी हम लोगों से कराया जाता है। कभी-कभी छुआछूत की समस्या का भी हमें सामना करना पड़ता है। सरकार ने हमें कार्य पर रखा है और हमारी सेवा नियमित कराने का आश्वासन दिया गया। लेकिन अभी तक उस पर कोई पहल नहीं किया गया।

## सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्रीय विद्युत मंत्री से की मुलाकात



♦ चौसा पावर प्लांट में 800 मेगावाट जोड़ने की मांग, बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने पर चर्चा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह ने बुधवार को केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से विशेष मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों को हो रही बिजली संबंधी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। साथ ही कृषि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

**800 मेगावाट बीजली देने का प्रस्ताव**: जिले के चौसा पावर प्लांट में 800 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता जोड़ने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इससे क्षेत्र में बिजली की मांग को पूरा करने के साथ-साथ औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। चौसा पावर प्लांट की क्षमता बढ़ने से बिहार के कई जिलों में बिजली आपूर्ति की स्थिति मजबूत होगी। सुधाकर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि सबसे पहले, कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर की समस्या को उठाया गया। ग्रामीण लगातार शिकायत कर रहे है कि स्मार्ट मीटर से अनावश्यक बिजली बिल बढ़ रहे है और उन्हें परेशानी हो रही है। इस पर मंत्री जी से आग्रह किया गया कि स्मार्ट मीटर को हटाकर पारंपरिक मीटर प्रणाली लागू की जाए ताकि किसानों को राहत मिल सके।

**2500 मेगावाट पीएसपी पर चर्चा**: कैमूर हिल्स में 2500 मेगावॉट पंप एंड स्टोरेज परियोजना (पीएसपी) के क्रियान्वयन का मुद्दा उठाया गया। यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।

# जज और एलएडीसी ने गोड्डा मंडल कारा का किया निरीक्षण, बंदियों से की मुलाकात



- बंदियों से मुलाकात और समस्याओं का समाधान
- आदिवासी बंदियों का नृत्य और चित्रकला का अवलोकन

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य, सचिव डा० प्रदीप कुमार और एलएडीसी (जिला विधिक सेवा अधिकारियों) ने बुधवार को गोड्डा मंडल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारा में बंदियों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं और उनके विधिक अधिकारों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीशों ने न केवल बंदियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, बल्कि जेल प्रशासन की ओर से मुहैया कराई जा रही आधारभूत सुविधाओं, चिकित्सा सेवाओं और विधिक सहायता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जेल के विभिन्न वार्डों का दौरा किया और वहां के बंदियों से बारी-बारी से मुलाकात की। इस दौरान, कई बंदियों ने जेल में मिलने वाली सुविधाओं और अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में पीडीजे को अवगत कराया। न्यायाधीश ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें तत्काल समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान, महिला बंदी वार्ड में बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए तात्कालिक रूप से टॉफी और शिक्षण सामग्री का वितरण भी किया गया। यह कदम बच्चों के मानसिक विकास और खुशी को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया था। एलएडीसी ने इस संबंध में न्याय रक्षक को कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए, ताकि भविष्य में बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आदिवासी बंदियों ने इस अवसर पर जेल प्रशासन और न्यायिक पदाधिकारियों का अभिनंदन करने के लिए मांदर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया। यह नृत्य आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का आदान-प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण तरीका था। इसके साथ ही, बंदियों द्वारा बनाई गई आकर्षक चित्रकला का भी निरीक्षण किया गया, जो जेल में उनके रचनात्मक कार्यों को दर्शाता था। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार वैश्य ने इस निरीक्षण में विशेष रूप से नालसा (राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण) के निर्देशों के आलोक में जेल में बंदियों को मिलने वाली विधिक सहायता की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा, 'बंदियों को भी अन्य नागरिकों की तरह संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। जेल में उन्हें जो भी स्वास्थ्य सुविधाएं और विधिक सहायता मिलनी चाहिए, उनका निरंतर मूल्यांकन किया जाएगा।' जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष ने इस बात को भी स्पष्ट किया कि बंदियों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का भी बारीकी से अवलोकन किया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि उन्हें सभी प्रकार की चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो। इस निरीक्षण के दौरान प्रभारी जेलर प्रियरंजन कुमार, एलएडीसी सह न्याय रक्षक लीली कुमारी, आयुष राज, अधिकार मित्र नवीन कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर इस निरीक्षण को सफल बनाने में सहयोग दिया और जेल में बंदियों को बेहतर सेवाएं देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में बंदियों के अधिकारों की रक्षा करना, उनके स्वास्थ्य और विधिक सहायता की स्थिति का मूल्यांकन करना था। न्यायाधीश ने कहा कि इस प्रकार के निरीक्षण से जेल सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं और बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों का पूरा संरक्षण मिल सकेगा।

## 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर का आयोजन होगा आज, डीसी ने दिए जरूरी दिशा निर्देश

निज संवाददाता | गोड्डा



कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार, 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक जिले में 'गुड गवर्नेंस वीक' के तहत 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य आम जनता को दी जाने वाली सेवाओं में सुधार करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर ने इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए बताया कि इस सप्ताह के दौरान लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 और सीपीग्राम पोर्टल पर लंबित परिवेदनाओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। इसके अलावा, सभी प्रखंडों में पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। उक्त शिविरों में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे- मनरेगा, पीएम जनमन सर्वे आदि से संबंधित प्राप्त दावों और शिकायतों का निस्तारण भी किया जाएगा। यह अभियान विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का समाधान करने और सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं और सुनिश्चित किया है कि किसी भी नागरिक को परेशानी का सामना न करना पड़े।

### पत्रकारों की समस्या को लेकर सरकार का ध्यान कराया जायेगा आकृष्ट : राज्यपाल

# राज्यपाल से पत्रकारों की समस्याओं को ले एआईएसएमजेडब्ल्यूए ने की मुलाकात

**एआईएसएमजेडब्ल्यूए के संघ के अध्यक्ष को राज्यपाल से मिला ठोस आश्वासन**

- पत्रकारों पर दर्ज हो रहे मामलों की सीआईडी जाँच और राज्य में पत्रकार सुरक्षा विषय को ले कराया ध्यान आकृष्ट



निज संवाददाता | गोड्डा

झारखंड में पत्रकारों की सुरक्षा और उनके खिलाफ दर्ज मामलों को लेकर एआईएसएम जर्नलिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन (एआईएसएमजेडब्ल्यूए) ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। संताल परगना प्रमंडलीय अध्यक्ष राकेश चंदन ने बुधवार को रांची स्थित राज भवन में राज्यपाल से मिलकर पत्रकारों पर बढ़ते झूठे मुकदमों और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के मुद्दे पर राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की। राकेश चंदन ने राज्यपाल को बताया कि झारखंड में पत्रकारों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, खासकर संताल परगना प्रमंडल में दो दर्जन से अधिक पत्रकारों पर फर्जी मुकदमे दायर किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ने इस मुद्दे को लगातार राज्य सरकार के सामने उठाया है, लेकिन सरकार द्वारा इसपर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके अलावा, पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करने में भी सरकार की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य के पत्रकारों के अधिमान्यता से संबंधित आवेदन सूचना और जनसंपर्क विभाग में लंबित पड़े हुए हैं, और कई पत्रकारों की अधिमान्यता बिना किसी ठोस कारण के रद्द कर दी गई है, जो विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाता है।

राकेश चंदन ने राज्यपाल से यह भी कहा कि झारखंड के पत्रकारों को न तो बीमा और न ही आवास की सुविधा प्राप्त है, जबकि इस मामले में एसोसिएशन ने लगातार आंदोलन किया है। कई पत्रकारों का इलाज न होने की वजह से निधन हो चुका है, और उनके परिवारों को सरकार की कोई मदद नहीं मिल पाई है। उन्होंने सरकार से अपील की कि यदि सरकार चाहें तो अनुबंध पर परिवार के किसी एक सदस्य को रोजगार देने की व्यवस्था की जा सकती है, जिसे जिला उपायुक्तों के माध्यम से लागू किया जा सकता है। राज्यपाल संतोष गंगवार ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और पत्रकारों की समस्याओं को राज्य सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, 'पत्रकार लोकतंत्र के स्तंभ हैं, और उनके मामलों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मैं सभी बिंदुओं से राज्य सरकार को अवगत कराऊंगा और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।' इस मुलाकात के बाद, एआईएसएमजेडब्ल्यूए के सदस्यों ने राज्यपाल के आश्वासन का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि पत्रकारों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति सरकार जल्द ही ठोस कदम उठाएगी।

## कांग्रेस नेता के आकस्मिक निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**गोड्डा (नि.सं.)।** सदर प्रखंड अंतर्गत मारखन पंचायत के युवा कांग्रेस नेता गंगाराम सोरेन का आकस्मिक निधन हो गया, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। इस दुखद समाचार को सुनकर जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव और जिला सचिव निरंजन सिकदार मृतक नेता के गांव मारखन पहुंचे। उन्होंने गंगाराम सोरेन के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और फूल माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश प्रसाद यादव ने गंगाराम सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस युवा कार्यकर्ता के निधन से कांग्रेस पार्टी को एक मजबूत नेता का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि गंगाराम की कमी पार्टी के लिए भरना बहुत कठिन होगा, क्योंकि उन्होंने अपनी पूरी मेहनत और समर्पण से पार्टी के लिए काम किया था। इसके अलावा, जिला कांग्रेस कमेटी के सभी सदस्यों ने भी गंगाराम सोरेन के आकस्मिक निधन पर दुख प्रकट किया और उनके योगदान को सराहा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि गंगाराम का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

## रिलायंस क्रिकेट क्लब बी ने 11 स्टार क्रिकेट क्लब बी को 6 रन से किया पराजित

निज संवाददाता | गोड्डा

जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में गांधी मैदान में आयोजित ए डिवीजन क्रिकेट लीग के तहत बुधवार को रोमांचक मुकाबले में रिलायंस क्रिकेट क्लब बी ने 11 स्टार क्रिकेट क्लब बी को 6 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रिलायंस क्रिकेट क्लब बी की टीम ने 30 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 157 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। इस पारी में राहुल रंजन ने 49 रन बनाए, जबकि चंदन कुमार ने 35 रनों का योगदान दिया। जवाब में, 11 स्टार क्रिकेट क्लब बी की टीम 28.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 151 रन ही बना सकी।

प्रियांशु और विक्रम ने 41-41 रन बनाकर टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाए। हालांकि, नोमान असरफ ने 4 विकेट और सावन ने 3 विकेट लेकर मैच का रुख बदल दिया। मैच के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नोमान असरफ को दिया गया। यह पुरस्कार जिला क्रिकेट संघ के सदस्य विजय राय ने उन्हें प्रदान किया। अंपायर की भूमिका में प्रभुनाथ साह और विजय राय थे, जबकि स्कोरर का कार्य मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## किशोरी-अभिभावक संवाद का आयोजन

**गोड्डा (नि.सं.)।** बोआरीजोर प्रखंड के मेघी पंचायत भवन में अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से साथी संस्था द्वारा किशोरी अभिभावक संवाद का आयोजन किया गया जिसमे पंचायत के किशोरिया और उनके अभिभावक ने भाग लिया। संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए साथी संस्था के कालेश्वर मंडल ने कहा की किशोरियों की शिक्षा, सुरक्षा और पोषण को सुनिश्चित करने के लिए किशोरी और अभिभावक को समन्वय के साथ काम करना है इन्होने कहा कि अभिभावक को किशोरियां स्कूल जाती है।

## सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, परिजनों ने किया सड़क जाम

निज संवाददाता | रामगढ़ (दुमका)

थाना क्षेत्र के रामगढ़ दुमका मुख्य मार्ग पर पथरिया गांव के पास बुधवार को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें 70 वर्षीय बिंदी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, और इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक महिला के परिजनों ने सड़क जाम कर दिया और अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से संवाद किया। घटना के अनुसार, बिंदी देवी अपने पोते विमल मंडल के साथ बाइक पर सवार होकर राशन दुकान जा रही थी। तभी रामगढ़ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने अचानक बिंदी देवी को ठोकर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई और विमल मंडल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक सवार युवक भी इस टक्कर के बाद सड़क पर गिर गया और बुरी तरह घायल हो गया। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई, और वहां पर स्थित लोग तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए दौड़ पड़े। घटना के बाद तुरंत ही रामगढ़ थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायल युवक को तुरंत इलाज के लिए दुमका स्थित फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। हालांकि, इलाज के दौरान युवक की भी मौत हो गई। मृतक बाइक सवार की पहचान इनोसेंट मुर्मू के रूप में हुई है, जो ग्राम हरियारी, थाना पोड़ैयाहाट, गोड्डा का निवासी था। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और लोग घटना को लेकर हैरान रह गए। घटना के बाद मृतक महिला के परिजनों ने गहरी नाराजगी जताई और रामगढ़ दुमका मुख्य मार्ग को पथरिया गांव के पास पूरी तरह से जाम कर दिया। सड़क जाम कर उन्होंने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की। परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसा प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुआ है और उनका कहना था कि यदि प्रशासन समय रहते सख्त कदम उठाता तो यह हादसा टल सकता था। इसके साथ ही उन्होंने मुआवजे की राशि को बढ़ाए जाने की मांग भी की। मृतक महिला का शव सड़क पर रख दिया गया, जिससे सड़क पर यातायात पूरी तरह से प्रभावित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और अंचल निरीक्षक सागेन मुर्मू ने परिजनों से बातचीत की और उन्हें शांत करने का प्रयास किया। पुलिस ने समझाया कि जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और दोषी को सजा दिलवाने की कोशिश की जाएगी। बावजूद इसके, परिजन अपने परिवार के सदस्य की मौत से दुखी और आक्रोशित थे। घटना स्थल पर जाम के कारण सड़क पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया था, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जाम को समाप्त करने का प्रयास किया, लेकिन इस बीच परिजनों की मांग पूरी होने तक जाम जारी रहा। यह हादसा इस बात का भी प्रतीक है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से होने वाली सड़क दुर्घटनाएं न केवल निर्दोष लोगों की जान लेती हैं, बल्कि उनके परिवारों को भी जीवन भर का दुख दे जाती हैं। हादसे के बाद प्रशासन ने पीड़ित परिवार को यथासंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में आयोजित पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

निज संवाददाता | दुमका



बाल विकास परियोजना दुमका सदर के तत्वावधान में आयोजित 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान के तहत बुधवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए दुमका सदर के अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अमर कुमार ने कहा कि इस प्रशिक्षण में जो जानकारी सेविकाओं को दी गई है और जो गतिविधियां सिखाई गई हैं, उन्हें सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से लागू करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि तभी यह अभियान धरातल पर सफल होगा और प्रशिक्षण का उद्देश्य सार्थक साबित होगा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को पोषण के साथ-साथ बाल गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा प्रदान करना था। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आवश्यक शिक्षण गतिविधियों से परिचित कराया गया। साथ ही, 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान को प्रभावी और सफल बनाने के लिए आवश्यक कदमों की जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना दुमका सदर द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में सेविकाओं को विशेष रूप से 3 से 6 आयु वर्ग के बच्चों के लिए मातृभाषा में पठन-पाठन गतिविधियों का आयोजन करने की जानकारी दी गई। इस प्रयास का उद्देश्य था कि बच्चों को उनके प्रारंभिक बचपन में शिक्षा के साथ-साथ पोषण भी मिले, ताकि वे शारीरिक और मानसिक रूप से बेहतर विकास कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स छाया मुर्मू और ललिता कुमारी ने प्रशिक्षण मॉड्यूल के अनुसार सत्रों का संचालन किया और आंगनबाड़ी सेविकाओं को पोषण और शिक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य सेविकाओं को इस अभियान के लिए सक्षम बनाना था, ताकि वे इन गतिविधियों को अपने आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू कर सकें। इस कार्यक्रम में विशेष ध्यान शून्य से 6 आयु वर्ग के बच्चों पर केंद्रित किया गया था, जिसमें 3 साल से कम उम्र के बच्चों को प्राथमिकता दी गई।

इस आयु वर्ग के बच्चों के लिए मातृभाषा में शिक्षा देने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ फिर से सशक्त बनाने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और सहायकों को बाल देखभाल कार्यकर्ता के रूप में नामित करने, और शिशु गृह सुविधा प्रदान करने पर भी फोकस किया गया। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जा रही सेवाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करने की भी योजना है। इसके अलावा, आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकार और ग्रामीण समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में स्थापित किया जा रहा है, खासकर गर्भवती माताओं और 6 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए। प्रशिक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को मौलिक स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और प्रारंभिक बचपन की शिक्षा प्रदान की जाती है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक सौ आंगनबाड़ी सेविकाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल विकास परियोजना कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका सरोजिनी सोरेन, कमल हेम्ब्रम और प्रखंड समन्वयक सुजाता कर्ण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर अंचलाधिकारी अमर कुमार ने कहा कि यह पहल आंगनबाड़ी सेविकाओं को उनकी जिम्मेदारियों के प्रति अधिक सक्षम बनाएगी और 'पोषण भी, पढ़ाई भी' अभियान को एक नई दिशा मिलेगी।

## सदस्यता अभियान को ले भाजपा ने की बैठक

**रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)।** प्रखंड के अलीगंज मैदान में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) द्वारा बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी सदस्यता अभियान की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता आसनबनी मंडल के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने की। इस बैठक में पार्टी के कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें बृंदाबन महातो, तपन राय, श्याम सुंदर गोराई, लखाई मोहली, नंदलाल राय, शत्रुघ्न मंडल, सोनाधन मुर्मू, उत्तम कुमार दास और गौर सुंदर राय शामिल थे। बैठक में आगामी 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। इस अभियान का उद्देश्य पार्टी के जनाधार को बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ना है।

## एलएजे कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों द्वारा स्वर्गीय विजय सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

निज संवाददाता | दुमका



रसिकपुर बड़ा बांध स्थित एल ए जे कैंप क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ियों ने बुधवार को दुमका जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष स्वर्गीय विजय सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। खिलाड़ियों ने 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया। अकादमी के मुख्य कोच अमित रंगराजन ने स्वर्गीय विजय सिंह के बारे में बताते हुए कहा, 'स्वर्गीय विजय चाचा हमेशा खिलाड़ियों के अच्छे भविष्य के लिए चिंतित रहते थे और उनका सपना था कि दुमका के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।' उन्होंने बताया कि विजय सिंह जब भी मौका मिलता, मैदान पर आकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते थे। अमित रंगराजन ने आगे कहा, 'स्वर्गीय विजय सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से बहुत बड़ी क्षति है।

उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी पले-बढ़े और उनकी प्रेरणा से कई क्रिकेटरों ने अपने करियर की शुरुआत की।' उन्होंने अकादमी के छोटे बच्चों को विजय सिंह के व्यक्तित्व के बारे में बताया और उनके योगदान को याद किया। स्वर्गीय विजय सिंह के योगदान को सभी ने सराहा और उनके आदर्शों को फॉलो करने का संकल्प लिया। इस श्रद्धांजलि आयोजन में अकादमी के सभी खिलाड़ी और कोच मौजूद थे।

## भाजपा जिला कार्यालय में सदस्यता अभियान चलने को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

निज संवाददाता | गोड्डा



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय, गोड्डा में नगर भाजपा का सदस्यता अभियान के निमित्त कार्यशाला का नगर अध्यक्ष शिवराम जायसवाल के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। इस दौरान बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से नगर अध्यक्ष ने बताया गया कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने- अपने बूथ पर 50 प्लस सदस्य बनाना है साथ ही नमो ऐप पर सदस्यों का रजिस्टर करना और करवाना अनिवार्य है। वहीं बताया गया कि प्रत्येक बूथ पर स्टाल लगाकर 22 दिसंबर से सदस्यता अभियान का प्रारंभ करना है। तत्पश्चात सक्रिय सदस्य का अभियान चलाया जाएगा।

वहीं बताया गया कि आगामी 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के श्रद्धांजलि दिवस पर विशेष सदस्यता अभियान चलना है। सदस्यता अभियान के बाद पार्टी द्वारा वेरिफिकेशन का कार्य किया जाएगा। उक्त बैठक में जिला महामंत्री राजेश टेकरीवाल मुख्य रूप से मौजूद थे। वहीं उपस्थित कार्यकर्ताओं में विष्णु कुमार साह, चंदन कुमार यादव, राजीव कुमार, बबीता मोदी, वेदानंद ठाकुर, सन्नी कुमार पूर्वे, कुंदन साह, बृजेश कुमार, शिवनंदन प्रशांत, जयप्रकाश मंडल, जीतू सिंह, आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा आज

**दुमका (नि. सं.)।** युवा महोत्सव-2024-25 के तहत प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को दुमका के इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। यह आयोजन जिला खेल पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। इस महोत्सव में संताल परगना प्रमंडल के सभी छह जिलों के प्रतिभागी भाग लेंगे, जिन्होंने अपने-अपने जिलों में विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। प्रतिभागियों को इस महोत्सव के माध्यम से राज्य स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कई प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें लोकगीत, लोकनृत्य, एकल नृत्य, गायन, भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन और चित्रकला जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं।

## अग्रिम मानदेय व दो माह के बकाया मानदेय भुगतान को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अनुबंध कर्मियों में उबाल

निज संवाददाता | दुमका



फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ के बैनर तले दुमका जिला के स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत अल्प वेतनभोगी अनुबंध कर्मियों ने माह अक्टूबर और नवम्बर 2024 का बकाया मानदेय और क्रिसमस पर्व को लेकर दिसम्बर माह का अग्रिम मानदेय प्राप्त करने के लिए सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह को आवेदन दिया। इस आवेदन में अनुबंध कर्मियों ने विभाग में हो रहे विलंब के कारण आक्रोश और निराशा व्यक्त की है। कर्मियों ने बताया कि बार-बार मानदेय देने में विभाग द्वारा विलंब किया जा रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निर्देशक के द्वारा जारी आदेश (पत्रांक 1000 (MD), दिनांक 15-06-2022) में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रत्येक माह के 2 तारीख तक सभी जिला सिविल सर्जन को अपने कर्मियों का मानदेय भुगतान करना होगा। इसके बावजूद, अनुबंध कर्मियों को समय पर मानदेय नहीं मिलता है। कर्मियों का आरोप है कि जब भी वे बकाया मानदेय के लिए प्रखंड और जिला कार्यालय से पूछते हैं, तो हमेशा यही उत्तर मिलता है कि राज्य से फंड नहीं आया है, जबकि अन्य मदों के लिए राशि अक्सर उपलब्ध रहती है। अनुबंध कर्मियों ने सिविल सर्जन से यह मांग की है कि मानदेय को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि उनके लिए बिना मानदेय के जीना बहुत कठिन हो गया है। महंगाई के इस दौर में घर और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कई कर्मियों के घर में बुजुर्ग सदस्य बीमार रहते हैं, और उन्हें दवाइयां देने में भी दिक्कत हो रही है। बच्चों की स्कूल फीस समय पर न जमा होने से परिवार में तनाव बढ़ रहा है। इस बीच, क्रिसमस पर्व 24 दिसम्बर को है, जो ईसाई धर्मावलंबियों के लिए सबसे बड़ा पर्व है। परिवार और बच्चे इस पर्व को धूमधाम से मनाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन बकाया मानदेय नहीं मिलने से उनकी उम्मीदें टूट रही हैं। सरकारी प्रावधान के अनुसार, पर्व और त्योहारों के दौरान अग्रिम मानदेय का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन स्वास्थ्य विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। अतः, बुधवार को फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ ने सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर मानदेय की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। साथ ही, मीडिया के माध्यम से अनुबंध कर्मियों ने मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, दुमका विधायक, शिकारीपाड़ा विधायक, जामा विधायक और दुमका सांसद से गुहार लगाई कि वे अक्टूबर और नवम्बर माह का बकाया मानदेय और क्रिसमस पर्व के अग्रिम मानदेय के भुगतान में मदद करें।

# गोड्डा नगर भवन में द्वितीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन



निज संवाददाता | गोड्डा

स्थानीय नगर भवन में गोड्डा पुलिस के सौजन्य से द्वितीय जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पुलिस उप महानिरीक्षक (एंटी करप्शन ब्यूरो, रांची) शैलेंद्र प्रसाद बर्णवाल, पुलिस अधीक्षक गोड्डा अनिमेष नैथानी, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शनी और पुलिस उपाधीक्षक गोड्डा जेपीएन चौधरी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उप महानिरीक्षक शैलेंद्र प्रसाद बर्णवाल ने बताया कि यह जन शिकायत समाधान कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के हर तबके को अपने समस्याओं का समाधान प्राप्त करने का अवसर देना है। बर्णवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत कोई भी नागरिक, चाहे वह गांवों में रहने वाला हो या दूरदराज के इलाकों में, अपनी समस्याएं सीधे वरीय अधिकारियों के समक्ष रख सकता है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि नागरिकों को त्वरित समाधान मिल सके, और राज्य स्तर पर इसके परिणामों की भी मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम के दौरान शॉर्ट टर्म समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाता है, जैसे की छोटे घरेलू विवाद या प्रशासनिक परेशानियाँ, जबकि लॉन्ग टर्म समस्याओं को संबंधित विभागों को भेजकर उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उनका यह भी कहना था कि इस कार्यक्रम के माध्यम से असहाय और दूरदराज के नागरिकों को यह अहसास होता है कि प्रशासन उनके समस्याओं को गंभीरता से लेता है और समाधान के लिए तत्पर रहता है। पुलिस अधीक्षक गोड्डा, अनिमेष नैथानी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी नागरिक अपनी समस्याओं को पुलिस अधिकारियों के समक्ष रख सके।

अगर पहले कभी किसी नागरिक को न्याय नहीं मिला है या उसे समाधान में देरी हुई है, तो वह इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर एक रिसीविंग सेंटर भी स्थापित किया गया है, जहां नागरिक अपनी शिकायतों की रसीद प्राप्त कर सकते हैं और उनकी समस्याओं पर डीजीपी स्तर से मॉनिटरिंग की जाएगी। नैथानी ने यह भी बताया कि इस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में विशेष रूप से जमीनी विवाद, धार्मिक मामलों, आपसी कलह और अन्य सामान्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न गांवों और इलाकों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखी और कई मामलों का समाधान मौके पर ही किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु पुलिस पदाधिकारी गोड्डा कुमार गौरव और अन्य संबंधित पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए नागरिकों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए संबंधित कार्यवाही की।

## सभी थाना क्षेत्रों में होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

निज संवाददाता | महागामा

प्रखंड अंतर्गत ऊर्जानगर स्थित विवाह भवन में बुधवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद, पुलिस निरीक्षक उपेंद्र कुमार महतो, महागामा, हनवारा और ललमटिया के थाना प्रभारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीपीओ और पुलिस निरीक्षक ने महागामा, ललमटिया, हनवारा थाना क्षेत्र से आए हुए लोगों की बारी-बारी से मौखिक और लिखित रूप से आवेदन स्वीकार किए। इस दौरान घरेलू विवाद, जमीन विवाद सहित कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए। एसडीपीओ चंद्रशेखर आजाद ने इन



आवेदनों में से 6 मामलों का त्वरित निष्पादन किया और शेष मामलों का समाधान जल्द करने का भरोसा दिया।इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने त्वरित समाधान मिलने पर खुशी व्यक्त की। एसडीपीओ ने कहा कि इस प्रकार का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम हर महीने बारी-बारी से सभी थाना क्षेत्रों में आयोजित किया जाएगा ताकि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। जन सुनवाई कार्यक्रम में महागामा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह, राज गुप्ता, हनवारा थाना और ललमटिया थाना के पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# दो साइबर अपराधी गिरफ्तार, छह स्मार्टफोन, 18 सिम कार्ड और आठ मोटरसाइकिलें बरामद

- ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की बाइक बेचना
- 25 मामलों का हुआ खुलासा, सत्यापन जारी
- पुलिस प्रशासन की सख्त कार्रवाई
- भविष्य में ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण



निज संवाददाता | दुमका

जिले के तालझारी थाना पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 6 स्मार्टफोन, 18 सिम कार्ड और 8 मोटरसाइकिलों को बरामद किया। यह गिरफ्तारी बुधवार को की गई थी, जब पुलिस ने एक छापेमारी अभियान के तहत इन अपराधियों को पकड़ लिया। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) इक्कुड डुंगडुंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोमवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तालझारी थाना क्षेत्र के ग्राम-हेठतीनघरा पहाड़ के पास कुछ साइबर अपराधी एकत्र होकर साइबर ठगी में लिप्त हैं। सूचना मिलने के बाद, वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। यह दल तलाशी अभियान पर निकला और ग्राम-हेठतीनघरा स्थित पहाड़ डंगाल के पास पहुंचा, जहां पुलिस की गाड़ी को देखकर अपराधियों के एक समूह ने भागने की कोशिश की। पुलिस दल ने दौड़कर दो अपराधियों को पकड़ा, जबकि 30-32 अपराधी भागने में सफल हो गए। पकड़े गए अपराधियों की पहचान पवन कुमार मंडल (21 वर्ष) और राकेश कुमार उर्फ छोटू (26 वर्ष) के रूप में की गई, जो दोनों तालझारी थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पूछताछ पर दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इनसे 6 स्मार्टफोन और 18 सिम कार्ड बरामद किए गए, साथ ही घटनास्थल से 8 मोटरसाइकिलें भी जप्त की गईं।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए अपराधियों ने भागे हुए अन्य अपराधियों के नाम भी बताए, जिनमें संदीप कुमार मंडल और सोनू कुमार मंडल शामिल हैं। इसके अलावा, कुछ अन्य अज्ञात अपराधियों के नाम भी सामने आए हैं। इन सभी के खिलाफ तालझारी थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिनमें 66(बी), 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट और अन्य संबंधित धाराएं शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद, दोनों अपराधियों को न्यायालय में पेश किया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस ने यह भी जानकारी दी कि बरामद की गई मोटरसाइकिलों में होण्डा साइन, ग्लेमर, पल्सर और अपाची जैसी प्रमुख मोटरसाइकिलों का समावेश है। तालझारी थाना पुलिस ने इस अभियान में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों का भी उल्लेख किया, जिनमें पु0अ0नि0 अजीत कुमार यादव, थाना प्रभारी तालझारी टिकवानन्द भगत, स0अ0नि0 धर्वेन्द्र कुमार पासवान, ह0 देवीलाल मराण्डी, आ0/600 महेन्द्र मूर्मू, आ0/549 नुनमणि कोल प्रमुख रूप से शामिल थे। यह सफलता पुलिस के लिए एक बड़ी जीत मानी जा रही है, क्योंकि साइबर अपराधी समाज के विभिन्न वर्गों को ठगी का शिकार बना रहे थे, और पुलिस के इस अभियान ने अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ा है। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी है कि साइबर ठगी के खिलाफ उनका अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने पीडीएस विक्रेताओं के साथ की महत्वपूर्ण बैठक

निज संवाददाता | रानीश्वर (दुमका)

बुधवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी शादां नुसरत ने अंचल कार्यालय के सभागार में पीडीएस विक्रेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में पदाधिकारी ने सभी डीलरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर तक सभी कार्डधारियों का ई-केवाईसी करवा लिया जाए। शादां नुसरत ने इस दौरान सख्त चेतावनी दी कि अगर किसी भी लाभुक को अनाज से वंचित पाया गया, तो संबंधित डीलर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पीडीएस योजना के तहत वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और हर एक लाभुक को उसका पूरा हक समय पर मिलना चाहिए। इसके साथ ही, आदिम जनजाति पहाड़िया



समुदाय के लाभुकों के लिए डोर स्टेप डिलीवरी की व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए गए।

उन्होंने सहायक गोदाम प्रबंधक को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लाभुकों को उनके घर तक अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी लाभुक अनाज से वंचित न रहे। बैठक में सभी पीडीएस डीलर और सहायक गोदाम प्रबंधक बिश्वनाथ सिंह भी उपस्थित थे। इस बैठक में लिए गए निर्णयों का उद्देश्य पीडीएस प्रणाली को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाना है, ताकि सरकारी अनाज वितरण में कोई भी बाधा उत्पन्न न हो और हर जरूरतमंद तक समय पर अनाज पहुंचे।

## कृषक गोष्ठी का आयोजन

**काठीकुंड (नि.सं.)।** फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के अंतर्गत कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी शुभांकर गुप्ता के नेतृत्व में बुधवार को काठीकुंड प्रखंड अंतर्गत बिछियापहाड़ी पंचायत के बुरीदंगाल गांव में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काठीकुंड बीटीएम एवं पौधा संरक्षण केंद्र, काठीकुंड के प्रभारी कर्मचारी द्वारा कृषकों को रबी फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण की जानकारी दी गई। अवसर पर बीटीएम काठीकुंड डायमंड कुणाल, पौधा संरक्षण निरीक्षक, दुमका अखिलेश झा, प्रभारी पौधा संरक्षण केंद्र, काठीकुंड सह पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक मुनेश्वर कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे| रबी कृषक गोष्ठी में मुख्य रूप से रबी फसलों में सरसों, चना, मक्का, गोभी वर्गीय सब्जियों, आलू वर्गीय सब्जियों में कीट, रोग एवं खर पतवार प्रबंधन, कीटनाशक दवाओं का उचित मात्रा में उपयोग, फोर्थ जनरेशन कीटनाशक दवाओं की जानकारी एवं जैविक कीटनाशक दवाओं के बारे में कृषकों को जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# खाप कटैया पैक्स में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ

- सरकार की किसान हितैषी पहल
- समारोह में जुटे क्षेत्र के गणमान्य
- स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों की उपस्थिति
- किसानों की बड़ी भागीदारी
- केंद्र के संचालन से उम्मीदें



निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

हरिहरगंज नगर पंचायत के अंतर्गत खाप कटैया पैक्स में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। जिला परिषद सदस्य मंजू देवी ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया और किसानों को उनके फसल की उचित कीमत दिलाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपने संबोधन में मंजू देवी ने कहा, "धान किसानों के लिए सरकार 24 रुपये प्रति किलो का समर्थन मूल्य सुनिश्चित कर रही है, ताकि उन्हें उनकी मेहनत का वाजिब लाभ मिल सके।" उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के बिचौलियों और दलालों से सावधान रहें और सीधे अधिप्राप्ति केंद्र में आकर अपने धान की बिक्री करें। धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाना और फसल के दौरान होने वाले नुकसान को रोकना है। जिला परिषद सदस्य ने कहा कि यह कदम किसानों के आर्थिक उत्थान और उनके भरोसे को मजबूत करेगा। उन्होंने किसानों को केंद्र के माध्यम से अपना धान बेचने के लिए प्रेरित किया, ताकि सरकारी योजना का अधिकतम लाभ उठाया जा सके। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और अधिकारी शामिल हुए। पैक्स अध्यक्ष धनंजय सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि यह केंद्र किसानों के लिए एक बड़ा सहारा साबित होगा। उन्होंने केंद्र के संचालन में पूरी पारदर्शिता बनाए रखने का आश्वासन दिया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार और क्रय पदाधिकारी उत्तम दास ने किसानों को धान विक्रय प्रक्रिया की जानकारी दी और कहा कि सरकार ने हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई है। समारोह में राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कांग्रेस नेता दयाशंकर सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, झामुमो नेता सुशील सिंह सहित क्षेत्र के अन्य नेता और समाजसेवी मौजूद रहे। इन सभी ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। किसान प्रदीप सिंह ने कहा, "यह केंद्र हमारे लिए एक बड़ी सुविधा है, क्योंकि अब हमें अपने धान को बेचने के लिए कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा।" ब्रजेश सिंह और अन्य किसानों ने सरकार की इस पहल की सराहना की। धान अधिप्राप्ति केंद्र का संचालन पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से करने का आश्वासन दिया गया। उपस्थित लोगों ने उम्मीद जताई कि यह केंद्र किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करेगा।

# पीपरा प्रखंड में बीडीओ ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन

- बीडीओ ने किसानों को किया संबोधित
- केंद्र संचालन के लिए बनाई गई पारदर्शी व्यवस्था
- स्थानीय नेताओं और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति



निज संवाददाता | हरिहरगंज

पीपरा प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत ढाब कला पैक्स में बुधवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) बिनय कुमार ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीडीओ ने किसानों के कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और किसानों से केंद्र की सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ बिनय कुमार ने कहा, "धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्देश्य किसानों को उनकी मेहनत का वाजिब दाम दिलाना है। केंद्र पर केवल निबंधित किसानों से ही सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीद की जाएगी।" उन्होंने बताया कि केंद्र के माध्यम से किसानों को 24 रुपये प्रति किलो की दर से धान का भुगतान किया जाएगा।

बीडीओ ने किसानों से अपील की कि वे नियमानुसार अपना निबंधन कराएं और अपने धान को इस केंद्र पर लाकर बेचें। उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल किसानों को बिचौलियों से बचाएगी और उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य दिलाएगी। पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि केंद्र पर पूरी पारदर्शिता के साथ धान क्रय की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। उन्होंने कहा, "हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें उनके धान की पूरी कीमत समय पर मिले।" क्रय पदाधिकारी सरजून राम ने बताया कि केंद्र पर धान बेचने के लिए किसानों को अपनी निबंधन पर्ची और पहचान पत्र लाना होगा। उन्होंने किसानों से केंद्र पर आकर धान विक्रय करने की अपील की। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, सुशील सिंह उर्फ पिंटू सिंह, पूर्व मुखिया संजय भुइयां, और राजद जिला उपाध्यक्ष संजय यादव सहित कई स्थानीय नेता और समाजसेवी उपस्थित रहे। इन सभी ने सरकार की इस पहल की सराहना की और किसानों से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। राजद जिला उपाध्यक्ष संजय यादव ने कहा, "सरकार की यह पहल किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।" वहीं, अन्य नेताओं ने भी केंद्र के सुचारू संचालन में सहयोग का आश्वासन दिया। केंद्र के उद्घाटन से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है। किसान मदन गुप्ता ने कहा, "अब हमें अपनी उपज बेचने के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह केंद्र हमें हमारी मेहनत का सही दाम दिलाएगा।" राणा सिंह और अन्य किसानों ने भी सरकार के इस कदम की प्रशंसा की। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और उन्हें बिचौलियों से बचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया यह केंद्र क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएगा। स्थानीय प्रशासन और पैक्स संचालन समिति ने आश्वासन दिया कि केंद्र पर सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और किसानों के हित में होंगी।

## पीएलआई एवं आरपीएलआई के मेला का हुआ आयोजन

**रानीश्वर (दुमका) (नि.सं.)।** उपडाकघर रघुनाथपुर में वरिष्ठ डाक अधीक्षक संथाल परगना प्रमंडल बिनोद कुमार पंडित एवं डाक निरीक्षक केंद्रीय प्रकाश कुमार दुमका के अध्यक्षता में पीएलआई एवं आरपीएलआई के मेला का आयोजन किया गया। बुधवार को रघुनाथपुर, मसानजोर,शिकारीपाड़ा, रांगामसलिया एवं बेनागड़ीया उपडाकघर के लगभग 120 ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों ने भाग लिया। मेले में कुल 80 लाख का बीमा किया गया जिसमें कुल प्रीमियम 5 लाख रुपये का व्यवसाय किया गया। बरिष्ठ डाक अधिक्षक के द्वार मेले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को पुरुष्कृत भी किया गया गया। मेले में भाग लेने वाले कर्मियों में उपडाकपाल गौरव कुमार, डाक सहायक बिजय कुमार मेल पर्यवेक्षक टोटन मंडल एवं निराला मुर्मू के साथ-साथ आशीष पाल, सिद्धांत मंडल, बीरेंद्रलाल मंडल, रतन कुमार साहा, संतोष कुमार, प्रीति कुमारी, प्रिया कुमारी, राहुल राज, लोहिता दत्ता, प्रशांत कुमार दास, महिमारंजन भंडारी इत्यादि उपस्थित रहे।

# राधे कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ

निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में बुधवार को राधे कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैच का उद्घाटन भव्य आयोजन के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष और समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। इस मौके पर राजीव रंजन ने खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "खेल न केवल तन और मन को स्वस्थ रखता है, बल्कि इसमें कैरियर बनाने की भी अपार संभावनाएं हैं। युवा पीढ़ी को खेलों में अपनी रुचि बढ़ानी चाहिए, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।" टूर्नामेंट का पहला मैच सतगांवा और मनसारा की टीमों के बीच खेला गया। कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले इस मैच में सतगांवा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।



दर्शकों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जमकर सराहना की। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में स्थानीय स्तर पर कई लोगों का योगदान रहा। टूर्नामेंट के आयोजक पवन कुमार यादव ने बताया कि इसका उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन में निरंजन कुमार, अमरेंद्र कुमार, मंजीत कुमार, और रंजीत कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैच रेफरी के तौर पर महादेव यादव, दिनेश मेहता, और पंकज पासवान ने जिम्मेदारी संभाली। वहीं, विजय प्रजापति, शंभू यादव, और अविनाश कुमार सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों ने मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। इस टूर्नामेंट के तहत हर दिन नए रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। आयोजकों ने बताया कि फाइनल मैच में विजेता टीम को भव्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन ने न केवल हरिहरगंज के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया है, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच खेल भावना को भी जागृत किया है।

# डीएसई ने की स्कूली पोशाक वितरण की प्रगति की समीक्षा, सख्त निर्देश दिए

निज संवाददाता | छतरपुर (पलामू)

पलामू जिले के शिक्षा विभाग के प्रमुख संदीप कुमार ने छतरपुर और नौडीहा बाजार प्रखंडों के प्रधानाध्यापकों और सचिवों के साथ बैठक कर विद्यालयों में पोशाक वितरण की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान, उन्होंने छतरपुर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास से पूरी जानकारी ली और सख्त निर्देश दिए कि दोनों प्रखंडों के सभी प्रधानाध्यापक अपने विद्यालयों में स्थानीय वेंडर से पोशाक की खरीदारी करें और छात्रों को यूनिफॉर्म में स्कूल में प्रवेश करने की अनुमति दें। डीएसई संदीप कुमार ने कहा, "यह सुनिश्चित किया जाए कि पोशाक वितरण में कोई भी गड़बड़ी न हो और सभी प्रक्रिया सही तरीके से पूरी हो।" उन्होंने कहा कि राशि पहले ही पीएफएमएस के माध्यम से प्रधानाध्यापकों के खातों में ट्रांसफर कर दी गई है, और अब सभी को इसके खर्च के लिए बिल और वाउचर अपलोड करना होगा। इससे पहले, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुलेश्वर दास ने विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापकों और सचिवों के साथ बैठक की थी और उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए थे कि पोशाक केवल स्थानीय वेंडर से खरीदी जाएगी। विद्यालयों में पोशाक वितरण की प्रक्रिया में प्रधानाध्यापक मेकर के रूप में और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईपीओ) और लेखपाल चेकर के रूप में कार्य करेंगे। डीएसई संदीप कुमार ने इस मामले में सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी भी प्रखंड से शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित प्रधानाध्यापक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से पोशाक वितरण और विद्यालय विकास फंड के प्रगति की जानकारी भी ली। डीएसई ने कहा, "हमने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे समय पर सभी कार्य पूरे करें और छात्रों के लिए आवश्यक पोशाक सुनिश्चित करें। अगर किसी भी स्तर पर कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।" इस बैठक के बाद, यह उम्मीद जताई जा रही है कि सभी विद्यालयों में पोशाक वितरण प्रक्रिया जल्दी पूरी हो जाएगी और छात्रों को समय पर यूनिफॉर्म मिल जाएगी।

# अवैध पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट

निज संवाददाता | दुमका

दुमका जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के बिचलीटांड मौजा में बुधवार को पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध पोस्ता (अफीम) की खेती को नष्ट कर दिया। यह घटना पथरा ओपी क्षेत्र के सीमा से सटे इलाके में घटी, जहां तीन एकड़ में फैली अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने सफाया कर दिया। यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों की खेती और उसके व्यापार पर नियंत्रण रखने के लिए की गई है। पुलिस निरीक्षक और थाना प्रभारी चंदन कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अब इस मामले में पूरी गंभीरता से जांच कर रही है और भूमि मालिक तथा पोस्ता की खेती करने वालों की पहचान करने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई अवैध गतिविधियों को रोकने के उद्देश्य से की



गई है, और जो लोग इस अवैध पोस्ता खेती में शामिल हैं, उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। चंदन कुमार ने यह भी आश्वासन दिया कि पुलिस द्वारा अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके। उनका कहना था कि पुलिस किसी भी सूरत में मादक पदार्थों की खेती और उनके व्यापार को बढ़ने नहीं देगी। इस कार्रवाई में पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार और पुलिस बल के कई जवान भी शामिल थे, जिन्होंने पुलिस टीम के साथ मिलकर मौके पर पहुंचकर अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया। पुलिस की यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ एक कड़ा संदेश है, जो यह दर्शाता है कि पुलिस इन गतिविधियों के खिलाफ पूरी तरह से सक्रिय है और किसी भी प्रकार के अवैध व्यापार या खेती को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण को छतरपुर एसडीओ ने हटाया



निज संवाददाता | हरिहरगंज (पलामू)

छतरपुर एसडीओ आशीष गंगवार ने शहरी क्षेत्र के पश्चिमी पंचायत भवन और सतगावां मोहल्ला में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिमी पंचायत भवन के समीप स्थित सरकारी भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया। इसके अलावा, एसडीओ ने अररूआ कला में निर्माणाधीन उप स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया और तिल अररूआ कला गांव के समीप स्थित तिल मिल की स्थिति की जांच की। इस कार्यवाही के दौरान एसडीओ के साथ सीओ मनीष कुमार सिन्हा, सीआइ संजीव कुमार और पुलिस बल के कई जवान भी उपस्थित थे। यह कदम सरकारी भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की सतर्कता और कार्रवाई को दर्शाता है, जिससे विकास कार्यों में रुकावट आने से बच सके।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण कदम

पिछले कुछ समय से जिस तरह उपासना स्थलों पर दावेदारी की कोशिशें चल रही हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का ताजा निर्देश निश्चय ही राहत देने वाला है। न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने देश की सभी अदालतों से कहा है कि वे पूजा स्थलों से संबंधित सर्वेक्षण या अन्य किसी प्रकार की राहत के लिए अनुरोध वाली याचिका पर विचार न करें या कोई अंतरिम या अंतिम फैसला न सुनाएं। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को लेकर दावा किया गया था कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। विवाद बढ़ गया तो न्यायालय के निर्देश पर उस स्थान का सर्वेक्षण कराया गया। फिर उसके तथ्यों के आधार पर मस्जिद परिसर के एक हिस्से में हिंदू श्रद्धालुओं को पूजा करने का आदेश दे दिया गया।वह फैसला एक नजीर बन गया और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों के नीचे किसी हिंदू मंदिर के अवशेष दबे होने के दावे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मस्जिद को लेकर इसी तरह के दावे की याचिका पर निचली अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। उस पर हिंसा भड़क उठी और पांच लोग मारे गए। उसके बाद अजमेर दरगाह के हिंदू मंदिर की जगह बने होने का दावा किया गया, तो वहां की अदालत ने उसके सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। इन घटनाओं से विवाद बढ़ता गया।हालांकि पूजा स्थलों पर ऐसे दावे कोई पहली बार नहीं किए जा रहे हैं। पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और दरगाहों को अवैध ठहराने की कोशिशें की गई थीं। उसी के मद्देनजर उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 बनाया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। इसमें अयोध्या के विवादित ढांचे को इसलिए अलग रखा गया था कि उसे लेकर मामले पहले से चल रहे थे। मगर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण के बाद फिर से वैसे दावे शुरू हो गए और उपासना स्थल अधिनियम को नजरअंदाज किया जाने लगा।अब तो सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कराई गई है कि उपासना स्थल अधिनियम की धारा दो, तीन और चार को रद्द करने का आदेश दिया जाए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा। इसलिए भी निचली अदालतें स्वतः पूजा स्थलों के स्वरूप परिवर्तन आदि के लिए दायर याचिकाओं पर सुनवाई टालने को बाध्य हैं। जब भी समान प्रकृति के किसी मामले पर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा होता है, तो उस पर निचली अदालतों को अपनी सुनवाई रोक देनी होती है।

### बड़े खतरे के संकेत, स्कूलों को लगातार मिल रही धमकियां

दिल्ली के विद्यालयों को बम से उड़ा देने की धमकियों का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को एक बार फिर छह विद्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी ने एक ओर जहां सरकार के सामने चुनौती खड़ी कर दी है, वहीं आम लोगों के बीच इसका सीधा असर पड़ा है। ई-मेल के जरिए भेजी गई इन धमकियों में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया गया है, उससे साफ है कि इसके पीछे कोई गहरी साजिश है।पिछले कुछ समय से इस तरह के धमकी भरे ईमेल भेजने का सिलसिला-सा बन गया है। मगर बीते एक हफ्ते में यह तीसरी घटना है, जिससे जाहिर है कि ऐसी धमकियों की अनदेखी या इनके प्रति लापरवाही नहीं बरती जा सकती। इनका मकसद लोगों में यह खौफ पैदा करना है कि उनके बच्चों के ऊपर खतरा मंडरा रहा है।हालांकि जांच के बाद सभी धमकियां फर्जी पाई गईं, लेकिन सवाल है कि देश की राजधानी होने और आधुनिक तकनीकी के चरम विकास के दौर में इस तरह के अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाना सरकार और पुलिस के लिए मुश्किल क्यों साबित हो रहा है।सरकार अक्सर साइबर सुरक्षा के लिए व्यापक तंत्र होने और आपराधिक घटनाओं पर हर स्तर से निगरानी करने तथा आरोपियों की धर-पकड़ को लेकर बढ़-चढ़ कर दावा करती रही है। मगर आए दिन ईमेल के जरिए स्कूलों को बम से उड़ा देने और व्यापक नुकसान पहुंचाने की धमकियां क्या बताती हैं? इसमें संलिप्त आरोपियों को तुरंत पकड़ कर उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई होती तो ऐसा करने वाले अन्य गिरोहों या आपराधिक तत्वों के लिए एक संदेश होता।मगर ऐसा लगता है कि ऐसी धमकियों को सहज माना जाने लगा है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि इन धमकियों के फर्जी होने के बावजूद इससे आम लोगों के भीतर एक अनावश्यक भय पैदा होगा। डिजिटल दुनिया के विस्तार के साथ ज्यादातर लोगों की पहुंच इस तक बनी है।

## एक भारतीय स्वप्न की हत्या

(शशि शेखर)

*1971 में बुरी तरह पराजित हुआ पाकिस्तान भले ही आज बांग्लादेश की घटनाओं पर इतरा ले, लेकिन उसे याद रखना चाहिए कि अंतिम जीत अवाम की आर्थिक तरक्की से हासिल होती है। ऐसे में, बांग्लादेश कट्टरपंथियों के हाथ में खुद को सौंपकर भला आगे बढ़ने का मनसूबा पाल भी कैसे सकता है? मोहम्मद यूनुस ऐंड कंपनी को इतनी साधारण बात समझ में क्यों नहीं आती? ढाका का यह बदला रवैया भारत की चिंता का भी सबब है। हमारी दोनों सीमाओं पर मजहबी उन्मादियों का जमावड़ा शुभ शकुन नहीं है।*

आज यानी सोमवार को बांग्लादेश के उदय की 53वीं वर्षगांठ है। हर वर्ष इन दिनों मुझे दिसंबर 1971 की उजली सुबह याद आ जाती है। रोज की तरह मैं राजकीय इंटर कॉलेज, इलाहाबाद की अनिवार्य प्रार्थना सभा में शामिल हुआ था। दैनिक प्रार्थना और राष्ट्रगान के बाद प्रधानाचार्य खानवलकर महोदय ने माइक सम्हाला। आमतौर पर प्राचार्य सवेरे की सभा को संबोधित नहीं करते, लेकिन वह दिन खास था। हमें संबोधित करते वक्त उनके चेहरे पर खुशी थी, आंखों में पानी छलक रहा था और आवाज लरज रही थी। उन्होंने हमें बताया कि भारतीय सेना ने ढाका में एक लाख के करीब पाक सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। हम जीत गए हैं, स्वतंत्र बांग्लादेश का उदय हो चुका है। उन दिनों समूचे देश में युद्ध का वातावरण था। हर रात 'ब्लैक आउट' होता और रह-रहकर 'सायरन' बज उठता, ताकि लोग सतर्क रहें। आवश्यक वस्तुओं पर राशनिंग लागू थी और सटीक सूचना का सीमित जरिया था, आकाशवाणी। इन दुश्वारियों के बावजूद राष्ट्रभक्ति की भावना हर ओर हिलोरें मारती नजर आती। ऐसे में, प्राचार्य की घोषणा ने बच्चों में जोश भर दिया। हम जोर-जोर से नारे लगाने लगे। छात्र मतवाले हो चले थे। शिक्षकों के टोकने के बावजूद हम कॉलेज से बाहर निकल पड़े। वह अनियोजित जुलूस घंटों तक यूं ही इधर-उधर चलता रहा, नारे लगाता रहा। बरसों बाद, फ्रांस की राज्यक्रांति को पढ़ते हुए वे लम्हे सहसा याद हो आए थे। उन गाथाओं ने समझा दिया था कि क्रांतियां, विजय जुलूस और पराजय की हताशाएं, कभी न कभी किसी तिराहे पर एक साथ आ खड़ी होती हैं। भारतीय उपमहाद्वीप का वर्तमान काल इसका उदाहरण है। इस तथ्य को समझने के लिए हमें जनवरी 1972 के उन लम्हों में लौटना होगा, जब बंगबंधु रावलपिंडी से रिहा होकर भारत आए थे। 10 जनवरी को उनका भाषण आकाशवाणी पर लाइव प्रसारित किया गया था। बांग्ला में बोले गए उनके शब्दों को पता नहीं कितने लोगों ने समझा, लेकिन यह सच है कि जहां भी रेडियो था, वहां लोग कान लगाकर उन्हें सुन रहे थे। हर ओर उत्साह भरा जोश था कि भारत और बांग्लादेश मिलकर आगे का रास्ता तय करेंगे। आज वह भरोसा डिगा हुआ नजर आता है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार जारी है और वहां की सरकार इस सच को स्वीकार करने से मुंह मोड़ रही है। अफसोस, यह सिलसिला आज शुरू नहीं हुआ। शपथ ग्रहण के चार साल भी नहीं बीते थे कि बंगबंधु और उनका लगभग पूरा परिवार सैनिक विद्रोह में मारा गया था। उस समय अखबारों ने भावुक संपादकीय लिखे थे कि भारत में गांधी की हत्या हुई और बांग्लादेश में शेख मुजीबुर्रहमान की। ऐसा लगता है, जैसे हम लोगों को अपने राष्ट्रपिता को पोसने की जिम्मेदारी स्वीकार्य नहीं। सैन्य तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान के कत्ल के बाद नए सदर बने मुश्ताक अहमद ने जनरल जियाउर रहमान को सेना प्रमुख नियुक्त किया। जिया ने तेजी से सियासी पकड़ बनाई और डेढ़ साल के भीतर वह फौज की मदद से सदर की कुर्सी पर विराजमान थे। उनके दिमाग में इस्लामी बांग्लादेश का ख्वाब पलता रहता था। उन्होंने और उनके जाने के बाद उनकी पत्नी बेगम खालिदा जिया ने इस रवायत को कायम रखा। जब शेख हसीना वाजेद चुनाव जीत जातीं, तो हालात कुछ सुधरते, लेकिन बांग्लादेश रह-रहकर संशय का शिकार हो जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि सियासी उलट-फेर के चक्रव्यूह और राजनीतिक उलटबांसियों के बावजूद बांग्लादेश ने गजब की आर्थिक तरक्की की है। जिस वक्त पाकिस्तान अरब देशों, चीन और आईएमएफ के आगे हाथ पसार रहा था, उसी समय बांग्लादेश ने पिछड़े देशों से विकासशील देश की यात्रा तय की। वह रेडिमेड कपड़ों के निर्माण का हब बनकर उभरा। विश्व बैंक के मुताबिक, साल 2010 से 2023 के बीच बांग्लादेश की औसत विकास दर 6.4 प्रतिशत रही। इस अवधि में उसकी गरीबी 11.8 प्रतिशत से घटकर पांच फीसदी पर आ गई। साक्षरता, शिशु मृत्यु-दर, बिजली तक पहुंच जैसे मानव विकास सूचकांकों में भी उसका रिकॉर्ड सुधरा। प्रतिव्यक्ति विकास दर के मामले में वह फिलवक्त हमसे भी आगे निकल गया है। उम्मीद थी कि हमारे इस पड़ोसी का कारवां लगातार आगे बढ़ता रहेगा, लेकिन पिछले कुछ महीनों की घटनाओं ने इस सुखद संभावना पर सवालिया निशान लगा दिया है। कभी लंदन में जलावतनी काट रहे मोहम्मद यूनुस इस समय वहां की सरकार के मुख्य सलाहकार हैं। यूनुस को नोबेल पुरस्कार मिल चुका है और इस नाते वह दुनिया भर में सम्मानित शख्स के तौर पर जाने जाते हैं। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वह बांग्लादेश को तेजी से आगे बढ़ाएंगे, लेकिन वह खुद उन ताकतों का हिस्सा साबित हो रहे हैं, जो अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर बांग्लादेश को फिर से पीछे धकेलना चाहती हैं। शेख हसीना वाजेद से उनकी निजी रंजिश का असर भारत से रिश्तों पर भी दिख रहा है। पिछले दिनों उन्होंने यूरोपीय देशों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर यह मांग की थी कि दिल्ली और भारत के अन्य हिस्सों में बांग्लादेशियों के लिए खोले गए वीजा केंद्रों को ढाका स्थानांतरित कर दिया जाए। दोनों देशों के बीच पनपी तल्खी का नतीजा है कि जूना अखाड़े के साधुओं को इस बार महाकुंभ में प्रयागराज आने की इजाजत नहीं मिल सकी है। भारत में आयोजित होने वाले चार कुंभों में बांग्लादेश में मौजूद जूना अखाड़े की शाखाओं से चार से पांच सौ तक साधु आते रहे हैं। यही नहीं, ढाका से बहुत जल्द पाकिस्तान के लिए हवाई सेवा शुरू करने पर भी काम चल रहा है। उधर, आईएसआई बड़ी शिद्दत से भारत विरोधी जेहादी शक्तियों को बढ़ावा दे रही है। सवाल यह है कि बांग्लादेश अपने लिए कैसा भविष्य चुनना चाहता है?वहां के हुक्मरां भूल क्यों जाते हैं कि पाकिस्तान 1980 के दशक तक प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भारत से आगे था। उसने जेहादी शक्तियों को बढ़ावा दिया और आज वहां की दुर्गति देख लीजिए। इसके विपरीत भारत ने धर्मनिरपेक्षता की नीति को जारी रखा। नई दिल्ली की सरकारों ने हर तरह के कट्टरवाद और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बाजार की अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दी। नतीजा सामने है। हम 2047 तक विश्व की तीन सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तियों में शामिल होने का सपना संजोने की हैसियत रखते हैं।

## क्या है दुनिया के सबसे खुफिया संगठन इल्युमिनाटी का रहस्य?

(धर्मेंद्र सिंह)

इल्युमिनाटी एक ऐसा नाम है, जिसकी अक्सर चर्चा होती है। हालांकि, यह एक रहस्यमयी संगठन हैं, जिसे लेकर कई कांस्पीरेसी थियोरीज हैं। कांस्पीरेसी थियोरीज के मुताबिक, इल्युमिनाटी दुनिया का सबसे खतरनाक संगठन है। इसके सदस्यों में बिल गेट्स और ओपरा विनफ्रे जैसे नाम शामिल हैं। इन थियोरीज के मुताबिक, इल्युमिनाटी का अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या में हाथ रहा है। देशों के बीच युद्ध करवाने और सरकारें गिराने में भी यह संगठन शामिल है। कांस्पीरेसी थियोरीज में कितनी सच्चाई है यह एक रहस्य है। इतिहास में इल्युमिनाटी नाम का एक संगठन जरूर था। 18वीं सदी में इस संगठन की शुरुआत हुई थी। इसकी कहानी 1748 से शुरू होती है। मध्य यूरोप में एक बवेरिया राज्य हुआ करता था। बवेरिया के इंगलोस्टाड नाम के एक शहर में जन्में एडम वाइसहाप्ट इंगलोस्टाड की यूनिवर्सिटी में धार्मिक कानूनों के प्रोफेसर थे। उनके पूर्वज यहूदी थे, लेकिन उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था। वाइसहाप्ट खुद पादरी नहीं थे, लेकिन यूनिवर्सिटी का प्रशासन पादरियों से चलता था। यह सभी रोमन कैथलिक चर्च के विशेष सम्प्रदाय, जेसुइट्स में शामिल थे। 16 वीं सदी में जेसुइट्स ऑर्डर की स्थापना हुई थी और इनका काम दुनिया भर में ईसाई धर्म का प्रचार करना था। वाइसहाप्ट धार्मिक कानूनों और तौर तरीकों में बदलाव लाना चाहते थे, जिसकी कई वजहें थीं। उसका मानना था कि विज्ञान के साथ-साथ धर्म को चलना चाहिए। वाइसहाप्ट को इन विचारों को आगे ले जाने के लिए साथी की जरूरत थी। इसके लिए उसने फ्रीमेसन्स नाम के एक समुदाय से जुड़ने का प्रयास किया। फ्रीमेसन्स समुदाय के लोग खुले विचारों वालों थे। इसके सदस्य दर्शन और धर्म पर बात करते थे। दुनिया के सबसे पुराने संगठनों में फ्रीमेसन्स शामिल हैं और 21 वीं सदी में अस्तित्व रखता था। फ्रीमेसन्स उदार ख्याल के थे, लेकिन उनमें पर्याप्त क्रांतिकारी सोच नहीं थी। एडम वाइसहाप्ट ऐसा मानते थे। इसकी वजह से उन्होंने फैसला लिया कि वह अपना एक संठगन बनाएंगे। प्रोफेसर एडम वाइसहाप्ट ने इल्युमिनाटी की नींव रखी थी। शुरुआत में इसका नाम 'ऑर्डर ऑफ इलुमिनाटी' था। चर्च और क्रिश्चियन धर्म के कट्टरपंथ की जड़ें समाज में काफी गहरी थीं। इसी कट्टरपंथ से आजाद होने के लिए प्रोफेसर एडम ने इस संगठन की शुरुआती की। इसके माध्यम से उनका एक ऐसी दुनिया बनाना था, जहां पर कट्टरपंथ और धर्म की दीवारें न हों। सभी को समान रूप से देखा जाए। संगठन की शुरुआत में इससे कुछ छात्र जुड़ गए, लेकिन धीरे धीरे इल्युमिनाटी का दायरा बढ़ने लगा और हजारों लोग इस संगठन में शामिल होने लगे। इसके बाद वाइसहाप्ट कई खुफिया बैठकें आयोजित करवाते थे, जिनमें समाज और सरकार को लेकर कई बातें की जाती थीं। बाद में स्थानीय सरकार को इस खुफिया संगठन बारे में पता चल गया। इसके बाद स्थानीय सरकार ने इल्युमिनाटी पर प्रतिबंध लगा दिया, जबकि प्रोफेसर वाइसहाप्ट को जेल में भेज दियाा गया। अभी भी कई लोगों को यकीन है कि इल्युमिनाटी अभी भी सक्रिय है और देश दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसके पीछे इसी का हाथ है। कांस्पीरेसी थियोरी के मुताबिक, जॉन एफ कैनेडी की रहस्यमय हत्या के पीछे भी ल्युमिनाटी ही जिम्मेदार था। कैनेडी की मौत को लेकर एक थ्योरी है कि कैनेडी की जब हत्या हुई थी। उस दौरान उनके पास कुछ महिलाएं थीं, जिनके हाथों में कैमरे की तरह दिखने वाली एक बंदूक थी। इन महिलाओं को द बबुष्का लेडी कहा जाता था। मान्यता है कि द बबुष्का लेडी का संबंध इल्युमिनाटी से था। साथ ही थ्योरी में यह भी कहा जाता है कि फ्रांस की क्रांति के पीछे भी इल्युमिनाटी ही जिम्मेदार था। आज भी इलुमिनाटी के रहस्य से पर्दा नहीं उठ सका है। इल्युमिनाटी का सच क्या है? यह आज भी कोई नहीं जानता है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5586

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | | | 9 | 7 | 3 |
| | | | | 4 | | | 8 | |
| | 1 | 3 | 9 | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 3 | | 2 | 1 | 4 | | 9 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | | | | | 9 | 1 | 6 | |
| | 5 | | | 7 | | | | |
| 1 | 7 | 9 | | | 2 | 4 | 3 | 5 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5585

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 1 |
| 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 1 | 3 | 4 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5586

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | 8 | | |
| 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| | ■ | 12 | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | | 20 |
| ■ | 21 | 22 | | | ■ | ■ | |
| 23 | | | ■ | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. थाईलेंड में रामायण का यह थाई वर्जन है जो इस नाम से जाना जाता है (4)
4. लावा का ठंडा होकर ठोस टुकड़ों में बदलने की क्रिया यह कहलाती है (3)
7. आक्रमण, चढ़ाई, वार करने की क्रिया या भाव (3)
8. स्थिति, दशा, अवस्था (3)
9. जल नित्तल, तलवा, निम्न भाग (2)
10. अज्ञान अधिकार, तमोगुण, भीष्म साहनी का एक चर्चित उपन्यास (3)
12. शास्त्रीय संगीत में पंचव स्वर (1)
13. मवेशी, ढोर, पशु (4)
15. उन्नति या वैभव के दिन, बढती का समय, अभ्युदय काल (2)
17. शरीर के संवेदी अंगों में से एक, नासिका (2)
18. रस्म, प्रथा, रिवाज, निमय (3)
19. इधर-उधर, कोने-कोन में (5)
21. नाना का पिता यह कहलाता है (4)
23. लिपिक, लिखने वाला, लेखक (3)
24. युवावस्था, तारूर्ण्य (3)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्तमान दौर यह शाहर मूलतः, इंदौर का निवासी है (6)
2. कोई गूढ बात, माजरा, मुकदमा (3)
3. दुर्ग, कोटा, फोर्ट (2)
4. राजा या देवता के बैठने का आसन (4)
5. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
6. कुछ लाल या सुर्खी लिए हुए (4)
11. मनोरंजन करना, आमोद-प्रमोद करना (5)
14. मौजूदगी, विद्यमानता (3)
16. रति के पति होने के कारण कामदेव का एक नाम, मदन, मनोज (4)
17. ध्वनि करना, बजाना, घनकना (3)
20. सितार की तरह का एक वाद्य (3)
22. प्रभु, परमेश्वर (2)

### वर्ग पहेली 5585 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | म्मू | क | श्मी | र | ■ | सं | ग |
| यं | ■ | म | ■ | सा | म | वे | द |
| त | स्वी | र | ■ | य | ■ | द | र |
| ■ | ड | ■ | अ | न | म | ना | ■ |
| अ | न | ब | न | ■ | हे | ■ | सु |
| फ | ■ | ल | व | कु | श | ■ | न |
| सो | म | वा | र | ■ | ■ | मा | सा |
| स | ■ | न | त | ■ | पा | ल | न |

## आज का राशिफल

### मेष
आज भाग्य का साथ मिलेगा और आपको करियर के मामले में लाभ होगा। किसी देवस्थान की यात्रा करने से आपको सकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आप कहीं स्थान परिवर्तन के बारे में सोच सकते हैं। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद आपके पराक्रम में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी।

### वृष
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके जीवन में तरक्की के योग बन रहे हैं। आपसी वार्ता और व्यवहार में संयम रखने की जरूरत है। बेहतर होगा कि आप हर काम में सावधानी बरतें। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आए और हर प्रकार के विवाद से बचने की सलाह है। आपके घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

### कर्क
आज दिन लाभकारक है। आपके कार्य व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। आपको ऑफिस में कोई नया प्रॉजेक्ट काम करने को मिल सकता है। आपके जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

### सिंह
आज आपके आस-पास नया मौका है तो उससे आपको लाभ होगा। नई योजनाओं को बनाने में और उन्हें बेहतर ढंग से शुरू करने की तरफ रहेगा। कामकाज में कलात्मकता रहेगी। करीबी जन आपके काम में सहायक बनेंगे। यात्रा की संभावना भी बनती है। कमाई के लिहाज से आपके अभी प्रयास सफल रहेंगे।

### मिथुन
आज करियर में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। जो भी कार्य आप मेहनत के साथ करेंगे उसमें आपको सफलता प्राप्त होगी। शाम को कोई बड़ी डील आपके लिए फाइनल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है।

### कन्या
आज दिन परेशानियों और कठिनाइयों से भरा हो सकता ह। शाम के वक्त आपको लाभ के अवसर प्राप्त होंगे और आपके लिए तरक्की के संयोग बनेंगे। आपके लिए दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए प्रयास करते रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता बढ़ेगी।

### तुला
आज दिन काफी रचनात्मक है और आपको कारोबार में भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपकी तरक्की होगी और आपको किसी क्रियेटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने का मौका मिलेगा। जो काम आपको सबसे प्रिय है आज वहीं करने को मिलेगा। आज आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी आपके दिमाग मे आएंगी।

### वृश्चिक
आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपके भाग्य में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपका दिन काफी व्यस्त रखने वाला है, लेकिन आपको धर्म और आध्यात्म के मामले में पढ़ाई लिखाई करने का मौका मिलेगा। आपके भाग्य में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं।

### मकर
आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो आपको बड़ा लाभ होगा। आपको रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम में हाथ आजमाने से लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। शाम के वक्त आप सामाजिक कार्य में भाग लेंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी।

### कुंभ
आज अपने नूतन विचारों से व्यापार को चमकाने में कामयाब रहेंगे। आज संतान की सहायता से आपका अपने कारोबारियों के साथ संबंध मजबूत बनेंगे। हालांकि, आज आपके सामने एक के बाद एक कई खर्च आ सकते हैं। आज इस राशि की महिलाएं कपड़े और ज्वेलरी पर पैसा खर्च कर सकती हैं।आपके सम्मान में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### धनु
आज दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उस का फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम निपट जाएंगे और आप आगे की प्लानिंग कर सकते हैं। आपके घर में महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में अपने विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और साथी भी आपका सहयोग करेंगे। रात में कहीं शादी या फिर समारोह में जाने के बारे में योजना बन सकती है।

### मीन
आज प्रतिस्पर्धा से लाभ होगा। आज आपके प्रतिद्वंदी भी आपकी तारीफ करेंगे। अपने दैनिक रूटीन को लेकर सजग रहेंगे।ऑफिस को सुखदायक बनाने के लिए जरूरी सामान की खरीदारी की संभावना भी बन जाती है।काम में नई जान आएगी और आपको आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त होंगे। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी से लौट रही लड़की से छेड़छाड़, फिर अगवा करने की कोशिश

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में लड़की के साथ छेड़छाड़ की खबर सामने आई है। दिल्ली-मेरठ मार्ग पर बाइक सवार युवक ने मंगलवार रात ड्यूटी से लौट रही लड़की से छेड़छाड़ करते हुए उसे अगवा करने की कोशिश की। युवक ने करीब 500 मीटर तक लड़की का पीछा किया और जबरन बाइक पर बैठाने की कोशिश भी की। इस दौरान लड़की सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। हालांकि आरोपी कुछ कर पाते इससे पहले लोगों ने मनचले की पकड़कर धुनाई कर दी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक लड़की गाजियाबाद एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। उसने बताया कि मंगलवार रात वह नमो भारत ट्रेन से ड्यूटी से घर लौट रही थी। वह करीब 7.30 बजे मोदीनगर नार्थ स्टेशन पर उतरी। इसी दौरान एक बाइक सवार युवक उसके पीछे लग गया। लड़की ने एटीएम से पैसे निकाले। इसके बाद पैदल ही अपने घर की ओर जाने लगी। जानकारी के मुताबिक लड़की ने जैसे गंदा नाला पार किया तो बाइक सवार युवक उससे छेड़छाड़ करने लगा। इसके बाद उसने लड़की का दुपट्टा खींच लिया और बाइक बैठाने की कोशिश करने लगा। लड़की ने किसी तरह हिम्मत जुटाकर शोर मचा दिया। शोर सुनकर कुछ ही दूरी पर जिम कर रहे युवक दौड़े तो आरोपी मनचला भागने लगा। हालांकि युवकों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। मौके पर जमा भीड़ ने मनचले की जमकर धुनाई कर दी। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि मामला छेड़छाड़ का है। आरोपी दिलशाद सैफी निवासी सैदपुर हुसैनपुर थाना भोजपुर को हिरासत में ले लिया गया है।

### बंगाल सरकार गंगा सागर तीर्थयात्रियों के लिए पुल बनाने पर 1,500 करोड़ खर्च करेगी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार गंगासागर वार्षिक मेला आयोजन स्थल पर मुख्य भूमि को सागर द्वीप से जोड़ने वाली एक नदी पर पांच किलोमीटर लंबा पुल बनाएगी। बनर्जी ने कहा कि केंद्र ने इस संबंध में उनकी बार-बार की गई अपील पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चार लेन वाले पुल के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कर ली गई है। बनर्जी ने प्रस्तावित पुल का नाम 'गंगासागर सेतु' रखा और कहा कि राज्य इसके निर्माण पर 1,500 करोड़ रुपये खर्च करेगा, जिसकी निविदा जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा, ''हमने केंद्र सरकार से बार-बार पुल के लिए कहा, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसलिए, हमने इसे खुद बनाने का फैसला किया है। अपेक्षित सर्वेक्षण किया गया और परियोजना के लिए डीपीआर तथा निविदा पूरी हो गई। इसे बनाने में चार साल और लग सकते हैं।

### देश-विदेश में हैदराबाद की दो बहनें कुचिपुड़ी डांस में मचा रहीं धूम

**हैदराबाद , एजेंसी।** तेलंगाना के हैदराबाद की दो बहनें वामसवार्थिनी और विष्णुवंदना ने कुचिपुड़ी डांस में अपनी असाधारण प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रही हैं. बचपन से ही शास्त्रीय नृत्य में ट्रेनिंग लेने वाली दोनों बहनों ने अब तक भारत और विदेशों में 300 से अधिक मंचों पर शानदार परफोर्मेंस दी हैं. इस दौरान उन्होंने अपने एक्स्परेसिव मूव और त्रुटिहीन तकनीक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है. उनके समर्पण ने उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार दिलाए हैं, जिसमें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में मान्यता भी शामिल है. मुशीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के आदिकामेट के एक दंपति बाबूराव और धनलक्ष्मी ने अपनी बेटियों के डांस के प्रति जुनून को कम उम्र से ही पोषित किया. वे 10-11 साल की उम्र से ही दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं और अपने कुशल प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्राप्त कर रही हैं. अकादमिक रूप से उत्कृष्ट होने के बावजूद दोनों बहनें अपनी कला के प्रति गहराई से प्रतिबद्ध रहीं. उन्होंने अपनी पढ़ाई को कठोर डांस प्रैक्टिस के साथ संतुलित किया और अंततः भारतीय नाट्यमयूरी (2009), नृत्य कला रत्न पुरस्कार (2011) और स्त्री शक्ति पुरस्कार (2023) जैसे कई प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किए. वामसावर्तिनी और विष्णुवंदना ने अपनी अकादमिक और कलात्मक दोनों ही गतिविधियों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है. साथ ही वह तेलुगु यूनिवर्सिटी से एमपीए की डिग्री हासिल की है. उन्होंने पीएचडी भी की है. विष्णुवंदना भी उतनी ही निपुण हैं। उनके पास साइक्लॉजी और हिस्ट्री में एमएकी डिग्री है।

# संभल में एक और प्राचीन कुआं मिला, खुदाई की तैयारी, अन्य प्राचीन कुओं की तलाश जारी



**संभल, एजेंसी।**
उत्तर प्रदेश के संभल में एक और प्राचीन कुआं मिला है। जामा मस्जिद के मोहल्ला टंकी में प्राचीन कुआं भी मिला। नगर पालिका खुदाई करने जा रही है। इसके साथ अन्य प्राचीन कुओं की तलाश हो रही है। अब तक आधा दर्जन से अधिक प्राचीन और बंद किए जा चुके कुओं की खुदाई हो चुकी है।


आपको बता दें कि संभल हिंसा के बाद से क्षेत्र में लगातार सर्च अभियान जारी है। शनिवार को प्रशासन ने खग्गू सराय में 46 साल से बंद पड़े कार्तिक महादेव मंदिर का ताला खुलवाया था। इसके साथ ही एक के बाद एक खग्गुसराय, छंगामल कोठी, एजेंटी तिराहे पर बंद पड़े कुएं की खुदाई शुरू की गई। इसी बीच मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई, जिसमें दिखाया कि सरायतरीन के मुस्लिम बहुल कसावान मोहल्ले में भी प्राचीन मंदिर है।

प्राचीन कूपों की पहचान कर उनकी खुदाई कर जल संरक्षण, जल संभ्रण व धार्मिक दृष्टि को ध्यान में रख नगर पालिका अभिनव प्रयास कर रही है। जिसमें वह काफी सफल हो रहे हैं। मंगलवार को पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एक के बाद एक चार प्राचीन कुएं की खोज की गई है, जिन्हें पुन : जीवित करने के लिए खुदाई का कार्य शुरू करा दिया। सभी कुएं की खुदाई पांच से दस फिट तक हो चुकी है।

**शहर की प्राचीन मान्यता के अनुसार यहां 52 सराय, 68 तीर्थ और 19 कूपों का महत्व:** अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी ने बताया कि मंगलवार सुबह चमन सराय में बीवीएम स्कूल के पास एक प्राचीन कुआं मिला है, जिसे लोग छतरी वाले कुएं के नाम से जाना जाता था। उसके बाद निहारियो वाली मस्जिद, शाने वाले फाटक, और खग्गूसराय तिराहे पर भी प्राचीन कुएं मिले हैं। जिनकी खुदाई शुरू कर दी। सभी की पांच से दस फिट तक खुदाई करा दी गई है।

डा. तिवारी ने बताया कि यह कुएं जल संरक्षण और जल संभ्रण के रूप में काफी महत्वपूर्ण है। इससे पूर्व कार्तिकेश्वर महादेव मंदिर, छंगामल कोठी, और एजेंटी तिराहे पर भी पुराने कुएं मिले थे, जिनकी खुदाई पहले ही कराई जा चुकी है। डा. मणिभूषण तिवारी बताया कि संभल शहर की प्राचीन मान्यता के अनुसार यहां 52 सराय, 68 तीर्थ और 19 कूपों का महत्व रहा है। इन जल स्त्र्त्तेतों का अस्तित्व संभल की ऐतिहासिक पहचान के रूप में माना जाता है। इन कुएं की खुदाई का मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों को रिचार्ज करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान कैच द रेन, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और जल संरक्षण के तहत चलाया जा रहा है। कुओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और इसके साथ ही धार्मिक कार्यक्रमों को फिर से शुरू किया जाएगा।

# साबुन और दाल के पैकेट में 24 करोड़ रुपये की ड्रग्स, नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के बेंगलुरु में बेंगलुरु पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने 12 किलोग्राम एमडीएमए के साथ एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया है. ड्रग्स की कीमत 24 करोड़ रुपये बताई जा रही है. हैरान करने वाली बात यह है कि, ड्रग्स को दाल और साबुन के पैकेट में रखकर शहर में लाया जा रहा था. पुलिस के मुताबिक, पहली बार शहर में 24 करोड़ रुपये मूल्य के 12 किलोग्राम एमडीएमए जब्त किया गया है. पुलिस ने जिस विदेशी मूल की महिला को गिरफ्तार किया है उसका नाम रोजलिम है. 40 साल की यह महिला वीजा की अवधि समाप्त होने के बावजूद शहर में ही रह रही थी. खबर के मुताबिक, आरोपी आलीशान जिंदगी जीने के लिए अधिक पैसा कमाने के इरादे से इस अवैध तरीके को अपनाया था.

एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीसीबी ने छापा मारा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. शहर के पुलिस आयुक्त दयानंद ने बताया कि, छापेमारी के दौरान 70 सिम कार्ड जब्त किए गए. मामले में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है. पुलिस आयुक्त ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केआर पुरम थाने में एनडीपीएस और विदेशी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. मुंबई से सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदने वाली महिला आरोपी उन्हें दाल और साबुन के पैकेट में भरकर लाती थी, ताकि किसी को उन पर शक न हो.


# प्यार के जाल में फंसाकर बार-बार रेप, धर्मांतरण का भी खेल; फराज की शर्त पर गाजियाबाद में जिंदा जल गई लड़की

**गाजियाबाद , एजेंसी।**
गाजियाबाद में बीते 11 दिसंबर को युवती के आत्मदाह मामले में चौंकाने वाली वजह सामने आई है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि शाहदरा निवासी फराज अतर ने उनकी बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म किया। धर्मांतरण कराकर धोखा दे दिया। इससे आहत होकर बेटी ने आत्मदाह कर लिया। पुलिस ने युवक और उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कविनगर थानाक्षेत्र निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग ने बताया कि वह कारोबार करते थे। इससे अर्जित करीब 20 करोड़ रुपये की संपत्ति 30 वर्षीय बेटी के नाम की थी, जिसे हड़पने के लिए फराज ने बेटी को कई साल पहले प्रेमजाल में फंसा लिया। उसने खुद को अविवाहित बताते हुए बेटी को शादी का झांसा दिया था। इसके बाद उसका शारीरिक, मानसिक और आर्थिक शोषण किया।

फराज ने खुद पर कर्ज होने का हवाला देकर लाखों रुपये हड़प लिए। पीड़ित पिता के मुताबिक, कुछ माह से बेटी का व्यवहार बदल गया था। 14 नवंबर को वह बेटी के कमरे में गए तो उनके होश उड़ गए। बेटी दूसरे धर्म के क्रिया-कलाप कर रही थी। यह देखकर उन्हें ब्रेन अटैक आ गया, जिसके चलते उन्हें दिल्ली के निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बुजुर्ग के मुताबिक, 15 नवंबर को जब वह आईसीयू में भर्ती थे तो फराज बेटी के साथ उन्हें देखने पहुंचा। वहां फराज ने उनसे बेटी का हाथ मांगा। बुजुर्ग का कहना है कि वह मौत के करीब थे। फराज ने इसका फायदा उठाकर शादी के लिए हां करा ली। उसने अपने भाई कासिफ के कहने पर उनसे एक कागज पर हस्ताक्षर भी करा लिए, जिस पर लिखा था कि बेटी की दूसरे समुदाय के युवक से शादी पर कोई आपत्ति नहीं है। फराज ने भाई को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताया था। फराज ने उन्हें बेटी की कसम देकर कहा कि वह किसी परिजन को इस रिश्ते के बारे में न बताएं। डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने कहा, शाहदरा निवासी फराज अतर, उसके भाई कासिफ, मां माहे तलत और बहन सना समेत अन्य के खिलाफ धर्मांतरण, दुष्कर्म, आत्महत्या के लिए उकसाने तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। बुजुर्ग के मुताबिक, बेटी ने बताया था कि फराज संपत्ति हथियाने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए उसके साथ रहा।

# अगर राष्ट्रपति का चुनाव हो सकता है तो चुनाव आयुक्त का क्यों नहीं : उद्धव



**नागपुर, एजेंसी।**
एक देश, एक चुनाव बिल पर जारी गरमागरम बहस के बीच महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिव सेना (यूटीबी) के चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को एक नया राग छेड़ते हुए भारत के चुनाव आयुक्त के चुनाव की मांग कर दी है। ठाकरे ने कहा कि अगर देश के सर्वोच्च पद यानी राष्ट्रपति का चुनाव हो सकता है तो चुनाव आयुक्त का क्यों नहीं इसके साथ ही उद्धव ने कहा, अगर लोगों को ईवीएम पर संदेह है तो उसे दूर किया जाना चाहिए। एक बार बैलेट पेपर से मतदान होने दें। अगर उन्हें उतना ही बहुमत मिलता है तो उसके बाद कोई सवाल नहीं करेगा। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नागपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव प्रस्ताव के क्रियान्वयन से पहले पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की मांग की। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक लोकसभा में पेश करने का केंद्र का कदम देश के मुद्दों से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आयुक्तों का चुनाव भी मतदान के माध्यम से होना चाहिए, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि यह कैसे किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को लाडकी बहिन योजना के तहत महिलाओं को 2,100 रुपये प्रति माह देना चाहिए, जैसा कि पिछले महीने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया गया था। वर्तमान में, राज्य में महिलाओं को इस योजना के तहत 1,500 रुपये प्रति माह मिलते हैं। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक को सरकार ने विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच मंगलवार को निचले सदन में पेश किया। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां) संशोधन विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को निचले सदन में पुर : स्थापित करने के लिए रखा, जिनका विपक्षी दलों ने पुरजोर विरोध किया। सदन में मत विभाजन के बाद विधेयक को पुर : स्थापित कर दिया गया। विधेयक को पेश किए जाने के पक्ष में 269 वोट जबकि विरोध में 198 वोट पड़े। इसके बाद मेघवाल ने ध्वनिमत से मिली सदन की सहमति के बाद 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' को भी पेश किया।

ठाकरे ने कहा, ''एक राष्ट्र एक चुनाव (प्रस्ताव) देश को परेशान करने वाले मुद्दों से ध्यान हटाने का एक प्रयास है।'' शिवसेना (उबाठा) नेता ठाकरे ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाली प्रतिष्ठित पेंटिंग को साउथ ब्लॉक में सेना प्रमुख के एनेक्सी से नयी दिल्ली में मानेकशॉ सेंटर में स्थानांतरित करने को लेकर भी केंद्र की आलोचना की।

# घर के बाहर खेल रही 9 साल बच्ची को हस्की ने नोंचा, चेहरे पर पांच जगह कट के निशान; गुरुग्राम में मालिक पर केस



**गुरुग्राम , एजेंसी।**
गुरुग्राम में मंगलवार शाम साढ़े छह बजे सेक्टर-70ए स्थित बीपीटीपी एस्टेयर गार्डन सोसाइटी में एक पालतू कुत्ते ने नौ साल की एक बच्ची को बुरी तरह से नोंच दिया। बच्ची के चेहरे पर पांच जगह पर कट के निशान हैं। परिजन बच्ची को इलाज के लिए निजी अस्पताल में लेकर गए हैं। इस सिलसिले में पालतू कुत्ते के मालिक के खिलाफ पुलिस कंट्रोल रूम में शिकायत दे दी है। वहीं, सूचना मिलने पर आरडब्ल्यूए ने जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

अभी यह पता नहीं चल सका है कि पालतू कुत्ते ने बच्ची के मुंह पर काटा है या पंजा मारा है। शाम करीब साढ़े छह बजे सी ब्लॉक निवासी तन्मय सिंह की नौ साल की बच्ची घर से बाहर खेलने के लिए निकली थी। अभी वह थोड़ी दूरी पर ही गई थी कि हस्की नस्ल के कुत्ते ने उसका चेहरा बुरी तरह से नोंच डाला। बच्ची के पिता ने बताया कि बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचें है। पुलिस कंट्रोल रूम में सूचित कर दिया है। बच्ची के उपचार के बाद पालतू कुत्ते के मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस को लिखित शिकायत देंगे।

पालतू कुत्ते का मालिक एक प्रॉपर्टी डीलर बताया जा रहा है, जो इस सोसाइटी में किराये के फ्लैट में रहता है। उसके पिता इस पालतू कुत्ते को घर से बाहर घूमाने के लिए निकले थे। सोसाइटी के आरडब्ल्यूए के प्रधान निहार रंजन ने बताया कि पालतू कुत्ता रख रहे लोगों के लिए नियम बनाए हुए हैं। सभी को निर्देश जारी किए हुए हैं कि आक्रामक प्रवृति के पालतू कुत्ते के मुंह को मुखौटा (मजल) डालकर उसे बाहर घुमाएं। कुत्ते को पट्टा पहनाकर रखें, जिससे कि वह किसी को नुकसान नहीं पहुंचाएं। रंजन ने बताया कि बच्ची को काटने की सूचना उन्हें मिली है। इसके बारे में जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। पालतू कुत्ते के मालिक से संपर्क नहीं हो सका है। बच्ची की जख्मी हालत में सोसाइटी के व्हाट्सऐप ग्रुप पर फोटो देखी है। ऐसा लग रहा है कि पालतू कुत्ते ने उसके मुंह पर पंजा मारा है।

# गजब; गुरुग्राम में लूट रोकने गई पुलिस टीम से ही लूट की कोशिश, 3 दबोचे गए



**गुरुग्राम, एजेंसी।**
गुरुग्राम में बंदूक की नोक पर पुलिस टीम को लूटने की कोशिश के आरोप में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में दो पलवर जबकि एक गुरुग्राम का रहने वाला है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पलवल निवासी मोसिम खान (23) और सलीम खान (23) और गुरुग्राम निवासी जितेंद्र (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध पिस्तौल, एक जिंदा कारतूस और एक डंडा बरामद किया है। आरोपियों ने पुलिस टीम को तब निशाना बनाया जब वह लूटपाट रोकने जा रही थी।

पुलिस के अनुसार, सेक्टर-39 अपराध शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर विश्व गौरव को सूचना मिली कि सेक्टर-72 के निकट डीपीजी कॉलेज के निकट बदमाश लूटपाट की फिराक में हैं। इसके बाद गुरुग्राम सेक्टर 39 क्राइम यूनिट के प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव की अगुवाई में एक पुलिस टीम बनाई गई। टीम ने बदमाशों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जिनको लूटने का इरादा पाले हैं वे पुलिस के जवान हैं। इसके बाद आरोपी मौके से भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा करते हुए उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पलवल के पहचान का निवासी मोसिम खान, सलीम खान और जितेंद्र के रूप में हुई। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का पहले भी क्राइम का रिकॉर्ड रहा है। आरोपी मोसिम खांन पर मारपीट करने, शस्त्र अधिनियम के तहत दो केस जिला पलवल में, धोखाधड़ी से चोरी करने के दो केस राजस्थान में, चोरी करने के संबंध में दो मामले गुरुग्राम में, आरोपी सलीम खान पर धोखाधड़ी करने के संबंध में एक मामला जिला पलवल में, चोरी करने के संबंध में एक केस जिला गुरुग्राम में तथा आरोपी जितेंद्र पर एनडीपीएस एक्ट के तहत एक मामला जिला फतेहाबाद में दर्ज है।

# नेशनल गेम्सः वॉलंटियर बनने का क्रेज, तैयारी तेज

**विशेष संवाददाता | देहरादून**

38 वें नेशनल गेम्स की तेज होती तैयारियों के बीच वॉलंटियर बनने का जबरदस्त क्रेज है। कॉलेजों के छात्रों से लेकर रिटायर्ड आर्मी अफसर तक वॉलंटियर बनने के लिए लाइन में हैं। यही नहीं, उत्तराखंड से बाहर के अन्य प्रदेशों से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। स्थिति यह है कि रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा दस हजार तक पहुंचने वाला है। हालांकि विभाग की आवश्यकता दो से ढाई हजार वॉलंटियर्स की है। नेशनल गेम्स के शुभंकर समेत अन्य प्रतीकों की लॉंचिंग के बाद रजिस्ट्रेशन में तेजी आई है। नेशनल गेम्स सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार नेशनल गेम्स जैसे बड़े आयोजन के लिए सभी का सहयोग लिया जा रहा है। वॉलंटियर रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया फिलहाल गतिमान है। वॉलंटियर नेशनल गेम्स के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभाएंगे। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशांत आर्या ने बताया कि कई रिटायर्ड अफसरों ने भी वॉलंटियर बनने की इच्छा प्रकट करते हुए रजिस्ट्रेशन कराया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र व अन्य प्रदेशों से भी रजिस्ट्रेशन कराए जा रहे हैं। यदि आप नेशनल गेम्स में वॉलंटियर बतौर अपनी भूमिका निभाना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। आप खेल विभाग की वेबसाइट 38nguk.in पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह जरूरी है कि आपकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो। रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद आपके स्तर पर दी गई जानकारी के आधार पर चयन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। रजिस्ट्रेशन कराते वक्त आपको श्रेणियों के दो विकल्प मिलेंगे। इसमें से एक खेल पृष्ठभूमि को इंगित करता विकल्प होगा, जबकि दूसरा विकल्प सामान्य होगा। नेशनल गेम्स के वॉलंटियर के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आप विभाग से एक सर्टिफिकेट प्राप्त करने के अधिकारी हो जाएंगे। यह ई-सर्टिफिकेट होगा, जो कि रजिस्ट्रेशन कराने वाले हर एक को दिया जाएगा। वॉलंटियर बतौर चयनित हो जाने वालों को नेशनल गेम्स 2025 का सर्टिफिकेट अलग से मिलेगा। चयनित वॉलंटियर को विभाग के स्तर पर आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाएगा।



इसके बाद, उन्हें जरूरत के हिसाब से अलग-अलग जगहों पर तैनात किया जाएगा।

# नोएडा में 200 से ज्यादा इमारतों पर चल सकता है बुलडोजर, नोटिस देकर अथॉरिटी ने मांगा जवाब

**नोएडा , एजेंसी।**
नोएडा में अलग-अलग स्थानों पर 200 से अधिक अवैध इमारतें बनकर तैयार हो चुकी हैं। प्राधिकरण के सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। इनको नोटिस जारी करने शुरू कर दिए गए हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का कहना है कि जल्द इन इमारतों पर कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि ये अधिकतर इमारतें गांवों के बाहरी हिस्से में बनी हुई हैं। इनमें से अधिक इमारत में व्यावसायिक चीजें चल रही है। कई इमारतों में फ्लैट बनाकर बेचने का मामला सामने आया है। अधिकारियों का कहना है कि 15 मीटर से अधिक ऊंची इमारतें और बिना प्राधिकरण की अनुमति के बनी इमारतों को अवैध इमारत की श्रेणी में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले फेज में बरौला की 12 इमारतों को चिन्हित किया गया है, जिन पर कार्रवाई होगी। इनको नोटिस जारी कर 15 दिन में अपना पक्ष रखने का समय दिया गया था। इसकी मियाद पूरी होने जा रही है। इन इमारतों में शोरूम, फ्लैट बने है। शहर में सरकारी जमीन पर काफी संख्या में ऊंची इमारतें बन चुकी हैं। ये जमीन प्राधिकरण अधिसूचित है। एक-दो मंजिल बन जाने पर नोएडा प्राधिकरण अपने स्तर से इनको गिरा देता है। इससे अधिक ऊंची बन जाने पर सीलिंग के अलावा कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है।

# स्मृति मंधाना ने 1434 रन जड़कर मचाई खलबली



वर्ल्ड क्रिकेट में ठोका बड़ा दावा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** जैसे भारत के मेंस क्रिकेट में विराट कोहली हैं. वैसे ही महिलाओं की क्रिकेट में स्मृति मंधाना हैं. कमाल की बात ये है कि दोनों की जर्सी का नंबर भी 18 है. हालांकि, इस साल फॉर्म के मामले में मंधाना, विराट से काफी आगे रही हैं. मंधाना के फॉर्म का ताजा उदाहरण वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में किया उनका धमाका है. लेकिन, हम यहां मंधाना की सिर्फ उस एक इनिंग की बात नहीं करेंगे बल्कि उनके बल्ले से अब तक निकले उस पूरे 1434 रन की बात करेंगे, जिसके बाद खलबली मची है. और, जिसने मंधाना को एक बड़ी उपलब्धि को हासिल करने का टॉप कंटेंडर बना दिया है.

स्मृति मंधाना ने जड़े 1434 रन!

अब सवाल है कि स्मृति मंधाना ने 1434 रन जड़े कैसे? तो इन 1434 रनों का कनेक्शन इस साल उनके बल्ले से निकले टोटल रन से है. क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर स्मृति मंधाना ने इस साल 1434 रन जड़े हैं. रनों के इसी करिश्माई आंकड़े के चलते स्मृति वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि को पाने की टॉप कंटेंडर भी बन चुकी है. ये बड़ी उपलब्धि आईसीसी वुमन क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड है, जिसकी वो हकदार हो सकती हैं.

### तीनों फॉर्मेट मिलाकर ठोके अब तक 1434 रन, 5 शतक

स्मृति मंधाना ने साल 2024 में वनडे क्रिकेट में अब तक 59.90 की औसत से 599 रन बनाए हैं. वहीं टी-20 में उनके इस साल अब तक 40.4 की औसत से 686 रन हैं. जबकि टेस्ट में 149 की औसत से मंधाना ने 149 रन बनाए हैं. इस साल अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट में मंधाना ने 5 शतक और 8 अर्धशतक जड़े हैं. स्मृति मंधाना की आईसीसी की रैंकिंग में तो धाक पहले से है, जहां वो वनडे और टी20 में टॉप 3 में मौजूद पहली खिलाड़ी हैं. इस पूरे साल क्रिकेट की पिच पर भी उनका जलवा दिखा है. आंकड़े उसकी कहानी भी कह रहे हैं. यही वजह है कि मंधाना को आईसीसी वुमन क्रिकेट ऑफ द ईयर के कंटेंडर के तौर पर देखा जा रहा है.

### मंधाना बना सकती हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड

स्मृति मंधाना वेस्टइंडीज के खिलाफ बैक टू बैक फिफ्टी जड़ चुकी हैं. पहले टी-20 में उन्होंने 54 रन जबकि दूसरे में 62 रन बनाए. अब अगर वो तीसरे टी-20 में भी अर्धशतक जड़ती हैं तो अपने करियर में 30वीं बार ऐसा करते हुए सूजी बेट्स से आगे निकल जाएंगी और सबसे ज्यादा टी-20 अर्धशतक का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना देंगी.

## अपने आप टीम छोड़ देंगे रोहित, गावस्कर ने हिटमैन के करियर पर ये क्या कह दिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा मैच गाबा में खेला जा रहा है. इस सीरीज में अब तक भारतीय टीम के कई खिलाड़ियों की खराब फॉर्म सामने आ चुकी है. विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ी सस्ते में आउट हो रहे हैं. क्रिकेट के दिग्गजों के अलावा आलोचक भी इन खिलाड़ियों की फॉर्म पर सवाल उठा रहे हैं. हाल ही में रोहित शर्मा की खराब फॉर्म और टीम इंडिया की हार को देखते हुए उनकी कप्तानी पर भी सवाल उठ रहे हैं. सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा की कप्तानी पर सवाल उठाए हैं.

### रोहित शर्मा की कप्तानी पर उठे सवाल


रोहित शर्मा इन दिनों टेस्ट क्रिकेट में अपनी फॉर्म को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं. दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने हाल ही में कहा था कि अगर रोहित मेलबर्न और सिडनी में होने वाले अगले दो टेस्ट मैचों में रन बनाने में नाकाम रहते हैं तो वह खुद टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला कर सकते हैं.

सुनील गावस्कर ने मंगलवार को बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि रोहित को अगले दो मैचों में खेलने का मौका मिलेगा. लेकिन अगर वह रन नहीं बना पाए, तो मुझे विश्वास है कि वह खुद ही कप्तानी छोड़ देंगे. वह भारतीय क्रिकेट के लिए बेहद समर्पित हैं और टीम पर बोझ नहीं बनना चाहेंगे.

### पुजारा-कार्तिक ने दिए अहम सुझाव

बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि रोहित की समस्या स्टंप लाइन पर गेंदों से जुड़ी है. उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, स्टंप लाइन की गेंदें उन्हें बार-बार परेशान कर रही हैं. वह लगातार एलबीडब्ल्यू और बोल्ड हो रहे हैं, जो उनके लिए बड़ी चुनौती बन गई है. वहीं, विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का कहना है कि रोहित की गिरती फॉर्म का कारण उनकी आत्मविश्वास की कमी हो सकती है. कार्तिक ने बातचीत में कहा, रोहित शर्मा 17 साल से इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं. उनकी तकनीक पर सवाल उठाना गलत होगा. हालांकि, उन्हें इस समय आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए खुद को साबित करना होगा.

## चंडीगढ़ के अयान गुप्ता रहे बेस्ट गोल्फर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** 123वीं आईजीयू ऑल इंडिया गोल्फ चैम्पियनशिप में चंडीगढ़ के अयान गुप्ता बेस्ट गोल्फर रहे। इंडियन ऑयल कारपोरेशन से स्पॉन्सर्ड अयान ने अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। चंडीगढ़ गोल्फ टूर्नामेंट में वे सेमीफाइनल तक पहुंचे और करीबी मुकाबले में उन्हें हार झेलनी पड़ी।

अयान ने लगातार दो मैच जीतने के बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसमें टॉप-8 गोल्फर्स खेल रहे थे। सेमीफाइनल में वरुण मुथप्पा को उन्होंने कड़ी चुनौती दी। 18 होल तक अपना बेस्ट करने के बाद उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई। यहां करीबी अंतर से उन्हें 19वें होल पर हार का सामना करना पड़ा। वे अंत तक लड़ते रहे, लेकिन 1 अप शॉट की वजह से उन्हें बाहर होना पड़ा। इसके बाद भी उन्होंने बेस्ट सिटी गोल्फर का टैग अपने नाम कर लिया। वे 88 गोल्फर्स के बीच टॉप-5 में शामिल रहे।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भयंकर बदलाव, हैरी ब्रूक की कुर्सी छिनी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने एक बार फिर से नई रैंकिंग जारी कर दी है। आज ही भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला खत्म हुआ है। इसके बाद ही आईसीसी ने नई रैंकिंग जारी कर दी है।




हालांकि ये मैच चुंकि आज तक चला है, इसलिए उसके आंकडे रैंकिंग में नहीं जोड़े गए हैं। इसके बाद भी नई रैंकिंग में कई सारे फेरबदल हो गए हैं।

खास तौर पर नंबर वन की कुर्सी में फिर से बदलाव हो गया है। हैरी ब्रूक इससे पहले नंबर एक बल्लेबाज थे, लेकिन अब वे नीचे आ गए हैं। जो रूट ने फिर से नंबर एक की कुर्सी पर कब्जा कर लिया है।

# गाबा टेस्ट ड्रॉ पर छूटा बारिश बनी विलेन...




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का तीसरा मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हो गया. ब्रिस्बेन के गाबा में आज (18 दिसंबर) मैच का आखिरी और पांचवां दिन था. मैच पहले खराब रोशनी और फिर बारिश के कारण रोका गया. इसके बाद इस मुकाबले को दोनों कप्तानों की रजामंदी से ड्रॉ करने का फैसला किया गया. जब मैच रुका तो यशस्वी जायसवाल (4) और केएल राहुल (4) क्रीज पर थे. वहीं भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 8/0 का स्कोर बना लिया था. ट्रेविस हेड को प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया, उन्होंने पहली पारी में शानदार 151 रन जड़े थे. 5 मौचों की यह सीरीज 1-1 से बराबरी पर है. सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 26 दिसंबर (बॉक्सिंग-डे टेस्ट) से मेलबर्न में खेला जाएगा.

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी 89/7 पर घोषित की. इस तरह भारत के सामने 275 रनों का टारगेट मिला, जो उसे 54 ओवर्स में कंपलीट करना था.भारतीय टीम पहली पारी में 260 रनों पर ऑलआउट हो गई.

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे.क्व्नज्ञ सीरीज के पर्थ में हुए पहले मुकाबले में भारतीय टीम ने 295 रनों से जीत दर्ज की, वहीं एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से जीत दर्ज की थी.

देखा जाए तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन गाबा के मैदान पर इससे पहले सात टेस्ट खेले गए थे. इस दौरान भारतीय टीम को 5 मुकाबलों में हार मिली और एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा. गाबा में भारतीय टीम को इकलौती टेस्ट जीत जनवरी 2021 में मिली थी. तब उसने अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराया था.


## गाबा में रविचंद्रन अश्विन ने किया संन्यास का ऐलान, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बीच लौटेंगे घर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार (18 दिसंबर) को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान करके चौंका दिया। 14 साल के करियर में भारत के इस दिग्गज स्पिनर ने 537 विकेट लिए। वह टेस्ट में भारत के लिए दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन विराट कोहली को रविचंद्रन अश्विन से गले मिलते देखा गया। इसके बाद अश्विन के संन्यास के कयास लगाए जाने लगे। टेस्ट मैच ड्रॉ होने के बाद वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में पहुंचे और संन्यास की पुष्टि कर दी। रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि अश्विन टीम के साथ नहीं रुकेंगे। अश्विन ने 14 साल के शानदार करियर का अंत किया और 106 टेस्ट में 537 विकेट लेकर भारत के दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। 38 वर्षीय अश्विन ने 37 बार टेस्ट में पांच विकेट लिए। वह इस मामले में मुथैया मुरलीधरन (67) के बाद दूसरे नंबर पर रहे। 2011 और 2013 में भारत की वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीत का हिस्सा रहे। तमिलनाडु के स्पिनर ने सभी प्रारूपों में कुल मिलाकर 765 विकेट हासिल किए, जो अनिल कुंबले के 956 विकेटों के बाद दूसरे सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर 11वें सबसे ज्यादा विकेट हैं।




**100 डब्ल्यूटीसी विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज**

अश्विन ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 3 साइकल के दौरान अपना दबदबा दिखाया। अश्विन 100 डब्ल्यूटीसी विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं और वर्तमान में 41 मैचों में 195 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन (190) हैं। अश्विन ने गेंदबाजी के अलावा बल्ले से भी योगदान दिया।



## गूगल भी हुआ बुमराह का फैन, किया ट्विट- मैं केवल जस्सी भाई पर विश्वास करता हूं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) का चौथा दिन टीम इंडिया के लिए दृढ़ संघर्ष का दिन था। भारतीय गेंदबाज़ जसप्रित बुमरा और आकाश दीप ने ब्रिस्बेन टेस्ट के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई टीम को एक बार फिर से बल्लेबाजी करने के लिए फॉलोऑन न देकर संभावित और शर्मनाक पारी की हार को टाल दिया। फॉलो-ऑन और संभावित पारी की हार से बचने की चुनौती के साथ, केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के अर्धशतकों के साथ-साथ बुमराह और आकाश दीप के बीच साझेदारी ने भारत को चौथे दिन का अंत 252/9 पर करने में मदद की। महत्वपूर्ण पारियों ने भारत को टेस्ट में लड़ने का मौका दिया, जो अब तक लगातार बारिश से प्रभावित रहा है।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 76 रन देकर छह विकेट लेने के बाद भारतीय क्रिकेट प्रशंसक बुमराह के महत्वपूर्ण रनों का शुक्रिया अदा नहीं कर सके। आभार में शामिल होते हुए त्रश्शद्द्ग्यद्ग ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्ड ने भी बुमराह के लिए एक प्रशंसा पोस्ट साझा की, जिसे प्यार से जस्सी भाई कहा जाता है।

## डोपिंग में फेल होने के बाद चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक पर लगा सस्पेंशन




**नई दिल्ली,एजेंसी।** चेल्सी के फॉरवर्ड माइखाइलो मुडरीक को डोपिंग टेस्ट में फेल होने के बाद अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दिया गया है। फुटबॉल एसोसिएशन ने यूरीन टेस्ट के नतीजों के आधार पर क्लब से संपर्क किया था। मुडरीक ने हालांकि डोपिंग से इनकार किया है और उनका कहना है कि वह ऐसे पदार्थों का कभी सेवन नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि वह इस मामले की जांच करेंगे और आगे की प्रक्रिया पर विचार कर रहे हैं। मुडरीक ने अपने बयान में कहा, मैं यह पुष्टि कर सकता हूं कि फुटबॉल एसोसिएशन को दिए गए मेरे सैंपल में एक प्रतिबंधित पदार्थ मिला है। यह मेरे लिए बेहद चौंकाने वाली बात है क्योंकि मैंने कभी जानबूझकर किसी प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन नहीं किया और न ही किसी नियम को तोड़ा। मैं अपनी टीम के साथ मिलकर यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि यह कैसे हुआ। मुझे भरोसा है कि मैंने कुछ गलत नहीं किया है और मैं जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की उम्मीद करता हूं। गोपनीयता के चलते मैं अभी ज्यादा कुछ नहीं कह सकता, लेकिन जैसे ही संभव होगा, मैं और जानकारी दूंगा।

मुडरीक के सैंपल में जो पदार्थ मिला है, उसे 'मेल्डोनियम' कहा जा रहा है। यह एक परफॉर्मेंस-बढ़ाने वाली दवा है, जिसे जनवरी 2016 में वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) ने प्रतिबंधित सूची में शामिल किया था। चेल्सी फुटबॉल क्लब ने भी बयान जारी करते हुए कहा, हमें फुटबॉल एसोसिएशन ने हमारे खिलाड़ी मायखाइलो मुद्रिक के एक सामान्य टेस्ट में खराब नतीजे की जानकारी दी है। क्लब और मुडरीक दोनों एफए के टेस्टिंग प्रोग्राम का समर्थन करते हैं। सभी खिलाड़ियों का नियमित रूप से परीक्षण किया जाता है।

मुडरीक ने साफ कहा है कि उन्होंने कभी किसी प्रतिबंधित पदार्थ का जानबूझकर इस्तेमाल नहीं किया। अब क्लब और मायखाइलो मिलकर इस मामले की जांच करेंगे कि ऐसा क्यों हुआ। मुडरीक को जनवरी 2023 में चेल्सी ने लगभग 89 मिलियन पाउंड की बड़ी डील पर साइन किया था। उन्होंने चेल्सी के साथ आठ साल से अधिक का करार किया है, जो जून 2031 तक चलेगा।

हालांकि क्लब में अब तक उनका प्रदर्शन बहुत प्रभावी नहीं रहा है। उन्होंने 73 मैच खेले हैं, जिसमें सिर्फ 10 गोल और 9 असिस्ट किए हैं। ज्ञात हो कि, हाल के समय का सबसे बड़ा डोपिंग केस पॉल पोग्बा का है, जिन्हें टेस्टोस्टेरोन-बढ़ाने वाले पदार्थ के उपयोग पर चार साल के लिए बैन किया गया था।

**साउथअफ्रिका वर्सेस पाकिस्तानः**

## सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर बना डाला महारिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में पाकिस्तान की टीम ने मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पहले मुकाबले में 3 विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान को मिली इस जीत में टीम के युवा ओपनर बल्लेबाज सईम अयूब की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। सईम अयूब ने अपनी पारी के दम पर पाकिस्तान की जीत का




आधार रखा और इसके दम पर ही टीम को प्रोटियाज पर जीत हासिल हुई।

सईम अयूब ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे प्रारूप में पहला शतक लगाया साथ ही साथ ये क्रिकेट के इस प्रारूप में उनका दूसरा शतक भी रहा। सईम अयूब का वनडे प्रारूप में ये साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेस्ट स्कोर भी साबित हुआ साथ ही इस शतकीय पारी के दम पर उन्होंने वनडे प्रारूप में एक महारिकॉर्ड भी अपने नाम पर दर्ज कर लिया। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सईम अयूब ने पाकिस्तान के लिए ओपन करते हुए 119 गेंदों पर 109 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने 3 छक्के और 10 चौके भी लगाए। सईम अयूब ने इस मैच में अपना शतक कगिसो रबाडा की गेंद पर छक्का लगाकर पूरा किया। इस शतकीय पारी के साथ सईम अयूब साउथ अफ्रीका में वनडे प्रारूप में रन चेज करते हुए सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने ये वनडे शतक 22 साल 207 दिन की उम्र में लगाया और यह महारिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। यही नहीं वो पाकिस्तान की तरफ से भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे में सबके कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बने। साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में शतकीय पारी के साथ-साथ सईम अयूब ने 7 ओवर गेंदबाजी करते हुए 34 रन दिए और एक विकेट भी लिया।

आपको बता दें कि पहले वनडे मैच में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीता था और फिर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 239 रन बनाए।

पाकिस्तान को जीत के लिए 240 रन का टारगेट मिला था और फिर दूसरी पारी में इस टीम ने 49.3 ओवर में 7 विकेट पर 242 रन बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया।

